# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, मंगलवार 12 मई 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 352 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित





झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी और इंडस्ट्री फाउंडेशन के बीच ऐतिहासिक समझौता

## केन्द्रीकृत अनुश्रवण प्रणाली के जरिए की जाएगी छोटे-बड़े उद्योगों की निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण सह उद्योग मंत्री संजय यादव ने राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को बदलने और मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बड़े बदलावों का संकेत दिया है। सोमवार को जमशेदपुर के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि अब राज्य के सभी छोटे-बड़े उद्योगों की निगरानी रांची से सेंट्रलाइज्ड मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिए की जाएगी। मंत्री संजय यादव ने तमिलनाडु में हुई हालिया औद्योगिक दुर्घटना का हवाला देते हुए कहा कि ऐसी हृदयविदारक घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए सरकार गंभीर है। उन्होंने कहा कि मैंने खुद घटनास्थल पर जाकर मजदूरों की स्थिति देखी है। झारखंड में सुरक्षा मानकों का 100% अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। कोई भी कर्मचारी चप्पल पहनकर ड्यूटी पर नहीं आएगा। सेफ्टी किट और प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य होगा।



अगले सप्ताह इस संबंध में राज्य के सभी कंपनी मालिकों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई है जिसमें श्रम कानूनों को सख्ती से लागू करने पर चर्चा होगी। उद्योगों में आउटसोर्सिंग और अस्थायी कर्मचारियों के बढ़ते चलन पर कड़ा रुख अपनाते हुए मंत्री ने कहा कि यदि कंपनियां स्थायी प्रकृति के काम के लिए अस्थायी मजदूरों का उपयोग करती हैं तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मजदूरों को सीधे उनसे शिकायत करने का भी भरोसा दिया। पलायन के मुद्दे पर बोलते हुए संजय यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विदेश यात्रा के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। कई बड़े निवेशकों ने झारखंड में यूनिट लगाने की सहमति दी है। सरकार इन कंपनियों की जरूरतों के अनुसार अपनी औद्योगिक नीति में बदलाव कर रही है। मंत्री ने दोहराया कि जब एक मजदूर की जान जाती है, तो पूरा परिवार बिखर जाता है, इसलिए सरकार का पूरा जोर 'जीरो एक्सीडेंट' और 'पूर्ण श्रम कानून अनुपालन' पर है।

## स्कूली बच्चों से भरी पिकअप वैन पलटी

**लातेहार (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र में सोमवार को एक सड़क हादसा हो गया। स्कूल की छुट्टी के बाद संत क्लारेट लेदगाई स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही एक पिकअप वैन ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गाई। इस दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक स्कूली बच्चे घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन तेज रफ्तार में चल रहा था। इसी दौरान चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया लेकिन संतुलन बिगड़ने से वैन पलट गई। दुर्घटना के तुरंत बाद चालक मौके से फरार हो गया। घायल बच्चों को आनन-फानन में बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मिशन हॉस्पिटल और गांधी जी मेडिकल्स में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सभी बच्चे फिलहाल खतरे से बाहर हैं। हालांकि दो बच्चों के हाथ में गंभीर फ्रैक्चर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर किया गया है। रेफर किए गए बच्चों में रेलवे कॉलोनी निवासी बद्री प्रसाद के 9 वर्षीय पुत्र कृति रंजन और आदर्शनगर निवासी पप्पू कुमार की 14 वर्षीय पुत्री शिवंशी वर्मा शामिल हैं।

## अज्ञात वाहन ने नाना-नाती को कुचला, मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चतरा।** जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक सड़क हादसे में नाना और नाती की मौत हो गई। बगरा स्थित कसारी मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने लूना सवार दोनों को टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान बरियातू थाना क्षेत्र के जबरा निवासी 60 वर्षीय सुकर प्रजापति और उनके 14 वर्षीय नाती आलोक प्रजापति के रूप में हुई है। आलोक कान्हाचट्टी थाना क्षेत्र के चिरीदिरी गांव का रहने वाला था और अपने नाना के घर आया हुआ था। सुकर प्रजापति अपने नाती आलोक के साथ जिरुआखुर्द पंचायत के सलगी गांव में एक रिश्तेदार के घर रिसेप्शन पार्टी में शामिल होने गए थे। समारोह से लौटने के दौरान वे लूना मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर जबरा लौट रहे थे। सिमरिया के कसारी मोड़ के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय राहगीरों ने सिमरिया थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई पूरी की और पोस्टमॉर्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। सिमरिया पुलिस दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर अज्ञात वाहन की पहचान करने में जुटी है। मृतकों के परिजनों ने मुआवजे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। हादसे की खबर गांव पहुंचते ही इलाके में शोक छा गया। मृतक बुजुर्ग के बड़े बेटे अनुज प्रजापति ने बताया कि उनके पिता और भांजा रिसेप्शन पार्टी से लौट रहे थे तभी यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि उनके घर की माली हालत बेहद दयनीय है और पिता के जाने के बाद परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। परिजनों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### संक्षिप्त समाचार

#### बरवां नदी पुल से नीचे गिरा ई-रिक्शा

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के ईचाक थाना क्षेत्र में यात्रियों से भरी एक इलेक्ट्रिक टोटो (ई-रिक्शा) अनियंत्रित होकर बरवां नदी में गिर गई। इस दुर्घटना में टोटो पर सवार सभी आठ यात्री घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

#### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रिखिया थाना क्षेत्र में तालाब में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान नीरज कुमार के रूप में हुई है। इस घटना से क्षेत्र में दुख का माहौल है। जानकारी के अनुसार नीरज कुमार अपने तीन दोस्तों के साथ गांव के पास स्थित तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

#### रेलकर्मी के घर से आठ लाख की चोरी

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पंडवा थाना क्षेत्र के गाड़ीखास गांव में रेलकर्मी के घर से करीब आठ लाख रुपये की संपत्ति चोरी हो गई। इस संबंध में रेलकर्मी के पिता बीरबल मेहता ने पंडवा थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बीरबल मेहता के दो बेटे रेलवे में कार्यरत हैं जिनमें से एक की पोस्टिंग बरवाडीह में और दूसरे की रांची में है। घटना के समय घर में केवल बीरबल मेहता और उनकी पत्नी मौजूद थे।

#### कंप्रेशर लगा ट्रैक्टर समेत पोकलेन जब्त

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** गांडेय के करमाटांड़ में संचालित पत्थर के अवैध खदान पर छापेमारी हुई है। इस कार्रवाई को लेकर प्रशासन ने प्राथमिकी भी दर्ज की है। डीसी रामनिवास यादव एवं एसपी डॉ. विमल के निर्देश पर अंचलाधिकारी मो. हुसैन के नेतृत्व में छापा मारा गया है। यहां से एक पोकलेन मशीन और दो ट्रैक्टर (कंप्रेशर लगा हुआ) को जब्त किया गया है। इस मामले को लेकर सीओ ने लिखित शिकायत की है जिसके आधार पर गांडेय थाना में कांड संख्या 22/26 अंकित किया गया है।

#### अपार कार्ड बनाने में देवघर फिसड्डी

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** बच्चों की शैक्षणिक पहचान और उनके अकादमिक रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के लिए बनाए जा रहे अपार कार्ड को लेकर जिले में गंभीर स्थिति देखने को मिल रही है। जिले में नए छात्रों का अपार कार्ड नहीं बन पाने के कारण स्कूलों में नामांकन प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है।

## ज्वेलरी लूटकांड में मुख्य आरोपित की पत्नी और दामाद गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** जिले के बहुचर्चित रजरप्पा ज्वेलरी लूटकांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल ने कांड के मुख्य आरोपी सुभानी अंसारी उर्फ ललका की पत्नी और दामाद को गिरफ्तार किया है। दोनों की निशानदेही पर लूटे सोना-चांदी को भी बरामद कर लिया गया है। अब तक इस कांड में नौ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बता दें कि 21 अप्रैल 2026 को दिनदहाड़े रजरप्पा थाना क्षेत्र के चितरपुर-रजरप्पा मोड़ स्थित शिव शंकर ज्वेलर्स में हथियारबंद आधा दर्जन अपराधियों ने धावा बोलकर दिनदहाड़े करोड़ों के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए थे। घटना के बाद रामगढ़ एसपी ने 48 घंटे के भीतर सात अपराधियों को गिरफ्तार कर लगभग 180 आभूषण, एक पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, तीन बाइक, एक चारपहिया वाहन और अन्य सामान बरामद किए थे। इस मामले में अन्य संलिप्त अपराधियों को लेकर छापेमारी और जांच चल रही थी। इसी क्रम में 10 मई को गुप्त सूचना के आधार पर कांड का मुख्य आरोपी सुभान अंसारी उर्फ ललका के घर से पुलिस ने उसकी पत्नी बरकट्ठी निवासी नाजमा खातून और उसके दामाद शहनवाज हुसैन को गिरफ्तार किया। उनके घर से करीब 49 ग्राम सोना तथा लगभग 1.35 किलोग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए गए। रामगढ़ एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि जल्द ही इस पूरे मामले में अन्य अपराधियों की भी गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश कर बाकी लूटे आभूषण भी बरामद कर लिए जाएंगे।

## एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिद्धगोड़ा थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी गई। वारदात के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। घटना सिद्धगोड़ा थाना क्षेत्र के एग्रिको रोड नंबर 2 के क्वार्टर एल3-13 में हुई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि टाटा स्टील के 62 साल के रिटायर्ड कर्मचारी रवीन्द्र सिंह ने ही अपनी 55 साल की पत्नी सरिता सिंह, 30 साल के बेटे अभिषेक कुमार और 31 साल की बेटी की हत्या कर दी। रवीन्द्र सिंह ने टांगी से उनकी हत्या कर दी और घटना के बाद घर पर ही बैठा रहा। जानकारी के मुताबिक रवीन्द्र सिंह की बेटी की शादी करीब छह महीने पहले हुई थी और वह गर्भवती बताई जा रही है। सोमवार सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपी से



पूछताछ और साक्ष्य इकट्ठा करना शुरू कर दिया है। आस-पास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल के बाहर जमा हो गए। सिटी एसपी ललित मीणा ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। जल्द ही पूरी कहानी सामने आ जाएगी। पुलिस फिलहाल शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। रवीन्द्र सिंह को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी रवीन्द्र सिंह इसी साल फरवरी में टाटा स्टील से रिटायर हुआ था। पड़ोसियों का कहना है कि परिवार सामान्य रूप से रहता था। उनका किसी से कोई विवाद नहीं था। मौके पर पहुंचे दामाद ने पुलिस को बताया कि उसने पिछली रात अपने ससुर से बात की थी और कहा था कि वह घर आ रहा है। बातचीत बिल्कुल सामान्य रूप से हुई थी। वहीं सिद्धगोड़ा पुलिस आस-पास के लोगों से पूछताछ कर रही है। जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। मौके पर पहुंचे एसपी ऋषभ त्रिवेदी ने बताया कि घर के अलग-अलग कमरों में वारदात को अंजाम दिया गया है। पत्नी की हत्या किचन में की गई। उन्होंने बताया कि आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद घर पर ही रहा। पूछताछ में उसने बताया कि वह मानसिक रूप से ठीक नहीं है और उसने अपने मोबाइल फोन का पासवर्ड भी नहीं बताया। सभी के मोबाइल फोन नंबर की जांच की जाएगी। एएसपी ने बताया कि आरोपी अभी पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है लेकिन जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

## लाराबाद के पास से अधेड़ का शव बरामद

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के तिलैया-जयनगर मुख्य मार्ग स्थित लाराबाद के पास ढाबे के पीछे एक शव बरामद हुआ है। शव मिलने की सूचना के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय रामजी यादव के रूप में की गई है जो कोडरमा थाना क्षेत्र के गरहाई का रहने वाला बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पिपराडीह गांव के कुछ लोग टहलने के लिए खेत की ओर गए हुए थे इसी दौरान उनकी नजर खेत में बेसुध पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी। बाद में पता चला कि व्यक्ति की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## श्रद्धालुओं से छिनतई करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** पुलिस ने श्रद्धालुओं को निशाना बनाकर मोबाइल और कीमती सामान की छिनतई करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी अपराधी देवघर के ही रहने वाले बताए जा रहे हैं और पूर्व में भी कई अपराध में इनकी संलिप्तता पाई गई है। देवघर एसपी प्रवीण पुष्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में सत्संग चौक और पटेल चौक इलाके में छिनतई की दो घटनाएं सामने आई थी। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए देवघर एसडीपीओ अशोक सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने महज दो दिनों के भीतर कार्रवाई करते हुए गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक मोबाइल दुकानदार भी शामिल है जो चोरी किए गए मोबाइल का लॉक तोड़कर उसे बेचने का काम करता था। आरोपियों में अनिकेत कुमार, अमन चौधरी, विजय चौधरी और एक मोबाइल दुकानदार शामिल हैं। इनके पास से 11 मोबाइल और दो चोरी के मोटरसाइकिल भी बरामद हुए हैं। अनिकेत कुमार पहले भी कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रह चुका है। एसपी ने बताया कि यह गिरोह देवघर आने वाले सीधे-सादे श्रद्धालुओं को निशाना बनाता है। गिरोह के सदस्य मौका मिलते ही उनके मोबाइल फोन और अन्य महंगे सामान छीनकर फरार हो जाते हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी तकनीक का इस्तेमाल कर साइबर अपराध से जुड़ी घटनाओं को भी अंजाम देते थे। पुलिस सभी मामलों की गहन जांच कर रही है। जिन-जिन घटनाओं में इन आरोपियों की संलिप्तता सामने आएगी उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार इस पूरे नेटवर्क में कई अन्य लोगों के शामिल होने की भी आशंका है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य संदिग्धों की तलाश की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही गिरोह से जुड़े अन्य लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## तेज रफ्तार बुलेट ने बाइक को टक्कर मारी, महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर-रांची फोरलेन पर रविवार रात हुए सड़क हादसे में एक शिक्षक की पत्नी की मौत हो गई। मृतका की पहचान सतबरवा थाना क्षेत्र के बारी गांव स्थित मिडिल स्कूल के शिक्षक मो. अशरफ अंसारी की पत्नी नसीमा खातून के रूप में हुई है। यह हादसा जोरकट टोल नाका के पास उस समय हुआ जब शिक्षक अपनी पत्नी और पांच वर्षीय बेटी के साथ बाइक से अपने गांव झाबर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बुलेट बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नसीमा खातून उछलकर डिवाइडर से जा टकराईं। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शिक्षक मो. अशरफ अंसारी को पैर में हल्की चोटें आईं जबकि उनकी पांच वर्षीय बेटी सुरक्षित बच गई। बेटी को शिक्षक ने गमछे से कमर में बांध रखा था। मो. अशरफ परिवार के साथ चैनपुर के शाहपुर में बन रहे अपने नए मकान का काम देखने गए थे और रविवार शाम को लौट रहे थे। सदर थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बुलेट बाइक को जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि टक्कर मारने वाला युवक शहर के एक व्यवसायी का पुत्र है और उसे भी चोटें आई हैं। मृतका के शव का सोमवार को पोस्टमार्टम कराया गया।


## विस्थापितों का बेहतर पुनर्वास उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गढ़वा।** शहीद नीलांबर-पीतांबर उत्तरी कोयल परियोजना (मंडल डैम) के बचे हुए कार्यों को गति देने के लिए सोमवार को समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अनन्य मित्तल ने स्पष्ट किया कि विस्थापितों का बेहतर पुनर्वास और उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुनर्वास स्थलों पर चल रहे निर्माण कार्यों को जल्द धरातल पर उतारें। उपायुक्त ने रंका अंचल के विश्रामपुर और रमकंडा अंचल के बलिगढ़ में चिन्हित पुनर्वास स्थलों पर समतलीकरण, सड़क, सिंचाई, पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्र, बिजली, पूजा स्थल और धुमकुड़िया भवन जैसी



सुविधाओं को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक तक सभी संरचनाओं का डीपीआर तैयार कर अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुआवजा वितरण की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुल 338 लाभार्थियों के खाते में राशि भुगतान के लिए पे-आईडी क्रिएट कर दी गई है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अगली बैठक से पहले इन सभी परिवारों को शत-प्रतिशत मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वन अधिकार समिति की स्वीकृति और लैंड डायवर्शन के कार्यों को भी समय पर पूरा करने को कहा गया। परियोजना की प्रगति की जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों ने बताया कि डैम के 12 में से 10 गेट तैयार हो चुके हैं और उनका निरीक्षण कर उन्हें बांध स्थल पर पहुंचा दिया गया है। शेष 2 गेटों की उपलब्धता और पिकेट निर्माण का कार्य प्रक्रियाधीन है, जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। समीक्षा बैठक में गढ़वा एसपी आशुतोष शेखर, पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेश कांत जेना, वन प्रमंडल पदाधिकारी (उत्तरी) अंशुमान, वन प्रमंडल पदाधिकारी (दक्षिणी) ईबी अब्राहम, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अभियान एसपी आरडी बड़ाइक, गढ़वा एसडीओ संजय कुमार, रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश सहित विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, बीडीओ और सीओ मौजूद थे।

# शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर विशेष जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**हजारीबाग ब्यूरो।** उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राथमिक, उत्क्रमित, 10+2 उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय, समर्थ विद्यालय, सीएम एक्सीलेंस स्कूल तथा पीएम श्री विद्यालयों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में पठन-पाठन की वर्तमान स्थिति, शिक्षकों की उपलब्धता, विभागीय कार्रवाई, सेवा संपुष्टि, स्थानांतरण, पदोन्नति एवं नामांकन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी एवं पात्रता आधारित बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों की बीईओ, बीआरपी एवं सीआरपी के माध्यम से विधिवत जांच (स्क्रुटनी) कराई जाए।

साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को पांच आवेदनों का चयन कर भौतिक सत्यापन कर जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने शिक्षकों की कमी वाले विद्यालयों में सहायक आचार्यों की पदस्थापना सुनिश्चित करने एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर बल दिया। उन्होंने 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में सुधार हेतु आवश्यक कदम उठाने, शिक्षकों के रेशनलाइजेशन कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए एडीपीओ को वार्डन के साथ समन्वय स्थापित कर उप विकास आयुक्त को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। सेवा सत्यापन एवं समय पर लेखा सत्यापन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित स्थापना लिपिक, प्रधान लिपिक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित न्यायालयीन मामलों की समीक्षा भी की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को स्थानांतरण एवं कक्षा 1 से 5 तक के एकल शिक्षक से जुड़े कार्यों के निष्पादन हेतु सभी बीपीओ को निर्देशित करने को कहा। अंत में उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित विद्यालय परिसर बनाए रखने तथा अनुमंडल पदाधिकारी को सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त श्री हेमन्त सती के अलावे उपविकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आदित्य पांडेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, बीईओ, बीपीओ, वार्डन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## कैफी आजमी को समर्पित सांस्कृतिक पाठशाला में जल संकट पर गहन संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** इप्टा द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 95वीं कड़ी जनवादी शायर कैफी आजमी को समर्पित रही। ह्लजल संकट और समाधान की रणनीतिह्व विषय पर आयोजित संवाद में वक्ताओं ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में जल संकट के बढ़ते खतरे, उसके कारणों और समाधान पर गंभीर चर्चा हुई। संवाद को संबोधित करते हुए सेसा के चेयरपर्सन कौशिक मलिक ने कहा कि दुनिया में 70-75 प्रतिशत जल होने के बावजूद मानव और जीव-जगत के उपयोग के लिए मात्र एक प्रतिशत जल ही उपलब्ध है।



उन्होंने कहा कि पहले समाज में कुंड, कुएं, तालाब और पोखरों की परंपरा थी, जो धीरे-धीरे समाप्त होती गई। इसके बाद बोरिंग संस्कृति आई और अब पानी बोतलों में सिमट गया है। पहले ऊपर का पानी खत्म हुआ, अब नीचे का पानी भी समाप्त होने की कगार पर है। गहराई से निकाला जाने वाला पानी फ्लोराइड और अन्य रासायनिक तत्वों के कारण पीने योग्य नहीं रहेगा, उन्होंने चेतावनी दी। कौशिक मलिक ने सुझाव दिया कि हर व्यक्ति अपने घरों में बगीचों के लिए जगह छोड़े, पौधे लगाए और वर्षा जल संचयन की व्यवस्था करे। सरकारी भवनों में भी जल संरक्षण की अनिवार्य व्यवस्था होनी चाहिए ताकि पानी का अनावश्यक बहाव रोका जा सके और वाटर टेबल रिचार्ज हो सके। उन्होंने शहर के तालाबों और कुओं की मैपिंग कर उनके संरक्षण एवं सफाई की योजना बनाने की आवश्यकता बताई। संवाद की शुरूआत प्रेम प्रकाश ने कैफी आजमी की कविता दूसरा बनवास के पाठ से की। विषय प्रवेश कराते हुए उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब आम लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा, तो उद्योगों और बड़े उपभोक्ताओं के लिए पानी कहां से आ रहा है। उन्होंने इसे जनमुद्दा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इप्टा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उपेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि जल संकट से लड़ना आसान है, पानी के संकट लड़ना आसान नहीं क्योंकि राजनीतिक नेतृत्व और प्रशासनिक तंत्र में पानी ही नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि इस संकट के समाधान के लिए व्यापक संघर्ष की जरूरत होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी समारोह में गए युवक की हत्या, जला हुआ शव मिलने से सनसनी

**मेदिनीनगर/पलामू (नबिटासं)।** जिले के पांडू थाना क्षेत्र में एक युवक का जला हुआ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के कवल गांव निवासी जग नारायण यादव के रूप में हुई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए अपराधियों पर शव को जलाकर पहचान मिटाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, जग नारायण यादव कुलिया गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। इसी बीच पांडू थाना पुलिस को बेलहरा-लोमड़ीडीह कच्चे रास्ते के समीप एक अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने शव की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, जिसे देखकर परिजन रविवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे और शव की पहचान जग नारायण यादव के रूप में की। परिजनों का आरोप है कि अपराधियों ने पहले पत्थर से कुचलकर उनकी हत्या की और बाद में पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव पर पेट्रोल छिड़ककर उसे जलाने का प्रयास किया। रविवार को अस्पताल पुलिस चौकी की निगरानी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सर्टिफिकेट वितरण समारोह आयोजित

**गिरिडीह (नबिटासं)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार गिरिडीह एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ, गायत्री शक्तिपीठ गिरिडीह के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गिरिडीह प्लस टू उच्च विद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य दयानंद कुमार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह नगर निगम की महापौर प्रमिला मेहरा उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के वर्ग 9, 10, 11 एवं 12 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं परीक्षा आयोजन में सहयोग करने वाले शिक्षकों को शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गयाल्ल इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ गिरिडीह के मुख्य प्रबंधक कामेश्वर सिंह ने कहा कि शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा झारखंड सहित पूरे देश में प्रतिवर्ष भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की जाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य दयानंद कुमार, मुख्य प्रबंधक कामेश्वर सिंह, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला संयोजक तुलसी पंडित, महिला मंडल सदस्य पुष्पा शक्ति, बबीता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सुचित्रा देवी, बासुकीनाथ राय, सहदेव प्रसाद कुशवाहा, दयानंद प्रसाद, आशा चौरसिया सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### संगठन विस्तार में तेजी लाने का आह्वान, लीडर तैयार करने पर जोर

**गिरिडीह (नबिटासं)।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जिला एवं प्रखंड कमिटी की बैठक मधुबन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद ने की। बैठक में जिला सचिव अशोक पासवान एवं राज्य कमिटी सदस्य पूरन महतो ने संगठन विस्तार को लेकर विस्तार से चर्चा कर जनार्दन प्रसाद ने कहा कि गिरिडीह और गांडेय विधानसभा के कार्यकर्ता सक्षम हैं और ब्रांच व लोकल कमिटियों को और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने छात्र, महिला, आदिवासी एवं अल्पसंख्यक संगठनों को सक्रिय करने पर जोर दिया। वहीं अशोक पासवान ने सदस्य सूची, फॉर्म, ब्रांच एवं लोकल कमिटियों की नियमित बैठक और समय पर सम्मेलन कराने की बात राज्य कमिटी सदस्य पूरन महतो ने मधुबन, पीरटांड़, शहर, गांडेय और बेंगाबाद क्षेत्रों में संगठन को मजबूत बनाने के लिए अभियान चलाने की अपील की बैठक के बाद मधुबन पारसनाथ तलहटी स्थित थोरिया बस्ती के लोगों ने नेताओं से पानी और बिजली की समस्या की शिकायत की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई घरों में बिजली कनेक्शन नहीं है और कनेक्शन देने के नाम पर घूस ली जा रही है।

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत पर हर्ष : हृदयानंद मिश्र

**मेदिनीनगर/पलामू (नबिटासं)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हृदयानंद मिश्र ने पूर्व मंत्री श्री आलमगीर आलम को न्यायालय से जमानत प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह निर्णय भारतीय न्यायपालिका की निष्पक्षता, स्वतंत्रता एवं संवैधानिक गरिमा का सशक्त उदाहरण है। श्री मिश्र ने कहा कि भारत की न्यायपालिका लोकतंत्र का वह मजबूत स्तंभ है, जिस पर देश की करोड़ों जनता का अटूट विश्वास टिका हुआ है। अदालत द्वारा दिए गए प्रत्येक निर्णय का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक और राजनीतिक दल का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा, पूर्व मंत्री श्री आलमगीर आलम को न्यायालय से मिली जमानत यह दशार्ती है कि भारतीय लोकतंत्र में न्याय की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप संचालित होती है। न्यायपालिका ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि कानून की निगाह में सभी समान हैं तथा सत्य और न्याय की प्रतिष्ठा सर्वोपरि है। हृदयानंद मिश्र ने आगे कहा कि इस निर्णय से कांग्रेस कार्यकताओं, समर्थकों एवं शुभचिंतकों में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।

### केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में संगठन होगा और मजबूत : गोपाल सिंह

**मेदिनीनगर/पलामू (नबिटासं)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की नई प्रदेश कमेटी और पदाधिकारियों की घोषणा के बाद पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के जिला प्रवक्ता गोपाल सिंह ने झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से मुलाकात कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। गोपाल सिंह ने कहा कि नई प्रदेश कमेटी का गठन संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नई टीम में संघर्ष करने वाले, मेहनती और जमीन पर काम करने वाले नेताओं और कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इससे साफ है कि पार्टी नेतृत्व ने संगठन को मजबूत करने और सक्रिय कार्यकताओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हमेशा मेहनत और संघर्ष करने वाले कार्यकताओं को सम्मान मिला है। नई प्रदेश कमेटी में युवाओं, अनुभवी नेताओं और समर्पित कार्यकताओं को जगह देकर संगठन में नई ऊर्जा लाने का प्रयास किया गया है।

## जनगणना के लिए जागरूकता रथ रवाना, डिजिटल प्रक्रिया से घर बैठे होगी स्व-गणना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने सोमवार को जनगणना-2027 के सफल संचालन को लेकर जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रचार वाहन (जागरूकता रथ) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी एवं डिजिटल स्वरूप दिया गया है, जिससे आम नागरिक स्वयं भी इसमें भागीदारी सुनिश्चित कर सकें उपायुक्त ने बताया कि 1 मई से 15 मई 2026 तक स्व-गणना सेल्फ ऐनुमैरेशन का चरण निर्धारित किया गया है।



इस दौरान नागरिक आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से घर बैठे अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर से ओटीपी आधारित लॉगिन कर राज्य, जिला एवं स्थानीय विवरण का चयन करते हुए डिजिटल मानचित्र पर अपने आवास का चिन्हांकन करना होगा। इसके बाद मकान एवं परिवार से संबंधित जानकारी भरकर सबमिट करने पर एसई आईडी प्राप्त होगा, जिसे संबंधित प्रगणक को उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को जनगणना-2027 के बारे में जागरूक करेगा तथा स्व-गणना प्रक्रिया की जानकारी सरल भाषा में उपलब्ध कराएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस डिजिटल पहल से जुड़ सकें। उपायुक्त ने आमजन से अपील की कि वे जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहयोग करें और सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं मौके पर उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने कहा कि जनगणना-2027 देश के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसके सफल क्रियान्वयन में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जागरूकता वाहन के माध्यम से जिले में जनजागरूकता का व्यापक वातावरण तैयार किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोग इस राष्ट्रीय अभियान से जुड़ सकें।

## माय भारत केंद्र गिरिडीह में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** माय भारत केंद्र, गिरिडीह द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर सी.एच.+2 उच्च विद्यालय, गिरिडीह में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रशासन के सहयोग से किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन जयशंकर अग्रवाल ने किया। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने युवाओं को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महत्व की जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में तकनीक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है और युवाओं को इसके सकारात्मक उपयोग की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में विज्ञान और तकनीकी के प्रति रुचि जागृत करना था। इस दौरान विद्यालय के छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य दयानंद कुमार, शिक्षक उपेंद्र कुमार राय, इमरान खान, कुंदन उपाध्याय, मिथिलेश कुमार डे, सीमा कुमारी अग्रवाल, अमिता श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में निरंतर सीखना और नवाचार करना समय की आवश्यकता है।

## अम्बेडकर पार्क में कथित अवैध निर्माण के खिलाफ उमड़ा जनाक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर स्थित अम्बेडकर पार्क में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा के समीप कथित योग भवन और अग्निकुंड निर्माण के विरोध में सोमवार को डॉ. अम्बेडकर पार्क बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले विशाल एक दिवसीय धरना एवं आक्रोशपूर्ण प्रतिवाद सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संयोजक एवं झारखंड क्रांति मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने की, जबकि संचालन एएसपी के प्रदेश सचिव रामकुमार रवि ने किया।

धरना की शुरूआत भारतीय संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ के साथ हुई। इसके



बाद उपस्थित लोगों ने अम्बेडकर पार्क में अवैध निर्माण बंद करो, सुंदरीकरण के नाम पर हुए करोड़ों के घोटाले की जांच करो और पार्क को अतिक्रमण मुक्त करो जैसे नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया। सभा को संबोधित करते हुए शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आरोप लगाया कि अम्बेडकर पार्क की मूल भावना और बाबा साहेब की धर्मनिरपेक्ष विचारधारा के विपरीत निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पार्क अनुसूचित जाति आरक्षित पलामू लोकसभा क्षेत्र के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का केंद्र है तथा इसे किसी विशेष विचारधारा के कब्जे का माध्यम नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम शहर की बुनियादी समस्याओं—जलजमाव, ट्रैफिक, पेयजल और सड़क—का समाधान करने में विफल रहा है, जबकि अब अम्बेडकर पार्क को लेकर विवादित निर्माण कराया जा रहा है। समिति ने मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से पांच सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए अविलंब निर्माण कार्य रोकने, कथित घोटाले की जांच कराने तथा पार्क परिसर को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की। धरना सभा में राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय महासचिव रामप्रसाद बौद्ध, आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय सिंह चेरो, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष चंदू राम, राजद नेता कृष्णा राम, जन संग्राम मोर्चा के युगल किशोर पाल, अखिल भारतीय किसान महासभा के डॉ. बीएन सिंह, बहुजन समाज पार्टी के अरुण कुमार समेत विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और जनसंगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## कबरीबाद माइंस में जांच तेज, रांची से पहुंची एफएसएल टीम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित कबरीबाद माइंस हिंसा मामले में अब जांच ने रफ्तार पकड़ ली है। दिलीप दास की मौत, सीसीएल जवानों के घायल होने और पुलिस पर पथराव की घटना के बाद सोमवार को रांची से पहुंची फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया सहायक निदेशक डॉ. लवकुश और वैज्ञानिक सहायक जहांगीर इमाम के नेतृत्व में पहुंची टीम ने माइंस परिसर, क्रशर और आसपास के इलाकों की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी कर कई महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। टीम ने घटनास्थल से विभिन्न सैंपल भी संग्रहित किए, जिन्हें वैज्ञानिक जांच के लिए सुरक्षित रखा



गया है जांच के दौरान मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे।

एफएसएल अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से मिले वैज्ञानिक साक्ष्य पूरे मामले की सच्चाई सामने लाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व कबरीबाद माइंस में दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में खंडीहा निवासी दिलीप दास की मौत हो गई थी, जबकि सीसीएल के आठ जवान घायल हो गए थे। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया था। आक्रोशित ग्रामीणों ने माइंस कार्यालय के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया था और इसी दौरान पुलिस पर पथराव की घटना भी हुई थी।मामले में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं कार्रवाई करते हुए सीसीएल के डिप्टी माइंस मैनेजर सह सिक्योरिटी इंचार्ज गुदगु राम सागर और सिक्योरिटी गार्ड मो. अख्तर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में रेड क्रॉस कार्यकारिणी की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त सह अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसायटी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में रेड क्रॉस कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं एवं सामाजिक गतिविधियों की समीक्षा की गई बैठक के दौरान जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने, स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन, रक्तदान शिविर को बढ़ावा देने तथा आपदा के समय त्वरित राहत कार्यों को और प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई।

उपायुक्त यादव ने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और जरूरतमंद लोगों तक



सहायता पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रेड क्रॉस की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## गरुड़ ब्रांड बना किसानों की पहली पसंद, आधुनिक कृषि उपकरणों से खेती को मिल रही नई ताकत

### 21 वर्षों से कृषि यंत्र निर्माण के क्षेत्र में सक्रिय डरअह प्राइवेट लिमिटेड, किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का प्रयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने और किसानों को उन्नत कृषि उपकरणों की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किसान सम्मेलन में डरअह प्राइवेट लिमिटेड के गरुड़ ब्रांड द्वारा तैयार किए जा रहे आधुनिक कृषि यंत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने आधुनिक कृषि उपकरणों के फीचर्स, गुणवत्ता और उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में कंपनी के एमडी आकाश जैन ने कहा कि कंपनी पिछले 21 वर्षों से कृषि उपकरण एवं एग्रीकल्चर इंप्लीमेंट्स के निर्माण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। किसानों की जरूरत और बदलती कृषि तकनीक को




ध्यान में रखते हुए कंपनी आधुनिक मशीनों का निर्माण कर रही है।

उन्होंने कहा कि गरुड़ ब्रांड आज किसानों के बीच भरोसे का प्रतीक बन चुका है और देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों में भी इसकी मांग बढ़ रही है। सम्मेलन में बताया गया कि कंपनी द्वारा तैयार किए जाने वाले कृषि उपकरणों का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक से किया जाता है। उपकरणों को शॉट ब्लास्ट एवं पाउडर कोटेड पेंट तकनीक से तैयार किया जाता है, जिससे मशीनों की मजबूती, टिकाऊपन और कार्य क्षमता कई गुना बढ़ जाती है। कंपनी के अनुसार, मशीनों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि किसानों को कम खर्च में बेहतर उत्पादन और अधिक सुविधा मिल सके। कार्यक्रम में मौजूद किसानों को जानकारी दी गई कि कंपनी अपने कृषि उपकरणों का निर्यात 10 देशों में कर रही है। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्वराज ट्रैक्टर्स एवं एस्कॉर्ट्स कुबोटा जैसी देश की बड़ी कंपनियों को भी उपकरणों की सप्लाई की जा रही है। इससे कंपनी की गुणवत्ता और विश्वसनीयता का अंदाजा लगाया जा सकता है। कंपनी के एजीएम कानू चरण दास ने कहा कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य किसानों को कम लागत में बेहतर और टिकाऊ कृषि उपकरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आधुनिक मशीनों के उपयोग से किसानों का समय बचेगा, डीजल की खपत कम होगी और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने किसानों से नई तकनीक को अपनाकर आधुनिक खेती की ओर आगे बढ़ने की अपील की। वहीं गरुड़ ब्रांड के अधिकृत डीलर एसके एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर संजय कुमार ने कहा कि वे पिछले 16 वर्षों से कंपनी के साथ जुड़े हुए हैं और किसानों को बेहतर गुणवत्ता वाले कृषि उपकरण उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। किसानों को समय पर सेवा, स्पेयर पार्ट्स और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। संजय कुमार ने बताया कि अब तक गरुड़ ब्रांड के 4000 से अधिक रोटावेटर की बिक्री की जा चुकी है, जो किसानों के बीच इस ब्रांड की लोकप्रियता और भरोसे को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि किसानों की सकारात्मक प्रतिक्रिया और भरोसे के कारण ही कंपनी लगातार आगे बढ़ रही है। गरुड़ ब्रांड के कृषि उपकरणों की सबसे बड़ी विशेषता इसका हेवी-ड्यूटी गियर बॉक्स बताया गया। कंपनी के अनुसार यह दुनिया के बड़े और मजबूत गियर बॉक्स में शामिल है। गियर का साइज 35 एमएम तक रखा गया है, जिससे मशीनों की क्षमता और मजबूती बढ़ जाती है। वहीं स्टील बॉर्न ब्लेड के उपयोग से ट्रैक्टर पर लोड कम पड़ता है और डीजल की खपत भी घटती है।

# पर्यटन एवं खेल विभाग की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में पर्यटन एवं खेल विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में नवसृजित एवं संचालित आवासीय एवं डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के खिलाड़ियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशिक्षुओं की संख्या, तीरंदाजी प्रशिक्षण की गुणवत्ता, हॉकी (बालक एवं बालिका) डे-बोर्डिंग की स्थिति, खेलो इंडिया योजना, आवासीय बालिका एथलेटिक्स प्रशिक्षण एवं बैडमिंटन खेल के विकास की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार हेतु सुझाव मांगे।उपायुक्त ने सभी खेल मैदानों में बेहतर बुनियादी सुविधाएं जैसे शौचालय, प्रकाश व्यवस्था आदि




सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्विमिंग, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो एवं वॉलीबॉल जैसे खेलों के विकास हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि इन खेलों को भी जिले में प्रोत्साहित किया जा सके।

बैठक में बहुउद्देशीय खेल केंद्र (मल्टीपरपज इंडोर स्पोर्ट्स सेंटर) के निर्माण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के इंडोर खेलों की सुविधा उपलब्ध होगी। उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी को इस आशय का प्रस्ताव खेल, पर्यटन, कला-संस्कृति विभाग को भेजने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने डे-बोर्डिंग केंद्रों का पुनः भ्रमण कर उनकी आवश्यकताओं का आकलन करने को कहा। साथ ही हॉकी टर्फ निर्माण के प्रस्ताव पर संबंधित स्थल का निरीक्षण कर निर्णय लेने की बात कही।

पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए

## बरकट्ठा प्रखंड स्थित सूरजकुंड का 2 किलोमीटर क्षेत्र को नो बोरिंग जोन घोषित

## सूरजकुंड के रख रखाव की जिम्मेवारी जिला परिषद को सौंपने का निर्देश

उपायुक्त ने जिले के पर्यटक स्थलों को आकर्षक एवं सुलभ बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि पर्यटकों के लिए छायादार स्थान, पेयजल, स्वच्छता आदि मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं।

बरकट्ठा क्षेत्र के प्रसिद्ध सूरजकुंड के रख-रखाव की जिम्मेदारी जिला परिषद को सौंपने का निर्देश दिया गया। वहीं, हजारीबाग झील परिसर स्थित एम्फी थियेटर के संचालन की जिम्मेदारी भी जिला परिषद को देने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने हजारीबाग झील, जगन्नाथ धाम (सिलवार) एवं चम्पेश्वरी मंदिर (इचाक) जैसे प्रमुख स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित करने हेतु पर्यटन विभाग को तैयार प्राक्कलन भेजने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त, झील में संचालित फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के अधिष्ठापन हेतु निर्णय लेते हुए उसकी निविदा प्रक्रिया का प्रारूप तैयार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बरकट्ठा प्रखंड स्थित सूरजकुंड के 2 किलोमीटर क्षेत्र को नो बोरिंग जोन घोषित करने का भी आदेश दिया गया,साथ ही उक्त क्षेत्र में पानी की सप्लाई हेतु चेक डैम निर्माण का निर्णय लिया गया। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला खेल संचालन समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय सभागार, खूँटी में आज उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में जिला खेल संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला ओलंपिक संघ, जिला हॉकी संघ के पदाधिकारी, आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों एवं सभी डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षक उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा जिले में खेल गतिविधियों को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में खूंटी जिला अंतर्गत नव स्वीकृत 3 आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों को चयनित खिलाड़ियों की जिला स्तरीय चिकित्सा जांच के उपरांत नामांकन कर जल्द से जल्द प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी एवं ग्राउंड्समैन नियुक्त करने हेतु विभाग को पत्राचार करने का निर्देश दिया। वर्तमान में डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र, तोरपा गोविंदपुर में सुरक्षा की दृष्टि से मैदान घेराव कार्य किया जा रहा है। साथ ही दो अन्य डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र – जाते एवं मरंगहदा – में भी घेराव कार्य कराने हेतु संबंधित विभाग को पत्राचार करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में रनिया प्रखंड में नए हॉकी डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष खूँटी में ॠखूँटी खेल महोत्सवॠ के आयोजन को लेकर चर्चा की गई तथा जिला खेल पदाधिकारी को प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिले के सभी प्रशिक्षण केंद्रों में प्रत्येक माह खिलाड़ियों का चिकित्सा जांच कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर द्वारा महीने में 2-3 बार भोजन की गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। जिले में खेल सुविधाओं के विस्तार, खिलाड़ियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं बेहतर प्रशिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

# नामांकन ले उच्च शिक्षा विभाग के साथ ऑनलाइन बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में सोमवार को बिहार के सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों, वित्त अधिकारियों और समर्थ नोडल अधिकारियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उच्च शिक्षा निदेशक, प्रोफेसर एन.के. अग्रवाल और उप निदेशक दीपक कुमार सिंह ने कार्यवाही का संचालन किया। उप निदेशक ने सबसे पहले मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डॉ. घनश्याम राय से समर्थ पोर्टल के माध्यम से चल रहे नामांकन की स्थिति के बारे में जानकारी मांगी। कुलसचिव डॉ. राय ने बताया कि मुंगेर विश्वविद्यालय ने 2026-2030 शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन हेतु समर्थ पोर्टल से शुरूकर दिया है। अब तक, बीस हजार आवेदकों ने नामांकन के लिए आवेदन किया है। सौलह हजार के लगभग नामांकन लिया जा चुका है। इस पर संतोष व्यक्त करते हुए, उच्च शिक्षा विभाग ने अन्य विश्वविद्यालयों को सलाह दी कि वे मुंगेर विश्वविद्यालय से परामर्श करें–विशेष रूप से जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए। कुलसचिव डॉ. राय ने रोस्टर, शुल्क संरचना, दाखिलों, मानदेय, क्षतिपूर्ति आदि के संबंध में भी प्रश्न उठाए। इसके जवाब में, उच्च शिक्षा विभाग ने कहा कि बिहार लोक भवन, पटना द्वारा पहले जारी किए गए दिशानिर्देश ही आधिकारिक मानक बने रहेंगे। महिलाएँ, एससी और एसटी कैटेगरी की क्षतिपूर्ति की राशि के संबंध में, यह उल्लेख किया गया कि निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत दावे मुंगेर विश्वविद्यालय के साथ-साथ तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय और बी.एन. मंडल विश्वविद्यालय से भी प्राप्त हो गए हैं। मुआवजे की राशि शीघ्र ही जारी होने की उम्मीद है। कुलसचिव ने आगे अनुरोध किया कि मुंगेर विश्वविद्यालय के सीमित वित्तीय संसाधनों को देखते हुए, आउटसोर्सिंग कर्मियों को मानदेय का निर्बाध भुगतान सुनिश्चित करने के लिए आकस्मिकता मद से धनराशि आवंटित की जाए। मुंगेर विश्वविद्यालय की ओर से बैठक में डीएसडब्लू प्रोफेसर महेश्वर मिश्रा, वित्त पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद, बजट-सह-लेखा अधिकारी प्रोफेसर हरिश्चंद्र शाही, समर्थ नोडल अधिकारी संदीप टाटा, स्थापना अधिकारी डॉ. प्रियंवदा शर्मा, सहायक गुजेश कुमार सिंह, सतीश कुमार, नोडल अधिकारी सूरज कोनार और अन्य लोगों ने भाग लिया। समर्थ नोडल अधिकारी ने पुष्टि की कि मुंगेर विश्वविद्यालय के अधिकांश प्रशासनिक कार्य वर्तमान में समर्थ पोर्टल के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं। मुंगेर विश्वविद्यालय के अलावा, पटना विवि, पाटलिपुत्र विवि, मगध विवि, पूर्णियाविवि, नालंदा खुला विवि, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (आरा), बी.एन. मंडल विश्वविद्यालय (मधेपुरा), जे.पी. विश्वविद्यालय (छपरा), कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय और भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय (मुजफ्फरपुर) और एलएनएमयू, दरभंगा से डॉ दिव्या हंसदा और डॉ जया हैदर ने भी इस बैठक में भाग लिया।

# उपायुक्त ने की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, खूँटी के प्रधानाध्यापक, विद्यालय स्टाफ, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस वर्ष 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्रों, कंपार्टमेंटल परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों तथा आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्रों की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय के इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर नाराजगी व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सभी विषयों की बेहतर एवं नियमित पढ़ाई सुनिश्चित कराई जाए, ताकि आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हो सके।

उपायुक्त ने विशेष रूप से हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान समेत अन्य विषयों की नियमित एवं प्रभावी पढ़ाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रों को विषयवार मजबूत तैयारी कराई जाए तथा उनकी शैक्षणिक प्रगति की लगातार मॉनिटरिंग की जाए।

इसके अतिरिक्त इस वर्ष 10वीं सीबीएसई बोर्ड में कंपार्टमेंटल परीक्षा देने वाले छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन एवं विशेष शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, जिससे वे परीक्षा में सफल हो सकें।

बैठक में उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालय में नियमित रूप से पठन-पाठन की समीक्षा करने तथा शैक्षणिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए।

# खिड़की तोड़कर आभूषण सहित नकदी की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

जमालपुर (मुंगेर)। जमालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर कॉलोनी के क्वार्टर नंबर 267 में खिड़की तोड़कर चोरी की घटना को चोरों ने अनजान दिया है।बंद क्वार्टर में हुई चोरी की घटना के बारे में रेलकर्मी के रिश्तेदार विनोद कुमार ने बताया कि पिछले कई महीने से वाटर बंद पड़ा था।

पीडित ने बताया कि हम लोग बाहर गए थे और क्वार्टर के अंदर नगद रुपए के साथ सोना चांदी तीतर एवं स्टील का बर्तन बक्सा गोदरेज एवं संदूक में था। जिसे तोड़कर चोरों ने चुरा लिया।

आसपास के लोगों के द्वारा सूचना मिलने के बाद बाहर से आया तो देखा क्वार्टर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगा हुआ था पर खिड़की तोड़कर चोर अंदर प्रवेश करके रूम के अंदर तोर फोड़कर सारा कीमती सामान चुरा ले गए। विनोद कुमार ने यह भी बताया कि चोरों ने लगभग 2 लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी की की है।

घटना को लेकर जमालपुर थाना में कार्रवाई को लेकर आवेदन देने की बात कही है।

इधर चोरी की घटना को लेकर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने कहां कि मामला संज्ञान में नहीं आया है पर जैसे ही लिखित आवेदन प्राप्त होता है वैसे ही कार्रवाई की जाएगी।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: ईएल–16–26, दिनांक 08.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** आसनसोल मंडल: आसनसोल मंडल के तहत रेलवे कॉलोनियों में एलटी ओवरहेड लाइन का अंडरग्राउंड केबल में प्रतिस्थापन एवं सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,70,73,785.15, **बयाना राशि:** रु. 3,41,500/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 02.06.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-63/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**ई–नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई–नीलामी सूचना सं. : सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/11, दिनांक :07.05.2026** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत फार्मेसी के साथ इमर्जेंसी मेडिकल रूम, डिजिटल स्टोरेज लॉकर, मल्टी–शॉपिंग आर्केड और ट्रैवल हेल्प डेस्क/ट्रैवलर्स इंफॉर्मेशन और प्रमोशनल कियोस्क हेतु अनुबंध प्रदान करने के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है।

**कैटलॉग सं.: पीयूबी–एचडब्ल्यूएच–26–11**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं.: एमएसएस–एचडब्ल्यूएच–आरपीएच–एमईडीएसटीएन–42–26–1 (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टेशन पर चिकित्सा सुविधाएं), विवरण:** पाँच (05) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के रामपुरहाट रेलवे स्टेशन पर फार्मेसी के साथ इमर्जेंसी मेडिकल रूम की स्थापना और परिचालन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/1, लॉट सं.: एमएसएस–एचडब्ल्यूएच–बीएचपी–डीआईजीआईएल–32–25–1 (एमआईएससी – स्टैटिक–सर्विसेस–स्टेशन पर डिजिटल लॉकर), विवरण:** तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के बोलपुर रेलवे स्टेशन पर डिजिटल स्टोरेज लॉकरों की स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एसी/1, लॉट सं.: एमएसएस–एचडब्ल्यूएच–एसएचएई–एसटीजीईएन–78–26–1 (एमआईएससी – स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), विवरण:** दस (10) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के सेवड़ाफुली जंक्शन रेलवे स्टेशन एबीएसएस स्टेशन बिल्डिंग (प्रथम एवं द्वितीय तल) पर मल्टी–शॉपिंग आर्केड की स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एसी/2, लॉट सं.: एमएसएस–एचडब्ल्यूएच–टीएके–एसटीजीईएन–79–26–1 (एमआईएससी – स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), विवरण:** दस (10) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तारकेश्वर रेलवे स्टेशन पर मल्टी–शॉपिंग आर्केड की स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एडी/1, लॉट सं.: एमएसएस–एचडब्ल्यूएच–एजेड–टीएचडीपीके–70–26–1 (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–ट्रैवल हेल्प डेस्क/ ट्रैवलर्स इंफॉर्मेशन और प्रमोशनल कियोस्क), विवरण:** तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के आजिमगंज रेलवे स्टेशन पर 'ट्रैवल हेल्प डेस्क/ट्रैवलर्स इंफॉर्मेशन और प्रमोशनल कियोस्क' सुविधा की स्थापना, परिचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना।

**नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 22.05.2026 को 12.00 बजे।

HWH-57/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# जमालपुर में उत्साह के साथ मनाया मदर्स डे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमालपुर (मुंगेर)।** एक मां का अपने बच्चों के प्रति प्रेम, त्याग और बलिदान को याद करने वाला दिवस मदर्स डे को लायंस क्लब जमालपुर ने बडे ही उत्साह पूर्वक एवम धूमधाम में मनाया। समारोह की मुख्य अतिथि थी वलीपुर की वार्ड पार्षद सावित्री देवी। जिन्हे विशेष रूप से शॉल ओढा कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत ॠतु कितनी अच्छी है,तु कितनी सुंदर है,प्यारी प्यारी हैॠ गाने से की गई। पुनः तमाम माताओं ने मिलकर केक काटा और एक दुसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में लायन सुमन शर्मा एवम लायन ज्योति श्रीवास्तव ने मां से संबंधित गीत गाकर प्रोग्राम में चार चांद लगा दिये। पुनः बच्चों के द्वारा सभी माताओं को शॉल दिया गया। कार्यक्रम मे लायन कमल एवम जोन चेयरपर्सन रंजीत प्रसाद ने इस दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला।

# 10 जून को सीएम आवास के घेराव व प्रदर्शन का ऐलान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

खूंटी। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा खूंटी जिला के तत्वावधान में दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल का सम्मेलन डाक बंगला परिसर में हुई।

बैठक में सरकार के संकल्प एवं आश्वासन का अमल नहीं होने पर दो जून की रोटी के सवाल के लिए 10 जून को मुख्यमंत्री आवास का घेराव प्रदर्शन करने का ऐलान किया गया। अबुआ सरकार में भी झारखंड के माय-माटी , भाषा- संस्कृति, जल ,जंगल, जमीन पर हमले के खिलाफ उलगुलान का ऐलान किया। झारखंड आंदोलनकारियों के राजकीय मान सम्मान, बाल बच्चों के लिए रोजी रोजगार नियोजन की सौ प्रतिशत गारंटी, जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु सम्मान पेंशन सरकार से देने के अपने संकल्प व आश्वासन पर अमल करने की मांग की गई।

मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि सरकार में झारखंड आंदोलनकारियों के हितैषी कम और विरोधी दिकू ज्यादा हैं। झारखंड आंदोलनकारियों को न्याय के साथ सम्मान और समाज में स्वाभिमान से जीने के अधिकार नहीं देना चाहते हैं।

खूंटी जिला अध्यक्ष विजय सिंह ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरकार के ऊपर हमें विश्वास है देते रहिए सरकार पर हम लोग विश्वास करते रहें और आज सरकार के लोग विश्वास घात कर रहे हैं जिसके खिलाफ खूंटी जिला के आंदोलनकारी गण उलगुलान करने को आज बाध्य हुए हैं।

केंद्रीय सचिव व सिमडेगा प्रभारी तैयब अंसारी ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को लोभ में फंसाने की कोशिशें की जा रही है। गोल बंद होकर अपने बाल - बच्चों व अपने स्वाभिमान की रक्षा की उलगुलान तेज करें,10 जून को मुख्यमंत्री आवास घेराव प्रदर्शन करने के लिए स्वयं को तैयार रहें।

छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की संघर्ष करने से पीछे न रहें। अपना पहचान को मिटाने नहीं देगें। हम लड़े थे और लड़ेंगे।

संचालन अजय सिंह,स्वागत भाषण राजन कुजुर व धन्यवाद ज्ञापन मनोज गोप ने की। इस सम्मेलन में केंद्रीय

कोषाध्यक्ष सरोजिनी कच्छप, केंद्रीय सचिव सह सिमडेगा प्रभारी तैयब अंसारी, केंद्रीय सचिव सूरज प्रसाद जायसवाल, पुनीत उरांव, छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष श्रीमती रोजलीन तिर्की प्रभारी अंथन लकड़ा, गुमला जिला से प्रकाश खलखो सुजात टोप्पो इशाक टोप्पो विजय उरांव, सिमडेगा से मसकल्यान समद, नीलू देवी, खूंटी से महेन्द्र खलखो, लारेंस बखला, बुधराम मिंज , मंगलदेव मुंडा, पौलुस मुंडा,बरनाबस होरो , दिलीप होरो, सूरज गोप अनवर अंसारी, हीरा प्रधान, सोमारी मुण्डाईन, मिकेल बखला, दयाल हेरेंज, गोपाल मुंडा उपस्थित थे।


## पूर्व मध्य रेल

**शुद्धि पत्र**

शुद्धि पत्र सं. डब्लयु 584/ई–टेंडरिंग/21, 22–DHN-26–27, धनबाद, दि: 08.05.2026

(1) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं. 21-DHN-2026-27 दिनांक 28.04.2026 में निविदा लागत की राशि को ₹6,60,36,751.43 के बदले में **₹6,59,99,105.52** पढ़ा जाये।

(2) यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं. 22-DHN-2026-27 दिनांक 28.04.2026 में निविदा लागत की राशि को ₹4,83,96,028 के बदले में **₹4,83,96,028.14** पढ़ा जाये।

ई–निविदा सं 21–DHN-26–27 और 22–DHN-26–27 दिनांक 28.04.2026 में दर्शायी गयी अन्य विवरण, नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव नहीं होगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/0204/डीएचएन/अभि./सी/26–27/24


# पंचायत का तुगलकी फरमान : जिंदा लड़की की निकाली गई अर्थी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां प्रेम विवाह करने वाली एक युवती को गांव की पंचायत ने सामाजिक रूप से ॠमृतॠ घोषित कर दिया। पंचायत के दबाव में परिजनों ने अपनी ही बेटी का प्रतीकात्मक दाह संस्कार कर दिया। मामला जिले के मड़वन प्रखंड क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है।

ग्रामीणों ने परिवार से कहा कि यदि उन्हें गांव और समाज में फिर से रहना है तो अपनी बेटी का पूरी तरह बहिष्कार करना होगा। पंचायत का फरमान इतना कठोर था कि परिवार को बेटी को मृत मानने के लिए मजबूर होना पड़ा। बताया जा रहा है कि गांव और समाज में अपनी जगह बनाए रखने के लिए परिजनों ने बेटी को कागजों और रस्मों में मृत घोषित कर दिया।

मामले में पहले युवती के परिजनों ने करजा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवती को बरामद किया और कोर्ट में पेश किया। न्यायालय में युवती ने बयान दिया कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से युवक के साथ शादी की है। उसने अपने पति के साथ रहने की इच्छा जताई। युवती ने अपने परिजनों पर ससुराल पक्ष को प्रताड़ित करने का आरोप भी लगाया। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने युवती को उसकी इच्छा के अनुसार उसके ससुराल भेज दिया।

पंचायत के फैसले के बाद युवती के परिवार ने गांव वालों के साथ मिलकर उसका सांकेतिक दाह संस्कार किया। ग्रामीणों के अनुसार हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार पूरे कार्यक्रम को किया गया। बताया गया कि युवती का प्रतीकात्मक शव तैयार किया गया, जिसमें उसकी तस्वीर रखी गई। इसके बाद अर्थी सजाकर गांव में शव यात्रा निकाली गई। शव यात्रा के बाद लोगों ने श्मशान घाट पहुंचकर मंत्रोच्चारण के बीच पुतले का दाह संस्कार कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह पूरा कार्यक्रम उसी तरह किया गया, जैसे किसी व्यक्ति के निधन के बाद अंतिम संस्कार और श्राद्ध कर्म किए जाते हैं। घटना के बाद गांव में इस मामले को लेकर चर्चा तेज है, लेकिन अधिकांश लोग खुलकर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। वहीं यह मामला सामाजिक सोच और पंचायत के फैसलों को लेकर कई सवाल खड़े कर रहा है।

## जनता के दरबार में पहुंची मुख्य पार्षद, सुनीं समस्याएं

**जमालपुर (मुंगेर)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 36 में मुख्य पार्षद पार्वती देवी के अध्यक्षता में जन संवाद एवं समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में उपस्थित वार्ड की जनता ने वार्ड पार्षद रूबी देवी के उपस्थिति में अपनी समस्याओं को मुख्य पार्षद के समक्ष रखा। जनता ने वार्ड में जर्जर सड़क एवं खराब पड़े लाइट के समस्या से रूबरू करवाया। मुख्य पार्षद ने वार्ड पार्षद सहित जनता जनता को भरोसा दिलाया कि जो भी समस्या है उसका समाधान निश्चित रूप से होगा। क्योंकि जो विश्वास पिछले 8 सालों से जनता ने हम पर किया है और उसे विश्वास के बल पर जो विकास की रफ्तार नगर परिषद क्षेत्र के 36 वार्डों में किया गया है। उसका प्रतिफल आगे भी देखने को मिलेगा। इसलिए जन संवाद एवं जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन कर जनता से विकास का सुझाव मांगा जा रहा है और हम उन्हें संकल्प के तहत विकास की गति को आगे बढ़ने का वादा कर रहे हैं। इसके पहले वार्ड पार्षद के नेतृत्व में मुख्य पार्षद का स्वागत किया गया।मौके पर सशक्त अस्थाई समिति के सदस्य आलोक कुमार, कैलाश सिंह,दीपा सिन्हा, मधु देवी, राजन मंडल, चंदन कुमार, वार्ड पार्षद रूबी देवी, दिलीप लिट्टी पानी साहित सम्मानित जनता मुकेश पासवान,जितेंद्र कुमार मंडल,संजीव पासवान, दीनानाथ मंडल, किशोर मंडल, नरेश ठाकुर, मंटू कुमार पासवान, गिरीश कुमार सहित कई मौजूद थे।


## पूर्व रेलवे

**सं.: ओ–एसी–टी–24–26–27 (खुली), दिनांक: 08.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **केस सं. ओ–एसी–टी–24–26–27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में ठेकेदारों के मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर 60 केजी/52 केजी (90/72 यूटीएस, आर 260) (नई/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर) रेल की फ्लैश बट वेल्डिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,30,64,994.32, **बयाना राशि:** रु. 4,61,300/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 02.06.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-67/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## आद्रा मंडल में एमएसएस, एडीवीटी, एटीएम और पे एंड यूज़ के अनुबंध के लिए ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं: विवरण निम्नानुसार हैं: **श्रेणी: एमएसएस। नीलामी कैटलॉग संख्या:** जीएसकैंटीन2। **लॉट संख्या/श्रेणी: (i)** एमएसएस-एडीआरए-बीकेएससी-एसटीजीईएन-26-26-1 (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्टैटिक जनरल); **(ii)** एमएसएस-एडीआरए-बीकेएससी-एसटीजीईएन-22-26-1 (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्टैटिक जनरल)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 28.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 28.05.2026 को दोपहर 12.40 बजे (सभी के लिए)। **नीलामी कैटलॉग संख्या:** जीएस ट्रक रिपेयर1। **लॉट संख्या/श्रेणी: (i)** एमएसएस-एडीआरए-बीकेएससी-एसटीजीईएन-24-26-1 (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्टैटिक जनरल); **(ii)** एमएसएस-एडीआरए-बीकेएससी-एसटीजीईएन-25-26-1 (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्टैटिक जनरल)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 29.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 29.05.2026 को दोपहर 12.40 बजे (सभी के लिए)। **नीलामी कैटलॉग संख्या:** आइसक्रीमपार्ल2। **लॉट संख्या/श्रेणी:** एमएसएस-एडीआरए-बीकेएससी-एसटीजीईएन-27-26-1 (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्टैटिक जनरल)। **नीलामी शुरू:** 26.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 26.05.2026 को दोपहर 12.30 बजे। ● **श्रेणी: एडीवीटी। नीलामी कैटलॉग संख्या:** एडीवीटी 81। **लॉट संख्या/श्रेणी: (i)** एडीवीटी-एडीआरए-बीकेएससी-ओएच-132-26-1 (एडवरटाइजिंग - आउट ऑफ़ होम); **(ii)** एडीवीटी-एडीआरए-वीएसयू-ओएच-17-26-1 (एडवरटाइजिंग - आउट ऑफ़ होम); **(iii)** एडीवीटी-एडीआरए-ओडीएम-ओएसएन-127-25-1 [एडवरटाइजिंग - ऑन स्टेशन प्रेमिस (नॉन-डिजिटल)]; **(iv)** एडीवीटी-एडीआरए-एसओएनए-ओएसएन-126-25-1 [एडवरटाइजिंग - ऑन स्टेशन प्रेमिस (नॉन-डिजिटल)]। **नीलामी शुरू (सभी लॉट) :** 26.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 26.05.2026 को 1.00 बजे (सभी के लिए)। ● **श्रेणी: एटीएम। नीलामी कैटलॉग संख्या :** एटीएम10। **लॉट संख्या/श्रेणी: (i)** एटीएम-एडीआरए-बीजेई-जीईएन-13-25-5 (एटीएम-जनरल); **(ii)** एटीएम-एडीआरए-एएनआर-जीईएन-14-25-1 (एटीएम - जनरल)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट) :** 26.05.2026 को सुबह 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 26.05.2026 को सुबह 11.40 बजे (सभी के लिए)। ● **श्रेणी : पे एंड यूज़। नीलामी कैटलॉग संख्या :** पेएनयू31। **लॉट संख्या/श्रेणी: (i)** पीएनयू-एडीआरए-वीएए-टीओआई-60-26-1 (पे एंड यूज़-टॉयलेट्स); **(ii)** पीएनयू-एडीआरए-बीकेएससी-टीओआई-47-25-3 (पे एंड यूज़-टॉयलेट्स)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 26.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय :** 26.05.2026 को दोपहर 12.40 बजे (सभी के लिए)। **द्रष्टव्य:** भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई-नीलामी मॉड्यूल देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-151) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# मुख्यमंत्री ने 'सहयोग पोर्टल' और हेल्पलाइन का किया लोकार्पण

## सहयोग शिविर से पंचायत स्तर पर होगा शिकायतों का त्वरित समाधान : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने आम लोगों की शिकायतों के त्वरित और पारदर्शी समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'सहयोग पोर्टल' और 'सहयोग हेल्पलाइन नंबर-1100' की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को 'सहयोग पोर्टल' sahyog.bihar.gov.in तथा हेल्पलाइन सेवा का लोकार्पण किया। सरकार का दावा है कि पंचायत स्तर पर लगने वाले 'सहयोग शिविर' से लोगों को स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं के समाधान की सुविधा मिलेगी और सरकारी कार्यालयों के चक्कर से राहत मिलेगी। कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से शामिल सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि 'सहयोग शिविर' आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए बेहद उपयोगी और प्रभावी व्यवस्था साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जन शिकायतों के संवेदनशील, पारदर्शी और समयबद्ध निष्पादन के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविर ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे रखने और उनके समाधान का सुलभ मंच उपलब्ध कराएंगे। राम कृपाल यादव ने कहा कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले इन शिविरों से विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। इससे शासन और जनता के बीच संवाद तथा विश्वास और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएगा। सरकार के अनुसार आम नागरिक अब 'सहयोग पोर्टल' पर ऑनलाइन परिवाद दर्ज करा सकेंगे। साथ ही हेल्पलाइन नंबर-1100 पर सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक संपर्क कर सहयोग शिविर और शिकायत निवारण से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह व्यवस्था 19 मई 2026 से लागू होगी। प्राप्त शिकायतों की रियल टाइम मॉनिटरिंग भी 'सहयोग पोर्टल' के माध्यम से की जाएगी।



# डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग को बनाया जायेगा और सशक्त : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नन्दकिशोर राम ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान पशुपालन निदेशालय से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पशुपालन निदेशक उज्ज्वल कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मंत्री ने राज्य की सभी गोशालाओं की स्थिति को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने गोशालाओं की चल एवं अचल संपत्तियों का समुचित लेखा-जोखा रखने तथा पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालयों एवं अनुमंडलीय पशु चिकित्सालयों में दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई एवं बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने को कहा। मंत्री ने कहा कि बिहार में पशु चिकित्सा शिक्षा के विस्तार की आवश्यकता है। उन्होंने निदेशक को निर्देश दिया कि राज्य में पशु चिकित्सा की पढ़ाई के लिए नए संस्थान खोले जाने की संभावनाओं पर कार्य करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में बकरी पालन, मुर्गी पालन एवं सुकर पालन योजनाओं को अधिक व्यवहारिक और पशुपालकों के लिए सरल बनाने पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों तक पहुंचना चाहिए, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। मंत्री ने आधारभूत संरचनाओं एवं सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



**कुलपति ने मंत्री को किया आमंत्रित**

इस बीच बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान कुलपति ने मंत्री को आगामी 22 मई 2026 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया। मुलाकात के दौरान मंत्री नंदकिशोर राम ने कहा कि राज्य में डेयरी, मत्स्य एवं पशु चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। ऐसे में विश्वविद्यालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि पशुपालन एवं पशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर नीतियां तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय को राज्य सरकार के 'थिंक टैंक' के रूप में कार्य करना चाहिए। मंत्री ने पशु जनित खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस दिशा में शोध एवं वैज्ञानिक पहल की आवश्यकता है, ताकि आम लोगों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने मंत्री को विश्वविद्यालय की शिक्षण, शोध एवं प्रसार गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

# प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने की संजीत हत्याकांड के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आरा जिले के गढ़नी प्रखंड में उप प्रमुख के पति संजीत कुमार की निर्मम हत्या के बाद राजनीतिक और सामाजिक प्रतिक्रिया तेज हो गई है। बीजेपी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार के प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने घटना को अत्यंत दुखद, निंदनीय और हृदय विदारक बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह केवल हत्या नहीं, बल्कि राजनीतिक साजिश के तहत की गई सुनियोजित वारदात प्रतीत होती है। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने बयान जारी कर कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने भोजपुर के पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर बातचीत कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर अपराधियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दिलाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि इस दर्दनाक घटना ने पूरे चंद्रवंशी समाज और अति पिछड़ा समाज को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने बिहार सरकार से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने तथा सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि संजीत कुमार के परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि आवश्यकता पड़ने पर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन भी किया जाएगा।



# 11 मई की तारीख राष्ट्रीय स्वाभिमान और शक्ति का प्रतीक : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जनता दल (यू) विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने 11 मई की तिथि की विशेषता बताते हुए एक प्रेस बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय स्वाभिमान और शक्ति का प्रतीक है। अंतराष्ट्रीय भू-राजनैतिक दबाबों और सम्भावित प्रतिबंधों के बावजूद भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रसिद्ध वैज्ञानिक भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और भूतपूर्व रक्षामंत्री जार्ज फर्नांडिस ने 11 मई 1998 को राजस्थान के पोखरण इलाके में पोखरन-2 का सफल परमाणु परीक्षण कर विश्व पटल पर एक परमाणु संपन्न देश के रूप में भारत की स्थिति को स्थापित किया। इस साहसिक कदम ने भारत को विश्व के शक्तिशाली परमाणु संपन्न देशों की श्रेणी में ला दिया। 'मिसाइल मैन' के नाम से प्रसिद्ध डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिभा, दूरदृष्टि और देशभक्ति ने भारत की रक्षा शक्ति को नई ऊंचाईयां प्रदान की।



# अवैध खनन माफिया पर होगी सख्त कार्रवाई : डॉ. प्रमोद कुमार

## खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री ने संभाला कार्यभार, भ्रष्टाचार पर नकेल कसने का आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि राज्य में अवैध खनन में संलिप्त माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री श्री कुमार सोमवार को अपने विभाग का पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैध कार्य करने वालों को घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन अवैध कार्यों में संलिप्त लोग किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे। मंत्री ने बताया कि एनडीए सरकार में पारदर्शिता के साथ काम होता है। विभागीय पदाधिकारियों के साथ जल्द ही बैठक कर राज्य में वैध-अवैध खनन करने वालों की पहचान की जाएगी और उसके बाद कार्रवाई का दौर शुरू होगा। बंद पहाड़ों की कटाई आदि को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भू-वैज्ञानिकों से बातचीत के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा।

# बख्तियारपुर स्टेशन पर, मेगा टिकट चेकिंग अभियान में 364 यात्री पकड़े गये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत रहता है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में अभिनव सिद्धार्थ (वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर) के निर्देश पर बख्तियारपुर स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बख्तियारपुर स्टेशन से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों 12391/92 (श्रमजीवी एक्सप्रेस), 15946 ( डिब्रुगढ़-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस), 15713 (कटिहार पटना इंटरसिटी), 13234(दानापुर-कोडरमा एक्सप्रेस), 18622 (पाटलिपुत्र एक्सप्रेस) तथा इस मार्ग से गुजरने वाली अन्य पैसेंजर ट्रेनों का बख्तियारपुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव को लेकर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया जिसमें कुल मिलाकर 364 अनियमित/बिना प्राधिकार वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में लगभग 02 लाख रुपए का रेल राजस्व अर्जित किया गया।

# फ्लॉप शहजादे को कैसे पता होगी राष्ट्रनीति की एबीसीडी: ऋतुराज सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर करारा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रहित में की गई '7 अपीलों' को 'उपदेश' कहना राहुल गांधी की राजनीतिक ओछी मानसिकता और अज्ञानता की पराकाष्ठा है। श्री सिन्हा ने कहा कि जो व्यक्ति विदेशी धरती पर जाकर अपने ही देश का अपमान करता हो और जो हमेशा विदेशी ताकतों के एजेंडे को हवा देता हो, उसे राष्ट्रनीति की 'एबीसीडी' का ज्ञान कभी नहीं हो सकता। राहुल गांधी जैसे 'फ्लॉप शहजादे' को यह समझ लेना चाहिए कि देश उनके बचकाने बयानों से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत संकल्पों और जनता के अटूट भरोसे से चलता है। ऋतुराज सिन्हा ने तीखे लहजे में कहा कि जब विश्व एक गंभीर संकट के मुहाने पर खड़ा है, तब प्रधानमंत्री ने देश को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने के लिए जनता से सहयोग मांगा है। इसे सरकार की 'नाकामी' बताना न केवल झूठ है, बल्कि उन करोड़ों देशभक्त नागरिकों के संकल्प का अपमान है जो राष्ट्र निर्माण के लिए अपना योगदान देने को तैयार हैं। सिन्हा ने राहुल गांधी को आइना दिखाते हुए कहा कि देश चलाना तो दूर, राहुल गांधी से अपनी पार्टी के चार नेता नहीं संभल रहे, वह व्यक्ति दुनिया के सबसे शक्तिशाली नेतृत्व को देश चलाने की सीख न दे। भाजपा नेता ने आगे कहा कि राहुल गांधी की पूरी राजनीति केवल भ्रम फैलाने और नकारात्मकता पैदा करने तक सीमित रह गई है। प्रधानमंत्री की अपीलें—चाहे वह स्वदेशी अपनाना हो, बचत करना हो या प्राकृतिक खेती—भारत के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हैं। राहुल गांधी जैसे लोग जो केवल चुनाव के समय पर्यटन पर निकलते हैं उन्हें जनता की भावनाओं और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं की समझ कभी नहीं हो सकती। श्री सिन्हा ने स्पष्ट किया कि देश की जनता ऐसे 'पार्ट-टाइम' नेताओं के बहकावे में आने वाली नहीं है। जनता ऐसे अहंकारियों को पहले भी सबक सिखा चुकी है और राहुल गांधी के इस विषैले नैरेटिव को एक बार फिर कचरे के डिब्बे में फेंक देगी।



# डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने किया सचिव, जल संसाधन विभाग के रूप में पदभार ग्रहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने सिंचाई भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विभाग के अभियंता प्रमुख ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख वरुण कुमार, अभियंता प्रमुख अनवर जमील सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. सिंह ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य को बाढ़ से सुरक्षित रखना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि मॉनसून अवधि प्रारंभ होने से पूर्व सभी बाढ़ संघर्षात्मक एवं सुरक्षात्मक कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर लिए जाएं तथा तटबंधों का नियमित निरीक्षण और सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। डॉ. सिंह ने कहा कि वे स्वयं बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित भ्रमण करेंगे।



# कौशल विकास केंद्रों की समस्याओं को लेकर केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी वैशाली का प्रतिनिधिमंडल मंत्री अरुण शंकर प्रसाद से मिला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वैशाली।** बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित कुशल युवा कार्यक्रम एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों में वर्तमान समय में उत्पन्न विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी वैशाली के एक प्रतिनिधिमंडल ने युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, श्रम संसाधन एवं प्रवासी कल्याण विभाग, बिहार सरकार के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. आनंद रंजन झा, अमोद कुमार, राकेश सिन्हा, धर्मेन्द्र कुमार, मोध अमजद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने केवाईपी प्रशिक्षण केंद्रों में आ रही रिन्यूअल संबंधी समस्याओं, नामांकन प्रभावित होने, लंबित भुगतान, संचालन संबंधी कठिनाइयों तथा अन्य प्रशासनिक एवं तकनीकी जटिलताओं को मंत्री के समक्ष विस्तारपूर्वक रखा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पिछले लगभग छह माह से प्रशिक्षण से संबंधित राशि का भुगतान लंबित है जिससे कई प्रशिक्षण केंद्र आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि लगातार भुगतान लंबित रहने एवं रिन्यूअल प्रक्रिया में आ रही बाधाओं के कारण प्रशिक्षण केंद्रों के समक्ष गंभीर वित्तीय एवं प्रशासनिक समस्याएं उत्पन्न हो रही है। इसका सीधा प्रभाव बिहार के युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण पर पड़ रहा है।



# विरोधी मानसिकता वाले राहुल को कभी देश की चिंता समझ नहीं आएगी : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पश्चिम एशिया में छिड़े युद्ध के कारण पैदा हुए वैश्विक तेल संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंधन बचाओ की अपील पर सियासत तेज हो गई है। रविवार को पीएम मोदी ने देशवासियों से वर्क-फ्रॉम-होम अपनाने, ईंधन की खपत कम करने और एक साल तक शादियों के लिए सोना न खरीदने की अपील जनहित व देशहित में की थी। मामले पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर तंज कसकर अपनी विरोधी मानसिकता दर्शायी है जिस पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने राहुल गांधी को करारा जवाब दिया है। श्री पांडेय ने कहा राहुल गांधी को देश के हित से ज्यादा राजनीति प्यारी है जब पूरा विश्व युद्ध के कारण तेल संकट से जूझ रहा है। रुपए पर दबाव बढ़ रहा है, तब प्रधानमंत्री देश को बचाने के लिए छोटे-छोटे त्याग की बात कर रहे हैं। ये त्याग नहीं तो क्या है? मगर जिन्होंने देश पर करीब 60 साल राज किया उन्होंने जनता को सिर्फ मुफ्तखोरी सिखाई। आज जब पीएम मोदी जी देश को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने की बात कर रहे हैं तो कांग्रेस को दर्द हो रहा है। सोना न खरीदने की बात, घर से काम करने की बात - ये सब देशभक्ति है। किसी संभावित विपत्ती के समय देश के साथ खड़ा होना हर नागरिक का फर्ज है, लेकिन राहुल गांधी को ये बात समझ नहीं आएगी क्योंकि उनके लिए देश नहीं, परिवार पहले है।

## झूठ के खिलाफ सच की आवाज बनें : कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु का संदेश

# नई ऊर्जा और नए चेहरों से संगठन को मिलेगी मजबूती : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में नेशनल टैलेंट हंट के माध्यम से चयनित प्रतिभागियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने नेशनल टैलेंट हंट के माध्यम से प्रवक्ता, पैनलिस्ट एवं प्रोग्राम रिसर्चर के रूप में चयनित सभी साथियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रवक्ता बनकर सफलता प्राप्त करना पूरी तरह आप पर निर्भर करता है। इसके लिए हर दिन स्वयं पर मेहनत और निरंतर अभ्यास करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रवक्ता बनना केवल किसी पद को प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह पार्टी की आवाज बनने की जिम्मेदारी है। प्रवक्ताओं को बिहार, जनता और देश की आवाज बनकर सच्चाई को मजबूती के साथ जनता के सामने रखना होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए हुनर के साथ-साथ हिम्मत की भी जरूरत होती है। यदि आपमें हिम्मत और आत्मविश्वास होगा तो जनता भी आपके साथ खड़ी होगी। इसलिए सभी साथियों को चाहिए कि वे हर दिन अपने ज्ञान, तर्क और संवाद कौशल को मजबूत करने के लिए लगातार काम करें।




# एएमयू एलुमनाई एसोसिएशन, बिहार चैप्टर की नई कार्यकारिणी का गठन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ए एम यू एलुमनाई एसोसिएशन बिहार चैप्टर की एक आम सभा रविवार को देर शाम एएमयू एलुमनाई ऑफिस, पटना में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अलीग जनाब कासिम राजा ने की। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए 30 से अधिक वरिष्ठ पूर्व छात्रों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। डा. फुजैल अहमद कादरी को अध्यक्ष चुना गया,जबकि इ. कमर आलम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए इ. आजाद कमाल तथा डा. अरशद एस हक का चयन किया गया। डा. अमजद अली को मानद सचिव नियुक्त किया गया जबकि डा. फैसल इकबाल, मिस्टर तारिक अजीज तथा डा. दानिश इकबाल को संयुक्त सचिव चुना गया।

# मदर्स डे पर माताओं को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मदर्स डे के पावन अवसर पर मातृ शक्ति के त्याग और संस्कार को नमन करते हुए इन्दिरा आईवीएफ, पटना ने बिहार की प्रेरणादायी माताओं को सम्मानित कर मातृत्व की महान शक्ति को सलाम किया। 'मां का अथाह प्रेम' थीम पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में उन माताओं को सम्मानित किया गया जिनके संस्कार, संघर्ष और समर्पण ने उनके बच्चों को समाज में एक विशिष्ट पहचान दिलाई। इस अवसर पर अलीनगर विधायक एवं प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर की माता भारती ठाकुर, स्वच्छता एवं नमामि गंगे अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत की माता शैल बाला, लोकप्रिय रेडियो जॉकी आरजे अंजली की माता संजुक्ता सिंह, आरजे रमा की माता संगीता रानी, नालंदा दस्तक के लोकप्रिय यूट्यूबर एवं इंफ्लुएंसर अमित चौरसिया की माता धर्मशिला देवी तथा एडवे मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक मनोज कुमार की माता मीला देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा अशोक वृक्ष को जल अर्पित कर की गई जो मां के अटल प्रेम, धैर्य और सहनशीलता का प्रतीक माना जाता है। इन्दिरा आईवीएफ एवं मेटकेयर ग्रुप, पटना सेंटर हेड एवं एम्ब्रायोलॉजिस्ट डॉ. दयानिधि कुमार ने स्वागत भाषण में कहा कि मां के समान त्याग और तप दुनिया में कोई नहीं कर सकता। हर सफल व्यक्ति के पीछे उसकी मां के संघर्ष, संस्कार और आशीर्वाद की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विधायक एवं लोकगायिका मैथिली ठाकुर ने कहा कि मां के त्याग और प्रेम का वर्णन शब्दों में संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज वे जिस मुकाम पर हैं, उसके पीछे उनकी मां के संस्कार, समर्पण और आशीर्वाद की सबसे बड़ी भूमिका है। डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि मां केवल जन्म नहीं देती, बल्कि जीवन जीने की दिशा भी देती है। स्वच्छ समाज और जागरूकता के प्रति जो प्रेरणा उन्हें मिली, उसकी शुरुआत उनके घर और मां के संस्कारों से हुई।




# काशी कॉरिडोर की तर्ज पर बदलेगा हरिहरनाथ मंदिर, 20 लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता पदभार संभालने के बाद सोमवार को सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। मंत्री ने लोगों को आश्वासन दिया कि वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर यहां भी विकास कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि सरकार पर्यटन के माध्यम से राज्य को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। इसके तहत अगले 5 वर्षों में लगभग 20 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने के लिए राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में पर्यटन विभाग राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त बनाएगा। हाल ही में कैबिनेट बैठक में सोनपुर के प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने का प्रस्ताव पास किया गया है। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से 680 करोड़ रुपये की स्वीकृत किए गए हैं।

# संपादकीय

## पंजाब में फिर लौट रहा खालिस्तानी आतंक?

पंजाब में आतंकी तंत्र के फैलते दायरे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले वर्ष जुलाई में सुरक्षा एजंसियों ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था।पंजाब में पिछले कुछ समय से आतंकी गतिविधियां जिस तरह से बढ़ रही हैं, वह बड़े खतरे की ओर इशारा करती हैं। बीते दस दिनों के भीतर राज्य में तीन बम धमाकों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। अब तक की जांच-पड़ताल के निष्कर्षों की जो तस्वीर सामने आई है, उससे इस बात के साफ संकेत मिलते हैं कि उग्रवाद का कठिन दौर झेल चुके इस राज्य में खालिस्तान समर्थक आतंकी तंत्र फिर से सिर उठाने लगा है। जलंधर और अमृतसर में मंगलवार रात हुए दो सिलसिलेवार विस्फोटों ने राज्य की सुरक्षा एजंसियों की सतर्कता और खुफिया चौकसी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।इन विस्फोटों की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दोनों जगह सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिश की गई। आतंक के इस तंत्र को लेकर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि विभिन्न समूहों से जुड़े ज्यादातर आतंकी किसी आम नागरिक की तरह समाज में घुल-मिलकर रहते हैं, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल होता है। मौका मिलने पर वे अपने आकाओं के निर्देश पर हमला करने के लिए सक्रिय हो जाते हैं।गौरतलब है कि पंजाब के जलंधर में मंगलवार रात करीब आठ बजे सीमा सुरक्षा बल के पंजाब फ्रंटियर के मुख्यालय के बाहर विस्फोट हुआ। इसके बाद दूसरा धमाका रात करीब ग्यारह बजे अमृतसर में सैन्य छावनी के पास हुआ। जलंधर में हुए विस्फोट की जिम्मेदारी प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली है और पुलिस ने भी इसकी पुष्टि की है। इससे पहले पटियाला के शंभू इलाके में 27 अप्रैल को एक मालगाड़ी की पटरी पर विस्फोट हुआ था।पुलिस ने इस सिलसिले में खालिस्तान समर्थक एक आतंकी गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। ये घटनाएं खुफिया तंत्र की विफलता और सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामी की ओर इशारा करती हैं। राज्य पुलिस का मानना है कि इन आतंकी वारदातों के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। सीमा पार से खालिस्तान समर्थक आतंकी समूहों को प्रशिक्षण, विस्फोटक सामग्री और हथियार मुहैया कराए जा रहे हैं।

मगर सवाल है कि सुरक्षा एजंसियां इस तरह की गतिविधियों पर नियमित नजर रखने और किसी भी वारदात से पहले ही आतंकियों को धर-दबोचने में नाकाम क्यों हो रही हैं?पुलिस के मुताबिक, अमृतसर में विस्फोट स्थल पर आईईडी के टुकड़े मिले हैं, जिससे संकेत मिलता है कि यह या तो टाइम बम से किया गया विस्फोट था या फिर रिमोट कंट्रोल से धमाका किया गया। ऐसे में सुरक्षा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। अगर सुरक्षाबलों के परिसर में ही चौकसी के बंदोबस्त इतने कमजोर हैं कि कोई भी वहां विस्फोटक सामग्री रख सकता है, तो फिर अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का स्तर कैसा होगा, इसका अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है।

# अजेय अस्मिता का अंगार- झुकती दुनिया में 'महाराणा प्रताप' होने का अर्थ

**जब स्वाधीनता ने स्वयं को मानवीय स्वरूप में प्रकट करना चाहा, जब समता और समन्वय ने 'योद्धा' के रूप में खुद को ढालने की आरजू की, जब 'वीरता और वैराग्य' ने संयुक्त रूप से प्रस्फुटित होने का संकल्प लिया तब 09 मई 1540 को कुंभलगढ़ के किले में महाराणा प्रताप नामक आलोक का उदय हुआ। पराधीनता के घोर तिमिर में 'भुवन भास्कर' बन उदित होने वाला यह कालजई किरदार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना आज से 500 वर्ष पूर्व था। संभव है कि उनकी जयंती के अवसर पर फिर दुराग्रह और तुष्टीकरण की विष्ठा के आहार पर पल रहे कुछ बुद्धिजीवी मानवता के 'प्रताप' को लघुतर साबित करने का कुप्रयास करेंगे।**

**(प्रणय विक्रम सिंह)**

मुल्क के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे प्रखर राष्ट्रवादी अकबर नहीं महाराणा थे महान, कह कर उन छद्म कुपढ़ों का प्रतिकार करेंगे। किंतु यह दोनों बातें इस बहस को जन्म अवश्य देती हैं कि आखिर महाराणा में क्या महानता थी। या महाराणा और अकबर में कौन महान था।

वैसे महानता के अपने-अपने मापदंड हो सकते हैं। जैसे मेरा मानना है कि महान बनने के लिये किसी भी व्यक्ति अथवा शासक में मानवता का होना बुनियादी शर्त है। वह जितना अधिक मानवीय मूल्यों और जन पक्षधरता के निकट होगा, महानता से समीपता बढ़ती चली जायेगी। मानवीय मूल्य और जन पक्षधरता वाले निणर्यों की बुनियाद पर मैं महाराणा प्रताप को समकालीन इतिहास का महान शासक मानता हूं।

अब प्रश्न है कि आखिर महाराणा में महानता थी क्या?

महाराणा की महानता को जानने के लिये इंटरनेट की तरंगों पर मचल रही 21वीं सदी को थोड़ा पीछे मुड़ कर उस कालखंड की तरफ देखना पड़ेगा जब भारत का स्वर्ण काल बीत चुका था। इंद्रप्रस्थ का सिंहासन बन चुका था तख्त-ए-दिल्ली। चंगेज खान के फरजंद (उत्तराधिकारी) लूटने लगे थे इस देव भूमि को। जिन्हें कभी सूर्य और चंद्र के वशंज होने का अभिमान था वो क्षत्रिय, अब कुरनीस करने लगे थे जलालुद्दीन मोहम्मद अकबर के दरबार में। मुगलों के परचम तले भारतवर्ष के बड़े-बड़े राज्य अपना अस्तित्व खो रहे थे। जो कल तक राजा थे, वह आज मनसबदार बन कर खुद को महफूज समझ रहे थे। कहीं से बगावत की कोई आवाज नहीं आ रही थी। 'सत्य' ने 'सत्ता' के सम्मुख समर्पण कर दिया था। कहते हैं कि बहती धारा में कोई पेड़ उग नहीं पाता है। लेकिन कुछ हठीले दरख्त ऐसे भी होते हैं जिन्हे समय का सैलाब भी बहा नहीं पाता है। वह अविचल, अडिग खड़े रहते हैं प्रलयंकारी तूफानों में। धारा का तेज बहाव, समय की तपिश, तूफानों के रक्ताभ थपेड़े उनका बाल भी बांका नहीं कर पाते हैं।

उस वक्त, कुछ ऐसे ही मतवाले दरख्तों से लहलहा रही थी वीर मेवाड़ की धरती, जब अपने साम्राज्यवादी मंसूबों की कुत्सित पिपासा को मिटाने के लिये अकबर तेजी से मेवाड़ की ओर आगे बढ़ रहा था। और मेवाड़ मचल रहा था स्वाधीनता के अमर गायक महाराणा प्रताप की तान पर। वो महाराणा, जिसने वीरता के प्रतिमानों को ही बदल दिया। वो, महाराणा जिसने मृत्यु की नाद पर जीवन को थिरकना सिखाया। वो महाराणा, जिसकी रगों में महारानी पद्मनी का तेज, राणा सांगा का पराक्रम, माता पन्ना धाय का त्याग, संस्कार बन कर दौड़ रहा था। भला उसे अकबर नाम का अंधड़ क्या परेशान करता। लालच के पृष्ठ पर अपमान के अक्षरों से लिखे तमाम संधि प्रस्तावों पर स्वाभिमान की स्याही उड़ेलता रहा महाराणा। लिहाजा सज गई हल्दीघाटी। शायद हल्दीघाटी के हिस्से में भी वीरों की तपस्थली होने का गौरव आना था। हल्दीघाटी की जय-पराजय तो अलग विषय है लेकिन अकबर को इस युद्ध के बाद यह ज्ञात हो गया कि आगे का मार्ग आसान नहीं है। उसके अविजित होने का दंभ हिल गया। सम्पूर्ण भारतवर्ष ने महाराणा में एक नई उम्मीद देखनी प्रारम्भ कर दी। अब प्रताप का संघर्ष हर उस व्यक्ति और समाज के लिये प्रेरणा बन चुका था, जो अपने अस्तित्व की रक्षा को अपना धर्म समझता था। हल्दीघाटी मात्र एक युद्धभूमि नहीं थी, वह चेतना की कसौटी थी। वहां दो



सेनाएं नहीं भिड़ीं, वहां दो दृष्टियों टकराईज एक ओर विस्तार की भूख, दूसरी ओर अस्तित्व की रक्षा।

जब कोई महाशक्ति किसी देश की सांसें सैन्य/आर्थिक घेराबंदी से गिनने लगती है, जब वियतनाम, बलोचिस्तान और वेनेजुएला जैसी धरती अपने ही संसाधनों के बीच घुटन महसूस करती है, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि हल्दीघाटी कोई स्थान नहीं थी, वह हर युग की एक स्थिति है। संघर्ष का रंग बदला है, आत्मा की परीक्षा वही है।

यह विडंबना ही है कि जन सामान्य और इतिहासकार, महज हल्दीघाटी के युद्ध तक ही सीमित कर देते हैं प्रताप को। जबकि सच तो यह है कि महाराणा अपने कालखंड के सबसे बड़े समाज सुधारक थे। अब देखिये न, जातीय जड़ता में जकड़े हुये मध्यकालीन युग में प्रताप ने अपनी सेना में अछूत समझे जाने वाले दलित धांगर बिरादरी के लोगों को न केवल शामिल किया था बल्कि उन्हें सेना की अगली कतार में चलने का गौरव भी प्रदान किया। यह किसी भी वंचित समुदाय को योद्धा बनाने की युगांतकारी पहल थी।

राणा प्रताप ने बाल्यकाल से ही भीलों को हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखा और तात्कालीन समाज में व्याप्त अनेक जातीय शिष्टाचार को दरकिनार कर उनके साथ एक पंगत में बैठ भोजन करते थे राणा। यह स्वामी भक्त भीलों के शौर्य और राणा के समतामूलक विचारों का ही परिणाम है कि आज भी मेवाड़ राजवंश के प्रतीक चिह्न पर एक ओर क्षत्रिय खड़ा है तो दूसरी ओर भील। यही नहीं, अनेक अवरोधों के बावजूद सामाजिक समरसता में एक कदम आगे बढ़ते हुये अफगान पठान हकीम खां सूर के दल को अपने हरावल दस्ते की कमान सौंपी। भील, धांगर समेत अन्य वंचित समुदाय उनके लिए एक ही आग के अंगार थे। जहां योग्यता थी, वहां भेदभाव की दीवार अपने आप गिर जाती थी। आज, जब समाज को फिर से ब्छ रूपी खांचों बांटने की कोशिशें तेज हैं, प्रताप की यह दृष्टि मरहम की तरह उतरती है।

महाराणा प्रताप प्रजा के हृदय पर शासन करने वाले शासक थे। उनकी एक आज्ञा हुई और विजयी सेना ने देखा कि उसकी विजय व्यर्थ है। चित्तौड़ भस्म हो गया, खेत उजड़ गये, कुएं भर दिये गये और ग्राम के लोग जंगल एवं पर्वतों में अपने समस्त पशु एवं सामग्री के साथ अदृश्य हो गये। दशकों तक मेवाड़ में अन्न का दाना नहीं उपजा। पूरा मेवाड़ युद्ध का मैदान बना हुआ था। सब तरफ भुखमरी और मार-काट थी, ऐसे में सब साथ छोड़ जाते हैं लेकिन मेवाड़ ने प्रताप का साथ कभी नहीं छोड़ा। मेवाड़ की जनता प्रताप के पीछे चट्टान की तरह खड़ी रही।

महाराणा प्रताप की अदम्य वीरता, दृढ़ साहस और कुशल सेनानायक की उज्वल कीर्ति के आलोक में अनेक ऐसे गुण, जो महाराणा के व्यक्तित्व को विभिन्न आयामों में विराटता प्रदान करते हैं, छिप कर रह गये हैं। विदित हो कि महाराणा प्रताप में अच्छे सेनानायक के गुणों के साथ-साथ अच्छे व्यवस्थापक की विशेषताएं भी थी। अपने शासनकाल में उन्होने युद्ध में उजड़े गांवों को पुन~ व्यवस्थित किया। नवीन राजधानी चावण्ड को अधिक आकर्षक बनाने का श्रेय महाराणा प्रताप को जाता है। चावंड को चित्रकला का केंद्र बनाकर नई चित्र शैली मेवाड़ी शैली का प्रारम्भ करवाया।

महाराणा प्रताप को स्थापत्य, कला, भाषा और साहित्य से भी लगाव था। वे स्वयं विद्वान तथा कवि थे। उनके शासनकाल में अनेक विद्वानों एवं साहित्यकारों को आश्रय प्राप्त था। राजधानी के भवनों पर कुम्भाकालीन स्थापत्य की अमिट छाप देखने को मिलती है। पद्मिनी चरित्र की रचना तथा दुरसा आढा की कविताएं महाराणा प्रताप के युग को आज भी अमर बनाये हुए हैं। उनकी प्रेरणा से ही मथुरा के चक्रपाणी मिश्र ने विश्व वल्लभ नामक स्थापत्य तथा मुहूर्त माला नामक ज्योतिष ग्रंथ की रचना की। चांवड में चावंड माता के मंदिर का निर्माण भी राणा प्रताप ने ही करवाया था।

दीगर है कि अंग्रेजी हुकूमत से स्वाधीनता हेतु संघर्षरत अनेक महान क्रांतिकारियों के प्रेरणा स्रोत थे 500 वर्ष पूर्व जन्में महाराणा। वीर शिरोमणि चंद्रशेखर आजाद के लिये आदर्श थे राणा। क्रान्तिकारियों के लिए मेवाड़ की धरती, चित्तौड़गढ़ और हल्दीघाटी तीर्थस्थल बन चुके थे। वस्तुत~ अंग्रेजों की दासता से मुक्ति दिलाने के लिए महाराणा प्रताप के नाम ने जादू का काम किया। डीप स्टेट के अदृश्य तंत्र, प्रलोभनों की आंधियां और भीतर से राष्ट्र को खोखला करने वाली साजिशें इन सबके बीच महाराणा प्रताप दीप बनकर खड़े दिखाई देते हैं। वे याद दिलाते हैं कि पराधीनता पहले मन में उतरती है, सीमाओं पर बाद में। यदि चेतना सजग रहे, तो कोई भी जाल स्थायी नहीं हो सकता।

वस्तुत~ वह हमारे दुर्धर संघर्ष, निष्ठा, समर्पण और पराक्रम की अपूर्व धरोहर हैं। वह ऐसा इतिहास हैं, जो कभी मर नहीं सकता। ऐसे भी अनेक प्रयास हुए हैं और आगे भी होते रहेंगे जो महाराणा प्रताप की गरिमा को सन्देह की शय्या पर सुलाना चाहेंगे।

लेकिन शायद ऐसा करने वाले यह भूल गये हैं कि महाराणा प्रताप का इतिहास मानव-जीवन का पर्याय है और कोई भी ऐतिहासिक दुराग्रह, उसे प्राप्त प्रतिष्ठा से अपदस्थ नहीं कर सकती। युगों-युगों तक पीढ़ियां स्वाधीनता के अमर हस्ताक्षर को स्मरण कर प्रेरणा प्राप्त करती रहेंगी।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# भाजपा को परखने के औजार बदलने होंगे

**(राकेश सैन)**

राष्ट्रवाद को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लेकर अनेक विचारक स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत का राष्ट्रवाद संकीर्ण पश्चिमी राष्ट्रवाद से सर्वदा विपरीत है। पश्चिमी मीडिया भारत को अक्सर यूरोपीय राजनीतिक अनुभवों के चश्मे से देखने की कोशिश करता है। वहां राष्ट्रवाद का अर्थ सत्ता विस्तार व नस्लीय वर्चस्व रहा है। भारतीय जनता पार्टी की बंगाल जीत ने केवल राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक विश्लेषकों का भी ध्यान आकर्षित किया है। सभी अपने-अपने मापदण्डों पर इस चुनाव परिणाम को परख रहे हैं परन्तु पुराने ढर्रों पर चलते हुए फिर से गलती पर गलती दोहराते लगते हैं। यहां के विपक्ष की मानें तो यह एसआईआर के प्रयोग से निकला विजयमार्ग है तो विदेशी विश्लेषक फिर से जिंगल बैल जिंदल बैल की तरज पर साम्प्रदायिकता का गीत गाने लगे हैं। इन पांच राज्यों के चुनाव परिणाम बताते हैं कि भाजपा ने कहीं पहली बार पांव जमाए हैं, कहीं वह फिर से सत्ता में आई है तो कहीं उसने अपना जनाधार बढ़ाया है। अगर केरल जैसे राज्य में वामपंथी दलों को भाजपा के प्रभाव के डर से अयप्पा के दर्शन करने पड़ें, भाजपा के लिए राजनीतिक रूप से बंजर कहे जाने वाले बंगाल में कमल की फसल लहलाने लगे, द्रविड़ राजनीति के केंद्र तमिलनाडू में उसकी आहट सुनने लगे यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि विरोधी इस दल को गलत औजारों से परख रहे हैं। विरोधी भूलते हैं कि देश का मतदाता मदिहीन नहीं है, वह सुशासन व विकास को अपनी पसंद बनाता जा रहा है। अगर कोई दल संविधान के अनुरूप काम करते हुए जनता की पसंद बन रहा है तो विरोधियों को भी अपनी सोच बदलनी होगी। राष्ट्रवाद को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लेकर अनेक विचारक स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत का राष्ट्रवाद संकीर्ण पश्चिमी राष्ट्रवाद से सर्वदा विपरीत है। पश्चिमी मीडिया भारत को अक्सर यूरोपीय राजनीतिक अनुभवों के चश्मे से देखने की कोशिश करता है। वहां राष्ट्रवाद का अर्थ सत्ता विस्तार व नस्लीय वर्चस्व रहा है। जबकि भारत में राष्ट्रवाद सांस्कृतिक, सभ्यतागत पहचान और ऐतिहासिक आत्मबोध से जुड़ा है। इसे विदेशी मीडिया समझ नहीं पाता। इसीलिए वो हमारे सांस्कृतिक पुनर्जागरण को सीधे अल्पसंख्यक-बहुसंख्यकवाद से जोड़ देता है। यही कारण है कि बंगाल में भाजपा की जीत को पश्चिम के विश्लेषकों ने लोकतांत्रिक परिवर्तन के बजाय हिंदू राष्ट्रवादी कब्जे की तरह प्रस्तुत किया गया। एसआईआर पर अर्धसत्य दिखाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने परिणामों के बाद वोट चोरी का आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को भाजपा का आयोग बताया। विदेशी मीडिया ने इन आरोपों को लगभग बिना तथ्य जांचे ही अपने विमर्श का आधार बना लिया। विशेष रूप से एसआईआर को मुस्लिम मतदाताओं को हटाने की साजिश के रूप में पेश किया गया, जबकि हटाए गए 91 लाख नामों में 63 प्रतिशत हिंदू मतदाता थे। बड़ी संख्या में नाम मृत, डुप्लिकेट, स्थायी रूप से स्थानांतरित या फर्जी पाए गए थे। इसके बावजूद विदेशी मीडिया के बड़े हिस्से ने केवल मुस्लिम वोट हटाए गए वाली जिद को प्रमुखता दी। देसी-विदेशी विश्लेषक यह भूल गए कि जिन 20 सीटों पर जाँच के बाद सबसे ज्यादा वोट काटे गए थे, उनमें से ज्यादातर पर टीएमसी ने ही कब्जा जमाया है। इन सीटों में समशेरगंज, लालगोला, भगवानगोला, रघुनाथगंज, मटियाबुर्ज, सूती, मोथाबाड़ी, गोलपोखर, मालतीपुर, चोपड़ा, सुजापुर, राजारहाट न्यू टाउन और बशीरहाट उत्तर शामिल हैं। इन सभी 13 सीटों पर ममता बनर्जी की पार्टी को जीत मिली है। अन्य सीटों की बात करें तो फरक्का सीट पर सबसे ज्यादा 38,222 वोट काटे गए थे, लेकिन वहाँ से कॉन्ग्रेस ने जीत दर्ज की। वहीं भाजपा को जंगीपुर, रतुआ, करनदिघी, केतुग्राम, मानिकचक और मोंतेश्वर जैसी 6 सीटों पर जीत मिली। यह अकेला आँकड़ा ही उस प्रोपेगेंडा की हवा निकाल देता है जिसमें यह दावा किया जा रहा था कि वोटर लिस्ट में सुधार से सिर्फ टीएमसी को नुकसान हुआ और भाजपा को फायदा पहुँचा। अगर बड़े पैमाने पर देखें, तो जिन 187 सीटों पर 5,000 से ज्यादा वोटर्स के नाम काटे गए थे, वहां भाजपा ने 119 और टीएमसी ने 65 सीटों पर जीत दर्ज की। इन 187 सीटों में से 47 सीटें ऐसी थीं, जहाँ कटे हुए वोटों की संख्या जीत के अंतर से ज्यादा थी। भाजपा ने जो 119 सीटें जीतीं, उनमें से 28 सीटों पर जीत का अंतर कटे हुए वोटों से कम था। इन आँकड़ों से साफ है कि कई सीटों पर कांटे की टक्कर थी और वहाँ कटे हुए वोटों की संख्या जीत के मार्जिन से ज्यादा रही। लेकिन हार का पूरा ठीकरा सिर्फ वोटर लिस्ट सुधार की प्रक्रिया पर फोड़ देना और इसे ही हार की एकमात्र वजह बताना पूरी तरह से भ्रामक और गलत है। विदेशी विश्लेषणों में बंगाल के चुनावी परिणाम को हिन्दुत्व के उभार के रंग में रंग दिया। लेकिन वहां की जनता की नाराजगी, आर्थिक बदहाली, भ्रष्टाचार, महिला उत्पीडन्, सत्ताधारियों की हिंसा, उद्योगों का पलायन जैसे कारणों की अनदेखी कर गया। यह तत्व जनता में अप्रासंगिक हो रहे हैं और भाजपा का ग्राफ निरंतर बढ़ रहा है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# रील, स्क्रीन और भागती दुनिया के बीच आखिर क्यों छूटता जा रहा है 'समझने' का हुनर


**देखने और समझने के बीच एक सूक्ष्म-सी दूरी है, पर यही दूरी धीरे-धीरे जीवन को एक अनकही थकान में बदल देती है। हम जीवन भर देखते रहते हैं- चेहरे, सड़कें, भीड़, घटनाएं, समाचार- पर उन्हें समझने का ठहराव जैसे हमारी दिनचर्या से धीरे-धीरे विलुप्त हो गया हो। जीवन हमारे सामने घटता रहता है, पर उसका अर्थ भीतर पहुंचने से पहले ही कहीं फिसल जाता है, जैसे कोई नदी रेत में समा जाए और हम केवल उसकी नमी को महसूस कर सकें, प्रवाह को नहीं।' समय ने समय से कहा होगा कि मैं वही हूं, जो हर युग में अपने अर्थ बदल लेता हूं- कभी प्रतीक्षा बनकर, कभी गति बनकर और कभी उस मौन ठहराव की तरह, जो किसी अनुभव के बाद मनुष्य के भीतर बच जाता है।'**

**(विजय सिंह अधिकारी)**

शायद इन्हीं पंक्तियों में देखने और समझने के बीच की पूरी कथा छिपी है- एक ऐसी कथा जो हर युग में लिखी जाती है, पर कभी पूरी नहीं होती। इसी संदर्भ में यह कहावत भी सटीक प्रतीत होती है- 'आंखों देखी पर यकीन कर लेते हैं, पर समझी हुई बात जीवन बदल देती है।'

आज यह दूरी और भी सूक्ष्म होकर सर्वव्यापी हो गई है। मोबाइल फोन ने देखने को गति नहीं दी, उसने देखने को एक निरंतर प्रवाह में बदल दिया है। अब दृश्य रुकते नहीं, वे बहते हैं। सुबह आंख खुलते ही स्क्रीन, दिनभर सूचनाओं की अनवरत दस्तक और रात तक अनगिनत चित्रों का सिलसिला- जैसे दुनिया अब कोई स्थिर यथार्थ नहीं, बल्कि एक निरंतर संपादित होती हुई फिल्म हो।

दिल्ली मेट्रो में एक युवक अपने मोबाइल में लगातार रील बदल रहा था। एक दृश्य की हंसी अभी पूरी भी नहीं होती कि दूसरा दृश्य शुरू हो जाता था। मृत्यु, विवाह, विज्ञापन, युद्ध- सब एक ही समतल पर समान गति से गुजरते हैं। उस गति में किसी भी दृश्य का भार नहीं बचता। उसी डिब्बे में एक वृद्ध महिला अपने बैग को कसकर पकड़े खड़ी थी। उसके चेहरे पर वर्षों का धैर्य था, पर वह दृश्य नहीं बना, क्योंकि दृष्टि पहले ही





आगे बढ़ चुकी थी।

दिल्ली में एम्स के बाहर हल्की बारिश में एक परिवार प्रतीक्षा कर रहा था। समय वहां रुकता नहीं, फैल जाता है। पिता की आंखें दरवाजे पर जमी थीं, मां की हथेलियां आपस में बंधी थीं, बच्चा हर आहट पर सिहर उठता था। यह केवल प्रतीक्षा नहीं थी- यह समय का वह रूप था, जहां भय और आशा एक ही क्षण में सांस ले रहे थे। पर बाहर से देखने वाला इसे केवल 'कतार' कह देता है। यही वह बिंदु है, जहां देखने और समझने के बीच की सबसे गहरी दरार दिखाई देती है।

इसी तरह एक चौराहे पर एक बच्चा फूल बेच रहा था। हर बार लाल बत्ती पर वह आगे आता, हर हरी बत्ती पर पीछे छूट जाता। उसकी गति नियमों से नहीं, जीवित रहने की विवशता से तय थी। एक कार में बैठे व्यक्ति ने उसे देखा, क्षणभर ठहरा, फिर स्क्रीन में लौट गया। दृश्य पूरा था, पर अर्थ अधूरा रह गया।

स्टेशन पर एक वृद्ध व्यक्ति ट्रेन छूट जाने के बाद भी उसी जगह खड़ा रहा। भीड़ आगे बहती रही, घोषणाएं बदलती रहीं, पर उसके भीतर समय जैसे एक बिंदु पर जम गया था। वह केवल यात्री नहीं था। वह छूटते हुए जीवन का एक मौन संग्रह था, जहां हर छूटना केवल यात्रा नहीं, स्मृति बन रहा था।

गांव में यह अनुभव और भी मौलिक हो जाता है। एक किसान सूखी जमीन को देखता है, पर उसकी दृष्टि केवल दरारों तक सीमित नहीं रहती। उसमें कर्ज की परतें, मौसम की अनिश्चितता, बीज की कीमत और आसमान की चुप्पी एक साथ जीवित रहती है। उसके लिए बादल केवल पानी नहीं, एक संभावना है- एक वादा जो पूरा भी हो सकता है और टूट भी सकता है।

शहर का व्यक्ति मौसम एप देखकर भी असमंजस में रहता है, क्योंकि उसके पास सूचना है, पर वह व्याख्या नहीं, जो अनुभव से जन्म लेती है। किसी बस में बैठी महिला का दृश्य भी ऐसा ही था- गोद में सोता बच्चा, खिड़की से पीछे छूटता शहर, और चेहरे पर थकान की परतें। पर उस थकान के भीतर अनेक भूमिकाएं चल रही थीं- मां, कामगार, देखभालकर्ता और भविष्य की अनिश्चितताओं से जूझती एक चेतना। देखने वाला उसे केवल 'यात्री' कह देता है, पर समझने वाला उसमें एक पूरा सामाजिक और आर्थिक ढांचा पढ़ लेता है।

धीरे-धीरे हमने अनुभव को सूचना में बदल दिया है। सड़क दुर्घटना हमें कुछ क्षण विचलित करती है, फिर अगली सूचना उसे ढक लेती है। अस्पताल की कतार दिखाई देती है, पर उसमें बैठे हर व्यक्ति का समय अदृश्य रह जाता है। किसी मजदूर की झुकी हुई चाल दिखती है, पर उसका पूरा दिन हमारी दृष्टि से बाहर रह जाता है। अब दृश्य आते हैं, पर ठहरते नहीं- और जो नहीं ठहरता, वह अर्थ नहीं बनता।

यहां समय एक मौन भूमिका निभाता है। वह केवल आगे नहीं बढ़ता, वह हमारी दृष्टि को भी आकार देता है। 'समय ने समय से कहा होगा कि यदि तुम तेज हो जाओगे, तो मनुष्य तुम्हें केवल देखेगा, समझेगा नहीं।' गति समय को दृश्य बना देती है, पर अर्थ को धुंधला कर देती है। ठहराव ही वह स्थान है, जहां अनुभव अपने पूरे रूप में प्रकट होता है।

यही कारण है कि देखने और समझने के बीच की यह दूरी केवल तकनीक का परिणाम नहीं, बल्कि हमारी दृष्टि की संरचना में आया एक गहरा परिवर्तन है। यह परिवर्तन हमें संसार का साक्षी तो बनाता है, पर उसका सहभागी नहीं रहने देता। शायद सबसे मौन विडंबना यही है कि हम जितना अधिक दुनिया को देख रहे हैं, उतना ही कम उसे भीतर उतार पा रहे हैं, क्योंकि जो केवल देखा गया है, वह स्मृति बन सकता है, पर जो समझा नहीं गया, वह जीवन नहीं बनता। वह बस एक गुजरती हुई छाया रह जाता है, जो हमारे सामने से भी निकल जाती है और हमारे भीतर से भी।

## संक्षिप्त समाचार

### महापौर ने जनता दरबार में सुनी जनसमस्याएं

**कटिहार (नबिटासं)।** नगर निगम में प्रत्येक सोमवार की भांति इस सोमवार भी महापौर ऊषा देवी अग्रवाल ने जनता दरबार का आयोजन किया। महापौर ने नगर निगम स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आये सभी 46 फरियादियों की समस्या सुनी। महापौर के द्वारा सभी फरियादियों की समस्या सुन त्वरित कारवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिया गया। जनता दरबार में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, सड़क व नाला निर्माण,बिजली पोल एवं लाइट,रास्ते एवं अतिक्रमण से जुड़े विवाद,नालों की साफ - सफाई,सड़क अतिक्रमण करने वाले पर होगी करवाई एवं अन्य मामलों से संबंधित मामले आये। महापौर के द्वारा पिछ्ले जनता दरबार में आये सभी आवेदनों की समीक्षा भी की गई।

### आजमनगर फीडर की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सालमारी/कटिहार (नबिटासं)।** आजमनगर फीडर 33 केवी का तार की क्षमता बढ़ाने के लिए 13/05/2026 तक प्रत्येक दिन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक 33/11/केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र आजमनगर से जुड़े सभी 11केवी फीडरो की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आजमनगर कनीय विद्युत अभियंता विवेक कुमार ने बताया कि सभी से उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि समय से पूर्व बिजली से संबंधित कार्य कर ले। असुविधा के लिए खेद है।

### उद्घाटन की बाट जोह रहा करोड़ों रुपए का बना पशु अस्पताल

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र कुरेठा के प्रांगण में करोड़ों रुपए के बने चमचमाता पशु अस्पताल उद्घाटन का बाट जो रहा हैं। पशु अस्पताल भवन को डॉक्टर के हैंडओवर नहीं करने से डॉक्टर एवं अन्य कर्मी वहां सैकड़ो वर्ष पुराने जर्जर मवेशी भवन में कार्य करने पर मजबूर हैं। जबकि वह जर्जर भवन कभी भी गिर कर ध्वस्त हो सकती हैं एवं कोई भी अनहोनी घटना घट सकती हैं। ऐसी स्थिति में संवेदक के लापरवाही को देखते हुए पंचायत के मुखिया अवधेश प्रसाद यादव ने घोर निंदा की हैं। जबकि स्थानीय ग्रामीणों में रोस व्याप्त हैं । पुरे पंचायत में जनसंख्या अधिक होने के कारण एक ही पशु अस्पताल पर सभी आश्रित हैं। इस मामले पर डॉक्टर रिंकी कुमारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि पशु अस्पताल भवन तो बन गया हैं। मगर उन्हें नहीं सौंपा गया हैं। जिस कारण से जर्जर भवन में ही मवेशी के दवाई वितरण करना आदि कामकाम चल रहा हैं।

### लोहिया स्वच्छता अभियान की उड़ रहीं धज्जियां

**फलका /कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र सोहथा दक्षिण पंचायत बाजार की हाट वाले गली में नाली का गंदा पानी बहने से परेशानी को लेकर पिछ्ले दिनों न्यूज पेपर में प्रकाशित हुआ था। दक्षिण सोहथा पंचायत के मुखिया अनिता गुप्ता के द्वारा ग्रामीण को आश्वासन मिला था। रोड पर बह रहे हैं गंदे पानी से राहगीर एवं ग्रामीणों को निजात मिलेगी। सोमवार को नाला का पानी साफ सफाई कराया गया। नाली में कचरा भरे रहने से गंदा पानी ओवरफ्लो कर रास्ते में बहने से राहगीरों व वाहन चालकों को आने-जाने में दिक्कत हो रही थी। नाली निर्माण कार्य अधर में लटका, ग्रामीणों में आक्रोश मुखिया प्रतिनिधि अमित गुप्ता ने बताया कि रोड पर लगे गंदे पानी को लेकर नाला का कचरा एवम् साफ सफाई किया गया जिससे ग्रामीण एवं राजगीरों को आने जाने में परेशानी नाहो दूषित पानी से बीमारी का शंका बनी रहती है। इन सब चीजों को देखते हुए सफाई की गई है। उन्होंने कहा पानी निकासी का समाधान बहुत जल्द की जाएगी।

### पिकअप की ठोकर से बाइक चालक जख्मी

**फलका /कटिहार (नबिटासं)।** फलका थाना क्षेत्र के लाली सिंघया गांव समीप एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार को ठोकर मार दिया। जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जख्मी को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फलका लाया गया।जहां चिकित्सकों ने जख्मी का उपचार के बाद गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।घटना के बारे में बताया जाता है कि मुकेश कुमार मंडल (30) ज्ञानगढ़ गगलदय कहलगांव निवासी अपना ससुराल सोहथा दक्षिण पंचायत के सोहथा घाट गांव शादी समारोह में शामिल होने आया था।सोमवार को बाइक लेकर जरूरी समान खरीदने फलका बाजार आ रहा था।इसी दौरान श्रीपुर दिशा से आ रहे एक पिकअप वाहन ने ठोकर मार दिया।ठोकर लगने के कारण बाइक चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जिसके बाद पिकअप वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो रहा था।जिसे ग्रामीणों ने पकड़ कर फलका पुलिस को सुपुर्द कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस सदलबल के साथ अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए आगे की कार्रवाई में जुट चुके है।

### सहयोग शिविर आयोजन के लिए पदाधिकारियों एवं कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**कटिहार (नबिटासं)।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में सहयोग शिविर आयोजन को लेकर पदाधिकारियों एवं कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।डीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला एवं प्रखंडस्तर के कार्यालयों के कार्यपालक सहायकों,डाटा एंट्री ऑपरेटरो को ऑनलाइन निष्पादन के बारे में बताया तो वहीं पदाधिकारियों को 30 दिनों के भीतर प्राप्त आवेदनों को निष्पादन कराने का सख़्त निदेश दिया। आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर का आयोजन किया जाना है,जो प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को संबंधित पंचायत सरकार भवन अथवा निकटवर्ती सार्वजनिक स्थल पर आयोजित किया जाएगा। पहला शिविर दिनांक 19.05.2026 को आयोजित किया जाएगा। शिविर की सफलता को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को सहयोग हेल्पलाइन नंबर-1100 का लोकार्पण किया एवं निर्देश भी जारी किये।इस विडियो कांफ्रेस के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में सभी विभागों के मंत्री एवं सचिवों ने सहयोग शिविर के संबंध में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण भी दिया। जिसमें जिला पदाधिकारी,पुलिस अधीक्षक सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी शामिल होकर मुख्यमंत्री द्वारा जारी निदेशों को ध्यानपूर्वक ग्रहण किया। पदाधिकारियों ने अपने अधिनस्थों को 30 दिनों के भीतर प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के



आधार पर निष्पादन करने का निदेश दिया। सहयोग हेल्पलाइन नंबर लोकार्पण कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी,पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ,नगर आयुक्त संतोष कुमार , उप विकास आयुक्त अमित कुमार सहित सभी विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इस दौरान बताया गया कि सहयोग शिविर में जहां आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों का निपटारा करना है।वहीं लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जानी है। शिविर के सफल संचालन के लिए विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मियों की शिविर में उपस्थिति को अनिवार्य बताया गया है।तो वहीं लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्रवाई किये जाने की बात कही गई है। शिविर अनुश्रवण के लिए जिलास्तरीय अनुश्रवण कोषांग का गठन किया गया है।जिसके द्वारा रियल टाइम मॉनिटरिंग प्रणाली के माध्यम से सतत समीक्षा की जाएगी, एवं कोषांग प्रतिदिन पंचायतों में प्राप्त आवेदनों के संकलन तथा निष्पादन की विवरणी तथा पर्यवेक्षण से संबंधित प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी को उपलब्ध कराएगा। डीएम ने भारत जनगणना 2027 के प्रथम चरण में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को अपने आवंटित क्षेत्रों का भ्रमण कर मकानों की नंबरिंग एवं नजरी नक्शा चित्रांकन तैयार के संबंध में निदेश दिया।जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को मकानों में उपलब्ध संसाधनों से संबंधित 33 प्रश्नावली को निर्धारित मोबाइल एप के माध्यम से भरने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया ताकि जनगमना कार्य को समय पर संपन्न कराया जा सके। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा दौरान जिला कृषि पदाधिकारी लंबित फार्मर रजिस्ट्री का कार्य समय पर संपन्न कराने का निर्देश दिया।

# शादी के लालच में गयी अधेड़ की जान

## शादी का प्रलोभन देकर धोखे से की गयी बद्री महलदार की हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार : डीएसपी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार) ।** फरवरी माह में प्रखंड क्षेत्र के धुरियाही पंचायत के मलकाईन मौजे में मकई खेत से एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की हत्या की सूचना पुलिस को मिली थी। मकई खेत से बरामद अधेड़ व्यक्ति की शव की शिनाख्त पूर्णियां घोरघट क्षेत्र के बद्री महलदार के रुप में की गयी थी। सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद कुमार ने मौके पर दलबल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे मे ले लिया था।



इस संदर्भ मे मनिहारी थाना में अज्ञात के विरूद्ध कांड संख्या 45/2026 दिनांक 20.02.2026 दर्ज कर अनुसंधान आरंभ की गयी थी। उक्त आशय की जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष मे आयोजित पत्रकार वार्ता मे दी । जानकारी दी कि पुलिस ने तकनीकी,वैज्ञानिक अनुसंधानों के सहारे प्राप्त ठोस साक्ष्य के आधार पर सोमवार को मनिहारी पुलिस ने उक्त हत्याकांड में शामिल पूर्णियां मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रौतारा निवासी हरिचरण साह के पुत्र सदानंद साह को गिरफ्तार कर लिया।पकडाये आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक बद्री महलदार विदूर थे। उनकी पत्नी की काफी पहले मौत हो चुकी थी। इस वारदात का मुख्य आरोपी मुफ्फसिल थाना पूर्णियां क्षेत्र निवासी ध्रुव ततमा ने अपनी साली से शादी कराने का झांसा देकर पेशे से मछली कारोबारी बद्री महलदार को मनिहारी थाना क्षेत्र के धुरियाही पंचायत के आदिवासी टोला ले आया। शादी की अरमान लिये निकले बद्री महलदार के पास एक लाख से अधिक नकदी भी थी। डीएसपी बिनोद कुमार ने कहा कि नकदी हड़पने की नियत से ध्रुव ततमा और उसके साला ने बद्री महलदार की धारदार हथियार से मारकर हत्याकर शव मकई खेत में छिपा दिया। डीएसपी ने कहा कि घटना मे शामिल अन्य आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस निरीक्षक पप्पु कुमार, थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा मौजूद रहे ।

# प्रखंडस्तरीय बाढ़ अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंडस्तरीय बाढ़ अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अमित साह तथा संचालन अंचलाधिकारी शिखा कुमारी ने की। बैठक में उप प्रमुख मो. रफीक, जदयू प्रखंड अध्यक्ष लड्डू सिंह, सांसद प्रतिनिधि मो. सऊद आलम, एमएलसी प्रतिनिधि प्रमोद अग्रवाल, जिला परिषद सदस्य शैदूल निशा, बीडीओ मनीषा कुमारी सहित सभी मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य स्वास्थ्य,थाना सहित अन्य विभागीय पदाधिकारियों के अंचल एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।



पूर्व बैठक की समीक्षा के बाद आगामी बाढ़ को लेकर पंचायत जनप्रतिनिधियों द्वारा बाढ प्रभावित पंचायतों एवं वार्डों को चिह्नित कराते हुए वहाँ की समस्याओं के समाधान को लेकर पूर्व तैयारी कर लेने का सुझाव दिया।वहीं दर्जनों कटिगों में नाव की आवश्यकता भी जताई गई। प्रमुख अमित साह ने कहा कि प्राणपुर प्रखंड हर वर्ष महानंदा एवं गंगा का बाढ़ पानी से प्रभावित होता है और लोगबाग से जूझते रहते हैं। उन्होंने कहा कि बाढ के समय पदाधिकारियों द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का का निरीक्षण किया जाता है, लेकिन रिपोर्ट जिला नहीं भेजे जाने से प्रभावित परिवार बाढ सहायता से वंचित रह जाते हैं और लोगों में आक्रोश व्याप्त रहता है। बैठक में उपस्थित पंचायत जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में प्रमुख की शिकायत को सही बताया। अंचलाधिकारी ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि इस बार किसी तरह की शिकायत नहीं होगी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का रिपोर्ट जिला को भेजा जाएगा। बस्तौल मुखिया मो. मुजाहिद आलम, केवाला मुखिया तारीक अनवर, सहजा मुखिया जहांगीर आलम, केहुनियां मुखिया मो. हन्नान, प्राणपुर मुखिया प्रमोद सिंह ने दुगार्पुर से लाभा होते हुए भरतकौल तक महानंदा तटबंध सड़क की जर्जर स्थिति से पदाधिकारियों को अवगत कराया और कहा कि अंचलाधिकारी स्वयं भी घूम कर स्थिति का जायजा ले सकते हैं। अंचलाधिकारी ने भी तटबंध की सड़क के जर्जर हो जाने की बात स्वीकार किया।बैठक में तैयारियों की समीक्षा कर कई प्रस्ताव भी लिया गया।

# मनरेगा योजनाओं की समीक्षा, मानव दिवस सृजन और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** उप विकास आयुक्त अररिया श्रीमती रोजी कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभाकक्ष में जिले के अररिया, फारबिसगंज, रानीगंज एवं जोकीहाट प्रखंडों के मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता तथा पंचायत रोजगार सेवकों के साथ मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण तथा अन्य विकास योजनाओं में अधिक से



अधिक मानव दिवस का सृजन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जरूरतमंद ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हो सके और योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं में ई-केवाईसी की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। साथ ही, सभी अपूर्ण एवं लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला से निदेशक डीआरडीए, निदेशक एनईपी, डीपीओ मनरेगा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल की ठोकर से सात वर्षीय बच्ची की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** थाना क्षेत्र के सोनैली-कामरु पीडब्लूडी सड़क पर चंदन नगर के पास मोटरसाइकिल की चपेट में आने से सात वर्षीय एक बच्ची की दर्दनाक मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेक मिली जानकारी के मुताबिक सोनैली अशोक नगर से एक मोटरसाइकिल सवार तेज रफ्तार में चंदन नगर के तरफ जा रहा था।वहीं एक सात वर्षीय बच्ची पैदल अपने घर के तरफ जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से जा रहा मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर बच्ची को अपने चपेट में ले लिया बच्ची के साथ मोटरसाइकिल चालक बांस के झाड़ में चला गया और घटना में दोनों बुरी तरह घायल हो गये।

# अवैध बिजली उपभोग के आरोप में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग की छापेमारी से हड़कंप मचा हुआ है। विभागीय निर्देश के आलोक में कनीय अभियंता रजनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित छापेमारी टीम द्वारा की गई छापेमारी में अवैध रुप से बिजली उपभोग करते चार उपभोक्ता धराया है।इस बाबत कनीय अभियंता श्री सिंह ने बताया कि राजस्व संग्रहण एवं अवैध बिजली उपयोग को लेकर वाणिज्य एवं घरेलू परिसर की जांच की गई जांच के क्रम में रायपुर पंचायत के पड़रिया गांव में संजय कुमार पिता राजेश चौधरी, दिलीप मंडल पिता बलदेव प्रसाद मंडल,महेशपुर पंचायत के पटहरा गांव में नरेश प्रसाद यादव पिता बैद्यनाथ यादव और डंडखोरा पंचायत के मुस्लिम टोला मोहल्ले में शबीरन खातुन को सर्विस तार को मीटर से बायपास कर बिजली उपभोग करते पाया गया है।जेई ने बताया कि इनके कृत्य से विभाग को लगभग 65,000 रुपये राजस्व की क्षति हुई है।उन्होंने बताया कि सभी जगहों से एक-एक मीटर सर्विस तार जब्त करते हुए चारो के विरुद्ध स्थानीय थाना में प्रथमिकी दर्ज करा दी गई है। डंडखोरा थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि जेई से प्राप्त आवेदन के आधार पर उपरोक्त चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

## एक महीने से बंद पड़ी हाई मास्ट लाइट, चौक पर अंधेरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड के बड़ी भैंसदिरा चौक पर लगाई गई हाई मास्ट लाइट अपनी उपयोगिता खोती नजर आ रही है। करीब एक महीने से लाइट बंद पड़ी है, जिससे रात के समय चौक पर अंधेरा पसरा रहता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द मरम्मत कर रोशनी बहाल करने की मांग की है। वार्ड सदस्य मुकेश कुमार, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अखिलेश कुशवाहा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष विजय झा, राकेश कुमार, हीरा मंडल एवं अक्षय गुप्ता ने बताया कि पहले हाई मास्ट के सभी आठों बल्ब जलते थे, जिससे पूरे चौक और आसपास के इलाके में पर्याप्त रोशनी रहती थी।

# भाजपा जिला महामंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भाजपा जिला महामंत्री सौरभ कुमार मालाकार ने बिहार सरकार में मंत्री पद की शपथ लेने के बाद नगर विकास एवं आवास के साथ मंत्री नितीश मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान सौरभ मालाकार ने अंगवस्त्र भेंट कर एवं पुष्प गुच्छ देकर मंत्री का स्वागत किया।

इस दौरान जिला महामंत्री ने कटिहार क्षेत्र के विकास,आम जनता के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई। मालाकार ने कहा कि नितीश मिश्रा के मंत्री बनने से सीमांचल समेत पूरे बिहार के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि मंत्री के नेतृत्व



में राज्य में विकास कार्यों को और मजबूती मिलेगी और आम लोगों के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं धरातल पर उतरेंगी। सौरभ मालाकार ने कटिहार नगर निगम क्षेत्र के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मंत्री नीतीश मिश्रा को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राज्य के शहरों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने की दिशा में विभाग पूरी तत्परता से कार्य करेगा। उन्होंने विभाग की प्राथमिकताओं, शहरी विकास की नई योजनाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। वहीं मंत्री नितीश मिश्रा ने भी सौरभ मालाकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करने का भरोसा भी दिलाया।

# दुआ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** अररिया बैरगाछी मार्ग स्थित मैनापुर में रविवार को दुआ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का फीता काटकर आए हुए अतिथियों ने उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। दुआ हॉस्पिटल के संचालक डॉ. शाहबाज हसन खान वर्ष 2013 से अररिया में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब मैनापुर सहित आसपास के लोगों को बेहतर इलाज के लिए जिले से दूर नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों समेत आसपास के लोगों को एक ही छत के नीचे बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सर्जन डॉ. तुबा यजदानी ने बताया कि अस्पताल में फिलहाल ऑर्थोपेडिक, जनरल फिजिशियन,




इमरजेंसी समेत कई सुविधाएं उपलब्ध हैं। आने वाले समय में डायलिसिस जैसी आधुनिक सुविधाएं भी शुरू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि गरीब मरीजों को आयुष्मान भारत योजना के तहत भी इलाज की सुविधा मिलेगी। मौके पर मौजूद पूर्व मंत्री शाहनवाज आलम ने डॉ. शाहबाज हसन खान को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने एक छोटे क्लीनिक से शुरूआत कर आज क्षेत्र के लोगों के लिए एक आधुनिक मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना की है, जिससे लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उद्घाटन समारोह में पूर्व सांसद सरफराज आलम, बबलू झा, प्रखंड प्रमुख अब्दुल हन्नान, जदयू नेता शाद अहमद बबलू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संगठन सृजन साथी अभियान के तहत कांग्रेस नेत्री को बनाया पूर्णिया शहरी क्षेत्र का प्रभारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने संगठन सृजन साथी अभियान हेतु जिला प्रभारी की सूची जारी कर दी हैं। इस सूची में कांग्रेस नेत्री इंजीनियर मीनाक्षी श्वेता को पूर्णिया शहरी क्षेत्र का प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी की लहर हैं। इस मौके पर कांग्रेस नेत्री इंजीनियर मीनाक्षी श्वेता ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के संकल्प के साथ कांग्रेस परिवार विस्तार के लिए पूर्णिया शहरी क्षेत्र का प्रभारी बनाए जाने ओर मुझ पर विश्वास जताने के लिए प्रदेश नेतृत्व



का बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त करती हूं पार्टी को मजबूती प्रदान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। पूर्णिया के देव तुल्य जनता एवं मजबूत कार्यकताओं के साथ मिलजुल कर हर वक्त हम लोग के साथ खड़े रहेंगे और पार्टी ने जो विश्वास जताया हैं उस पर खरा उतरेंगे। साथ ही कटिहार जिले के कांग्रेस पार्टी के वरीय पदाधिकारी सहित कार्यकताओं को धन्यवाद दिया है ।

# स्मृति-सम्मान से विभूषित हुए साहित्यकार, सफल विद्यार्थीगण पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** महान स्वतंत्रता-सेनानी, पत्रकार और समालोचक आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी हिन्दी भाषा और साहित्य के महान उन्नायकों में सर्वाधिक वरेण्य व्यक्तित्व हैं। वे अपने युग की साहित्यिक और सांस्कृतिक चेतना को दिशा और दृष्टि प्रदान करने वाले युग-प्रवर्त्तक साहित्यकार थे। उनके विपुल और महान साहित्यिक अवदान के कारण ही, उनकी साहित्य-साधना के युग को हिन्दी साहित्य के इतिहास में 'द्विवेदी-युग' के रूप में स्मरण किया जाता है। आधुनिक हिन्दी को, यदि भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अंगुली पकड़ कर चलना सिखाया तो यह कहा जा सकता है कि द्विवेदी जी के काल में वह पूर्ण-यौवना हुई। आधुनिक हिन्दी, जिसे खड़ी बोली भी कहा गया, को गढ़ने में असंदिग्ध रूप से आचार्यवर्य महावीर



प्रसाद द्विवेदी का अद्वितीय अवदान है। यह बातें रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-सह-स्मृति-सम्मान समारोह एवं कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। महाकवि काशीनाथ पाण्डेय को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि, 'बयाने-क्रौंच-ताईर' नाम की संसार की सबसे लम्बी कविता लिखने वाले पाण्डेय जी 'शब्द-सिद्ध ही नहीं, 'अक्षर-सिद्ध' महाकवि थे। उन्हें प्रत्येक अक्षर के अर्थों का ज्ञान था। दुनिया भर के शब्द-मणियों को उन्होंने अपने काव्य-साहित्य में पिरोया।

समारोह के मुख्य अतिथि और राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग, बिहार के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कहा कि महान हिन्दी-सेवी महावीर प्रसाद द्विवेदी ने संस्कृत में आचार्य की उपाधि प्राप्त की और कवि-कुलगुरु रवीन्द्र नाथ टैगोर के सान्निध्य में साहित्य की सेवा आरम्भ की। हिन्दी-साहित्य के उन्नयन में उनके योगदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता। पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति मान्धाता सिंह, सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा उपेन्द्रनाथ पाण्डेय, डा मधु वर्मा, डा रमेश पाठक,डा पूनम आनन्द, विभारानी श्रीवास्तव, डा पुष्पा जमुआर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर, वरिष्ठ साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी, पद्मश्री श्याम शर्मा, राकेश प्रवीर, समाज-सेविका संजू सिंह तथा सायक देव मुखर्जी को 'महाकवि काशीनाथ पाण्डेय शिखर-सम्मान -२०२६' से विभूषित किया गया। गत शनिवार को संपन्न हुई 'महाकवि काशीनाथ पाण्डेय स्मृति प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों, अंश कुमार, आराध्या झा, शाश्वत, मुस्कान, शाइनी सिन्हा, दिव्या रानी (कनिष्ठ काव्य-पाठ), वेद प्रकाश, सत्यजीत गांगुली, लवली कुमारी, प्रीति आजाद, श्रुति कुमारी (वरिष्ठ काव्य-पाठ), गुड़िया कुमारी, मांशी कुमारी, मिशिका मयूरी, ( कनिष्ठ गीत/गजल गायन), अंजलि कुमारी (वरिष्ठ गीत/गजल गायन), शिवम् कुमार, मुस्कान कुमार, करिश्मा कुमारी, दीपिका कुमारी, पीहू कुमारी, अंशिका राज, (स्वतंत्र कनिष्ठ काव्य-पाठ), पूनम, दिव्या रानी, रंजन कुमार अमृतिनिधि, नन्दन कुमार (स्वतंत्र वरिष्ठ काव्य-पाठ), अंश (कनिष्ठ व्याख्यान) और विकास कुमार (वरिष्ठ व्याख्यान) को पुरस्कृत किया गया। सर्वाधिक पुरस्कार अर्जित करने के लिए इस वर्ष की 'सकल विजेता हस्तानान्तरणीय स्मृतिका' देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के माध्यम से आर्यभट्ट ज्ञान विश्व विद्यालय को प्राप्त हुई। अंतर्विद्यालयी स्तर पर यह स्मृतिका इंद्रप्रस्थ सिंह गंग-स्थली उच्च माध्यमिक बालिका ज्ञानपीठ को प्रदान की गयी। निर्णायक मण्डल में कवयित्री आराधना प्रसाद, नम्रता सिंह तथा पं अविनय काशीनाथ सम्मिलित थे। इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि डा रत्नेश्वर सिंह, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, सिद्धेश्वर, सागरिका राय, इन्दु उपाध्याय, मधु रानी लाल, डा एम के मधु, ई अशोक कुमार, डा अर्चना त्रिपाठी, कुमार अनुपम, डा प्रियम्वदा मिश्र, जय प्रकाश पुजारी, रेणु मिश्र, डा सुमेधा पाठाक, मृत्युंजय गोविंद, सुजाता मिश्र, इन्दु भूषण सहाय, डा आर प्रवेश, अर्जुन प्रसाद सिंह, वीणा कुमारी, दीपक कुमार गुप्त, पुनीता कुमारी श्रीवास्तव, दिव्य रानी, नन्दन कुमार, नीता सहाय, राज प्रिया रानी, संजय लाल चौधरी आदि कवियों और कवयित्रियों ने काव्य-पाठ कर आयोजन का सुंदर ऋृंगार किया।

## पूरे देश में एक ही कार्ड से कर सकेंगे मेट्रो और बस में सफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शहरी ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने एयरटेल पेमेंट्स बैंक के साथ साझेदारी कर को-ब्रैंडेड कार्ड लॉन्च किए हैं। ये



कार्ड नैशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड तकनीक से लैस हैं। इन कार्ड्स की मदद से पूरे देश में मेट्रो, बसों और दूसरे ट्रांसपोर्ट नेटवर्क पर बिना रुकावट पेमेंट की जा सकेगी। इसकी घोषणा दिल्ली मेट्रो मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान की गई। ये कार्ड अगले 10 दिनों में सभी स्टेशनों पर उपलब्ध होंगे। इस कार्यक्रम में डॉ. विकास कुमार, एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एमडी और सीईओ अनुब्रत बिस्वास समेत दोनों संगठनों के कई सीनियर अधिकारी मौजूद रहे। यात्री एक ही ओपन लूप कार्ड का यूज कर अलग-अलग शहरों में मेट्रो यात्रा का पेमेंट कर सकेंगे। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के साथ साझेदारी कर को-ब्रैंडेड कार्ड लॉन्च किए इनकी मदद से पूरे देश में मेट्रो, बसों और दूसरे ट्रांसपोर्ट नेटवर्क पर बिना रुकावट के पेमेंट की जा सकेगी डीएमआरसी के मुताबिक ये कार्ड अगले 10 दिनों में दिल्ली मेट्रो के सभी स्टेशनों पर उपलब्ध होंगे कार्ड एक कॉन्टैक्टलेस नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड है कार्ड एक कॉन्टैक्टलेस नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड है। इसे पूरे देश में पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसे मेट्रो, बस, पार्किंग और रिटेल में आसान और टैप एंड पे ट्रांजैक्शन के लिए डिजाइन किया गया है। यह ट्रांजिट के लिए ऑफलाइन पेमेंट्स को भी सपोर्ट करता है और इससे यूजर्स को इंटरनेट कनेक्टिविटी के बिना भी ट्रांजैक्शन करने की सुविधा मिलती है।

## पीएम मोदी की 'विदेश यात्रा टालो' अपील का असर, ट्रैवल-टूरिज्म शेयर जमीन पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यात्रा ऑनलाइन के शेयरों में 5.32 प्रतिशत की गिरावट है। भारी बिकवाली के चलते यह स्टॉक 102.40 पर आ गया है। वहीं, थॉमस कुक इंडिया के भी शेयर 4.12 प्रतिशत गिरकर 92.77 पर आ गए हैं। ईजी ट्रिप प्लानर्स के शेयरों में 3.02 प्रतिशत की गिरावट है। पीएम मोदी की अपील के बाद होटल सेक्टर में भी भगदड़ जैसी स्थिति है। पश्चिम एशिया संकट के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर बढ़ रहे दबाव को कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दिन पहले ही देशवासियों से गैर-जरूरी विदेश यात्राएं टालने की अपील की थी। आज उस अपील का असर ट्रैवल, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की कंपनियों के स्टॉक्स पर देखने को मिल रहा है। इन कंपनियों के शेयर बुरी तरह गिरकर जमीन पर आ गए हैं, क्योंकि इसने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। उन्हें डर है कि मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकारी अपील से विदेश यात्राओं की मांग पर असर पड़ सकता है। आज यात्रा ऑनलाइन के शेयरों में 5.32 प्रतिशत की गिरावट है। भारी बिकवाली के चलते यह स्टॉक 102.40 पर आ गया है। वहीं, थॉमस कुक इंडिया के भी शेयर 4.12 प्रतिशत गिरकर 92.77 पर आ गए हैं। ईजी ट्रिप प्लानर्स के शेयरों में 3.02 प्रतिशत की गिरावट है और 11 बजे के करीब 7.72 पर ट्रेड कर रहे थे। 2.32 प्रतिशत टूटकर 164.47 पर आ चुका है। पीएम मोदी की अपील के बाद होटल सेक्टर में भी भगदड़ जैसी स्थिति है। आईटीसी होटल्स के शेयर 2.14 प्रतिशत गिरकर 160.98 पर आ गए हैं। इंडियन होटल्स कंपनी के शेयर 1.79 प्रतिशत की गिरावट, 661 पर और लेमन ट्री होटल्स के शेयर 1.69 प्रतिशत टूटकर 118.38 हैं। दूसरी ओर आईआरसीटीसी के शेयर भर 1.47 प्रतिशत लुढ़ककर 556.60 पर ट्रेड कर रहे थे। पीएम मोदी ने क्या कहा था रविवार को हैदराबाद में एक जनसभा में पीएम मोदी ने लोगों से देश की विदेशी मुद्रा बचाने के लिए लाइफ स्टाइल में बदलाव की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि पेट्रोल-डीजल की खपत कम करें, जहां मेट्रो हो वहां मेट्रो से चलें। कार का इस्तेमाल हो तो कारपूलिंग करें।

# भारत ने खोल लिए हैं 38 देशों के ताले, अब एंट्री का प्लान, 188 लाख करोड़ का टारगेट

### एफटीए करने में भारत की ताबड़तोड़ रफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने विकसित देशों के साथ कई मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। अब सरकार इन समझौतों से ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाना चाहती है। इसमें मदद के लिए वह एक एफटीए यूटलाइजेशन प्लान पर काम कर रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत का आने वाले सालों में गुड्स और सर्विसेज का एक्सपोर्ट बढ़ाकर 2 ट्रिलियन डॉलर (करीब 188 लाख करोड़ रुपये) करने का टारगेट है।

2021 से अब तक भारत ने मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात ओमान, न्यूजीलैंड, (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ), यूरोपीय संघ (ईयू), ब्रिटेन और अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पक्के किए हैं। भारत के जिन मुख्य क्षेत्रों को इन एफटीए पार्टनर देशों के बाजारों में बिना किसी शुल्क के पहुंच मिली है, उनमें कृषि, कपड़ा और परिधान, रत्न और आभूषण, चमड़ा और चमड़े का सामान, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन और दवाएं शामिल हैं।

**फायदा उठाने के लिए बैठकों का दौरन** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इन समझौतों के इस्तेमाल को बढ़ाने के तरीकों पर उद्योग संघों, व्यवसायों और निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) के साथ कई बैठकें की हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि व्यवसायों को एक्सपोर्ट और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए इन समझौतों का फायदा उठाना चाहिए। अधिकारी



ने आगे बताया कि मंत्री ने 4 मई को प्रमुख अधिकारियों और मुख्य वार्ताकारों के साथ एक समीक्षा बैठक की। इसका मकसद भारत के मुक्त व्यापार समझौतों की प्रगति का आकलन करना था। 7 मई को एक और बैठक हुई। इसमें अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारत के कृषि और मत्स्य उत्पादों के लिए सैनिटरी और फाइटोसैनिटरी (पौधों और जानवरों से संबंधित) संबंधी मंजूरी हासिल करने के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर चर्चा की गई। वाणिज्य मंत्रालय ने इस प्रक्रिया में विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों को भी शामिल किया है।

## बाजार में गिरावट के उलट वोडाफोन, आइडिया शेयरों को खरीदने की होड़, 5 प्रतिशत उछला स्टॉक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में जारी भारी गिरावट के उलट वोडाफोन आइडिया के शेयरों ने तेज छलांग लगाई है। जिसके बाद कंपनी के शेयरों का भाव 5 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया है। आखिर ऐसा क्या हुआ जिसकी वजह से टेलीकॉम कंपनी के दाम में इतनी तेजी देखने को मिली है। आइए समझते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार अपनी भारतीय लिस्टेड सब्सिडियरी के कैपिटल बेस को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। कंपनी सभी विकल्पों पर विचार कर रही है। वोडाफोन आइडिया में 19 प्रतिशत हिस्सेदारी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी अपने कुछ हिस्से को ट्रेजरी स्टॉक के तौर पर ट्रांसफर करने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। बता दें, यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है जब भारत सरकार ने बकाया स्पेक्ट्रम फीस के देनदारियों में ढील दी है। इससे टेलीकॉम कंपनी को फिर से पुराने स्तर पर ले जाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा 5 मई को रविंद्र टक्कर वोडाफोन आइडिया के नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन के पद से इस्तीफा दे दिया है। उनकी जगह कुमार मंगलम बिड़ला लेंगे। आज शुक्रवार को टेलीकॉम कंपनी के शेयर 11.22 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयर 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 11.88 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। बीते एक महीने में इस टेलीकॉम कंपनी के शेयरों की कीमतों में 27 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

## स्विगी, ओला, रेपिडो में काम करने वाले ध्यान दें, हेल्थ या लाइफ इंश्योरेंस का लाभ चाहिए तो 90 दिन काम करना जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार ने नए सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत अंतिम नियमों को रूपरेखा दे दी है। इन नियमों के अनुसार अब स्विगी, जोमैटो, ओला, उबर और रेपिडो जैसे प्लेटफॉर्म्स से जुड़े गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्राप्त करने के लिए न्यूनतम कार्य दिवसों की शर्त पूरी करनी होगी। सामाजिक सुरक्षा



लाभ में हेल्थ इंश्योरेंस , लाइफ इंश्योरेंस, एक्सीडेंट इंश्योरेंस आदि आते हैं। ये नियम उन लोगों को निराश कर सकते हैं जो पार्ट टाइम जॉब के लिए इन प्लेटफॉर्म पर आते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक अगर कोई कर्मचारी केवल एक प्लेटफॉर्म (जैसे सिर्फ जोमैटो) के साथ जुड़ा है, तो उसे साल में कम से कम 90 दिन काम करना होगा। अगर कोई कर्मचारी एक से अधिक प्लेटफॉर्म (जैसे ओला और उबर दोनों) पर सक्रिय है, तो यह सीमा बढ़ाकर 120 दिन कर दी गई है। वहीं अगर कोई कर्मचारी एक ही दिन में तीन अलग-अलग एग्रीगेटर्स यानी कंपनियों से कमाई करता है, तो उसे तीन कार्य दिवस के रूप में गिना जाएगा। सरकार ने कंपनियों पर कड़ा शिकंजा कसते हुए कई निर्देश जारी किए हैं: कंपनियों को हर गिग वर्कर का विवरण केंद्र सरकार के पोर्टल पर 45 दिनों के भीतर अपलोड करना होगा। नए जॉइनिंग और एग्जिट की जानकारी रियल-टाइम या दैनिक आधार पर देनी होगी। रजिस्ट्रेशन के बाद प्रत्येक पात्र कर्मचारी को एक विशिष्ट पहचान पत्र जारी किया जाएगा। अगर कोई कंपनी सामाजिक सुरक्षा फंड में योगदान देने में विफल रहती है, तो उसे 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज (1 प्रतिशत प्रति माह) की दर से जुर्माना देना होगा।

### 60 वर्ष की उम्र के बाद नहीं मिलेगा लाभ

नियमों के मुताबिक, गिग वर्कर 60 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद हेल्थ इंश्योरेंस, लाइफ इंश्योरेंस और एक्सीडेंट इंश्योरेंस जैसे सोशल सिक्योरिटी लाभों के पात्र नहीं रहेंगे। इसके अलावा अगर किसी वर्कर ने पिछले वित्त वर्ष में न्यूनतम कार्य-दिवस (90 या 120 दिन) की शर्त पूरी नहीं की तो उसकी पात्रता समाप्त हो जाएगी।

### राज्य बना सकेंगे अपने नियम

ये केंद्रीय नियम अब राज्यों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेंगे। यानी केंद्र सरकार के इन अंतिम नियमों के बाद अब राज्य सरकारें भी इन्हीं के आधार पर अपने-अपने सोशल सिक्योरिटी नियम लागू कर सकेंगी।

# ईरान युद्ध की भेंट चढ़ गया 1 अरब बैरल कच्चा तेल, बाजार खुलते ही 300 चढ़ गई कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमत में आज फिर उछाल आई है। अमेरिका और ईरान के बीच शांति के प्रस्ताव पर सहमति नहीं बन पाई है। इस प्रस्ताव का ड्राफ्ट अमेरिका ने तैयार किया था। लेकिन ईरान ने इस पर जो रिस्पॉन्स दिया है, उसे अमेरिका ने खारिज कर दिया है। इससे पश्चिम एशिया में पिछले 10 हफ्तों से चल रहे संघर्ष के तत्काल खत्म होने की उम्मीदों को झटका लगा है। होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों का आवाजाही लगभग बंद है जिससे दुनिया में कच्चे तेल की सप्लाई टाइट बनी हुई है। दुनिया का करीब 20 फीसदी कच्चा तेल इसी रास्ते गुजरता है।

कच्चा तेल 3 फीसदी से अधिक तेजी के साथ ट्रेड कर रहा है। ब्रेंट क्रूड 4 डॉलर यानी 4 फीसदी तेजी के साथ 105 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। शुक्रवार को भी यह 1.23 फीसदी तेजी के साथ बंद हुआ था। यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट भी 4.33 डॉलर यानी 4.54 फीसदी तेजी के साथ 99.75 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

रॉयटर्स के मुताबिक अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर ईरान ने जो रिस्पॉन्स दिया है उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। ट्रंप बुधवार को चीन जा रहे हैं जहां उनकी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात होगी। माना जा रहा है कि दोनों नेता ईरान मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। जानकारों का कहना है कि




बाजार का फोकस अब राष्ट्रपति ट्रंप की चीन यात्रा पर है। ईरान पर चीन का अच्छा प्रभाव है और उम्मीद की जा रहा है कि ट्रंप चीन को इसका यूज करने के लिए मना सकते हैं।

इस बीच सऊदी अरामको के सीईओ अमीन नासिर ने कहा कि पिछले दो महीने से भी अधिक समय में एक अरब बैरल कच्चा तेल ईरान युद्ध की भेंट चढ़ गया है और अगर होर्मुज स्ट्रेट में स्थिति सामान्य होती है तब भी एनर्जी मार्केट्स को स्थिर होने में समय लगेगा। चश्चद्यद्दह के शिपिंग डेटा के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में कच्चे तेल से भरे दो टैंकर होर्मुज स्ट्रेट से निकलने में कामयाब रहे। ईरानी हमले से बचने के लिए उन्होंने ट्रैकर को स्विच ऑफ किया था।

कच्चे तेल में फिर उबाल, बाजार खुलते ही 3 प्रतिशत उछली कीमत ईरान युद्ध की भेंट चढ़ गया करीब 1 अरब बैरल से कच्चा तेल इस बीच देश में पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं आया है। पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते कच्चे तेल की कीमत में काफी तेजी आई है। इसके कारण देश में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को हर महीने करीब 30 हजार करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। सरकार ने शुक्रवार को बताया कि कई देशों में पेट्रोल-डीजल और ऊंची कीमत पर बेची जा रही है। लेकिन, भारत में घरेलू उपभोक्ताओं को ज्यादा दाम के असर से बचाने के उपाय किए गए हैं।

## रुपया शुरुआती कारोबार में 166 पैसे टूटकर 95.17 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी।** कच्चे तेल के चढ़ने का असर शेयर बाजार पर तो दिखा ही, डॉलर के मुकाबले रुपया ( ) भी बुरी तरह से लुढ़क गया। सोमवार को शुरुआती कारोबार में यह 166 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.17 पर पहुंच गया। बताया जाता है कि अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खारिज करने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से घरेलू मुद्रा पर दबाव है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख और विदेशी पूंजी की भारी निकासी ने रुपये पर और दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी



डॉलर के मुकाबले 94.97 पर खुला। फिर मामूली बढ़त के साथ 94.90 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 139 पैसे की भारी गिरावट है। समाचार लिखे जाने के समय यह 95.17 पर ट्रेड हो रहा था जो कि 166 अंक की गिरावट है। उल्लेखनीय है कि रुपया शुक्रवार को 71 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.51 पर बंद हुआ था। अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.20 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स शुरुआती कारोबार 810.35 अंक या 1.05 प्रतिशत टूटकर 76,517.84 अंक पर जबकि निफ्टी 225.40 अंक या 0.93 प्रतिशत फिसलकर 23,950.75 अंक पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 4.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 105.5 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक शुक्रवार को बिकवाल रहे थे।

# सोने में मामूली गिरावट, चांदी में तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने चांदी का भाव , 11 मई 2026: सोने और चांदी की कीमत में आज मामूली गिरावट आई है। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में सोना 600 रुपये से अधिक सस्ता हुआ है जबकि चांदी की कीमत में 3,000 रुपये की तेजी आई है। 5 जून की डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 1,52,530 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था और आज यह 1,52,487 रुपये पर खुला। कारोबार के दौरान यह 638 रुपये की गिरावट के साथ 1,51,892 रुपये तक गिरा।

11.15 बजे यह 288 रुपये की गिरावट के साथ 1,52,242 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। दूसरी ओर 3 जुलाई की डिलीवरी वाली चांदी पिछले सत्र में 2,61,922 रुपये किलो के भाव पर बंद हुई थी। आज यह 2,64,535 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 3,000 रुपये की तेजी के साथ 2,64,922 रुपये तक उछली। सुबह 11.17 बजे चांदी 196 रुपये यानी 0.07 फीसदी की तेजी के साथ 2,62,118 रुपये पर ट्रेड कर रहा था।

### सर्राफा में सोने चांदी की कीमत

सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में गिरावट आई है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट गोल्ड 220 रुपये की गिरावट के साथ 1,52,130 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। 22 कैरेट वाला गोल्ड 200 रुपये की गिरावट के साथ 1,39,450 रुपये पर आ गया जबकि




18 कैरेट गोल्ड 160 रुपये की गिरावट के साथ 1,14,100 रुपये पर आ गया। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार शनिवार और रविवार को बंद रहे। एमसीएक्स पर भी इन दो दिन कारोबार नहीं हुआ। ऐसे में शुक्रवार के रेट ही लागू रहे। बीते सत्र में सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में नरमी दिखी। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच निवेशकों ने मुनाफावसूली की। यह दोनों कीमती धातुओं में गिरावट की वजह बनी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, शुक्रवार को बाजार बंद होने तक चांदी की कीमत टूटकर 2,61,300 रुपये प्रति किलो रह गई। इसी तरह सोना लुढ़ककर 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। सर्राफा बाजार के उलट मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दोनों कीमती धातुओं में तेजी देखने को मिली।

# पिता के संघर्ष से मिला सबक, भाई-बहन ने बदल दी कहानी, खड़ा किया 4 करोड़ का कारोबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अशलिन बंसल और सचित बंसल भाई-बहन हैं। वे दिल्ली में पले-बढ़े हैं। भाई-बहन की इस जोड़ी ने बहुत कम समय में सफल स्टार्टअप खड़ा कर दिया है। इस स्टार्टअप की नींव दोनों ने साल 2022 में रखी थी। इसका नाम कॉस्टिफाई है। यह रीफर्बिश किए गए होम एप्लायंस बेचता है। पिता के व्यापार में उतार-चढ़ाव और संघर्षों से मिली सीख को आधार बनाकर भाई-बहन ने इसकी शुरुआत की। आज यह स्टार्टअप सालाना 4 करोड़ रुपये की कमाई कर रहा है। इसने 8,000 से अधिक ग्राहकों को अपनी सेवाएं दी हैं। आइए, यहां अशलिन और सचित की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

पिता का संघर्ष बना सबक

अशलिन और सचित के उद्यमी बनने का सफर उनके पिता राजेश बंसल के संघर्षों से प्रभावित है। 2008 के ग्लोबल वित्तीय संकट, नोटबंदी और फिर



महामारी के दौरान उनके पिता के कई व्यवसाय प्रभावित हुए। लेकिन, उन्होंने हार नहीं मानी। पिता के इसी जुझारू व्यक्तित्व और 'सेकेंड चांस' की अहमियत को समझकर भाई-बहन ने अपने स्टार्टअप की नींव रखी। कड़ी मेहनत और अपनी जड़ों से जुड़े रहने के मूल्य को समझा। इसे उन्होंने अपने स्टार्टअप का आधार बनाया। भरोसे और गुणवत्ता की भारी कमी रही है। लोग पुराने सामान को 'जुगाड़' और असुरक्षित मानते हैं। भाई-बहन को यहीं मौका दिखाई दिया। उन्होंने इस तस्वीर को बदलने का फैसला किया। उनका स्टार्टअप हर प्रोडक्ट मल्टी-स्टेज टेस्टिंग और ओरिजिनल पार्ट्स के रिप्लेसमेंट के बाद ही वारंटी के साथ बेचता है। इसके अलावा, भारत में हर साल पैदा होने वाले 17 लाख टन ई-कचरे को कम करने के लिए यह स्टार्टअप पुराने उपकरणों को 5-7 साल की नई लाइफ देता है। इससे पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिल रही है। अशलिन और सचित ने पुराने ढर्रे पर होने वाली मरम्मत की जगह वैज्ञानिक प्रक्रिया विकसित की है। उन्होंने एआई बेस्ड रीफर्बिशमेंट और ट्रेनिंग सिस्टम बनाया है। यह आइटीआइ पास लोगों को 8 से 12 हफ्तों में कुशल तकनीशियन बनाता है। इस प्रोग्राम के जरिये स्टार्टअप न केवल रिपेयरिंग की क्वालिटी को एक समान रखता है। इसके बजाय कमजोर बैकग्राउंड से आने वाले युवाओं को तकनीक के साथ जोड़कर उनकी आय बढ़ाने का काम भी कर रहा है। हाल ही में एंजेल फंडिंग राउंड जुटाने के बाद अशलिन और सचित अब कारोबार का एक्सपैंशन कर रहे हैं। 4 करोड़ रुपये के सालाना रेवेन्यू के साथ स्टार्टअप अब बड़े ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स के साथ पार्टनरशिप और फ्रेंचाइजी मॉडल पर विचार कर रहा है।



# संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म में हुई धनुष की एंट्री!

संजय लीला भंसाली की फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। कुछ समय पहले ऐसी खबरें आई थीं कि संजय लीला भंसाली की अगली पौराणिक जंगल ड्रामा में साउथ स्टार राम चरण प्रमुख भूमिका में नजर आ सकते हैं। लेकिन अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि संजय लीला भंसाली की इस फिल्म में राम चरण नहीं बल्कि, कोई और साउथ स्टार प्रमुख भूमिका में नजर आएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, संजय लीला भंसाली के आगामी जंगल पर आधारित भव्य फिल्म में राम चरण नहीं बल्कि धनुष प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। ये संजय लीला भंसाली का एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। अब धनुष को इसके लिए फाइनल कर लिया गया है। इसका निर्माण संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शंस के बैनर तले किया जाएगा, जबकि तमिल फिल्म निर्माता पी.एस. मिथ्रन इसका निर्देशन करेंगे। मिथ्रन इरुम्बु थिरई, हीरो और सरदार जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं और इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे। खास बात यह है कि वो धनुष के साथ पहली बार काम करेंगे।

### स्क्रिप्ट में कई बार किए गए बदलाव

रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि पी.एस. मिथ्रन 'राउडी राठौर 2' पर काम कर रहे थे, लेकिन चूंकि यह प्रोजेक्ट फाइनल नहीं हो सका, इसलिए उन्होंने कई अन्य विकल्पों पर विचार करना शुरू किया। तभी इस फिल्म की कहानी सामने आई। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि कहानी को अंतिम रूप देने में कई बार बदलाव और सुधार करने पड़े, जो कुछ महीने पहले ही हुआ था। इसी दौरान उन्होंने मुख्य अभिनेता की तलाश शुरू की। राम चरण से बातचीत चल रही थी, लेकिन बात नहीं बनी, इसलिए धनुष को चुना गया। फिल्म की शूटिंग 2027 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है।

### धनुष की पाइपलाइन में हैं कई फिल्में

वर्कफ्रंट की बात करें तो धनुष के खाते में कई फिल्में हैं। वह फिलहाल राजकुमार पेरियासामी की 'डी55' की शूटिंग कर रहे हैं, जिसके बाद उनकी अगली फिल्म मारी सेल्वराज की होगी। फिर पचैमुथु तमिलरसन के अगले प्रोजेक्ट और 'वाडा चेन्नई 2' आएगी। उनके खाते में ओम राउत के निर्देशन में बनने वाली पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की बायोपिक भी है। इस बीच उनकी अगली फिल्म विग्नेश राजा की 'कारा' है, जो इस शुक्रवार को रिलीज होने वाली है। वहीं संजय लीला भंसाली रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल स्टारर फिल्म 'लव एंड वॉर' की तैयारी में जुटे हैं।



# आमिर खान की 'एक दिन' को ना कहने वाली थीं साई पल्लवी फिर इसलिए बदला अपना फैसला

**साउथ की दिग्गज अभिनेत्री साई पल्लवी ने आमिर खान प्रोडक्शन हाउस की फिल्म 'एक दिन' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है। इस फिल्म में वो आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आई हैं। फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म छह दिनों में कोई खास कमाई नहीं कर पाई है। वहीं क्रिटिक्स से भी फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रियाएं ही हासिल हुई हैं। अब साई पल्लवी ने खुद बताया कि क्यों उन्होंने 'एक दिन' के लिए हां कहा और स्क्रिप्ट में उन्हें क्या चीज पसंद आई।**

### हॉलीवुड फिल्म 'बिफोर सनराइज' की वजह से कहा हां

आमिर खान टॉकीज के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर साई पल्लवी और जुनैद खान का एक वीडियो साझा किया गया है। इसमें दोनों कलाकार अपनी फिल्म 'एक दिन' के बारे में बातचीत कर रहे हैं। इस दौरान जब जुनैद ने साई से 'एक दिन' को हां करने के फैसले के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा यकीन था कि वह यह फिल्म नहीं करेंगी, क्योंकि वह कई भाषाओं में बड़ी-बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि फिल्म का पैमाना मुझे प्रभावित नहीं करता। उस समय तक मैंने कई गंभीर फिल्में की थीं और मैं कुछ हल्का-फुल्का करना चाहती थी। ऐसी फिल्म जिसमें मुझे शूटिंग के दौरान और बाद में भी ज्यादा तनाव न झेलना पड़े। इसलिए जब स्क्रिप्ट आई, तो मुझे लगा कि यह हॉलीवुड फिल्म 'बिफोर सनराइज' जैसी होगी। क्योंकि मुझे 'बिफोर सनराइज' पसंद है और मुझे लगा कि यह भी वैसी ही होगी।

### फिल्म में अपनी कास्टिंग को गलत मानती हैं साई

साई ने यह भी बताया कि आमिर खान का इस प्रोजेक्ट से जुड़ना फिल्म को हां कहने का एक बड़ा कारण है। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं आमिर खान के करियर को करीब से देखती आ रही हूं। इसमें अलग-अलग तरह की फिल्में और किरदार हैं। इस दौरान साई ने खुलासा किया कि शुरुआत में मुझा लगा था कि 'एक दिन' में मुझे नहीं होना चाहिए था। मेरी कास्टिंग सही नहीं है। प्रीमियर के बाद जब आमिर ने साई से कुछ कहने को कहा, तो साई ने उनसे कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं इस भूमिका के लिए बनी थी और मुझे लगता है कि मेरी कास्टिंग गलत हुई है। मुझे लगता है कि यह भूमिका किसी नई एक्ट्रेस को मिलनी चाहिए थी, जिसमें थोड़ी सी चंचलता हो। हालांकि, जुनैद ने साई के इस विचार से असहमति जताते हुए कहा कि यह भूमिका उनके लिए ही बनी है।

### थाई फिल्म का रीमेक है 'एक दिन'

आमिर खान प्रोडक्शन हाउस और मंसूर खान द्वारा प्रोड्यूस्ड 'एक दिन' 2016 में आई थाई फिल्म 'वन डे' का रीमेक है। फिल्म में एक लड़का अपनी कलीग से प्यार कर बैठता है, लेकिन अपने दिल की बात कहने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। वह सिर्फ एक दिन उसके साथ बिताना चाहता है। इसके लिए वो एक प्रतिष्ठित स्थान पर जाकर ये विश मांगता है। फिर कुछ ऐसा होता है कि उसकी यह इच्छा पूरी हो जाती है। 'एक दिन' का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है।



# 'करुप्पु' में सूर्या के साथ नजर आएंगी तृषा कृष्णन

अभिनेत्री त्रिशा कृष्णन थलापति विजय के साथ अपने कथित रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच मेकर्स ने उनकी अपकमिंग फिल्म 'करुप्पु' की एक झलक शेयर की है। इसमें त्रिशा कृष्णन का लुक नजर आया है। इस फिल्म में उनके साथ सूर्या अहम किरदार में हैं। मेकर्स ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में तृषा कृष्णन नजर आती हैं। वीडियो देखकर अंदाजा लग रहा है कि तृषा इसमें एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनका नाम प्रीति है।

### टीजर में क्या है खास?

हाल ही में, मेकर्स ने सूर्या के जन्मदिन के मौके पर फिल्म का टीजर शेयर किया। टीजर में, एक्टर को जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस करते हुए देखा गया। टीजर में एक्टर को एक ऐसे इंसान के तौर पर दिखाया गया है, जो स्ट्रीट फाइटिंग में माहिर है और कोर्ट में भी केस जीतना जानता है। फिल्म में उन्हें भी एक वकील के तौर पर दिखाया गया है। इस फिल्म को आरजे बालाजी ने लिखा और डायरेक्ट किया है। सूर्या के साथ-साथ, फिल्म में इंद्रन्स, नैटी, स्वासिका, शिवदा, अनघा माया रवि, सुप्रीत रेड्डी और अन्य कलाकार भी हैं। यह फिल्म 14 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। हाल ही में तृषा थलापति विजय के साथ एक शादी में नजर आईं। इसके बाद वह सुर्खियों में आ गईं। इसकी वजह यह थी कि विजय की पत्नी संगीता ने आरोप लगाया था कि विजय का एक एक्ट्रेस से रिश्ता है। उन्होंने अदालत में इसी आधार पर विजय से तलाक की मांग की है।



# इंस्पेक्टर अविनाश 2 में मेरे किरदार की ताकत चुप्पी में छिपा संघर्ष

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' के दूसरे सीजन को लेकर काफी चर्चा में हैं। इस बार उनका किरदार पहले से ज्यादा भावनात्मक रूप से मजबूत दिखने वाला है। इस पर उर्वशी का कहना है कि इस बार उनके किरदार की सबसे बड़ी ताकत 'चुप्पी में छिपा संघर्ष' है। बाहर से शांत दिखने वाले मेरे किरदार के अंदर चल रहा लगातार मानसिक संघर्ष ही उसकी मजबूती है। उर्वशी रौतेला ने अपने किरदार पूनम मिश्रा के बारे में बात करते हुए कहा, ''इस सीजन में मेरा किरदार सिर्फ एक सपोर्टिव पत्नी का नहीं है, बल्कि एक ऐसे इंसान का है, जो अंदर ही अंदर बहुत कुछ झेल रहा है। इस बार मेरे किरदार की सबसे बड़ी भावना 'साइलेंस में सर्वाइवल' (चुप्पी में छिपा संघर्ष) है, यानी ऐसा किरदार, जो बिना शोर किए, बिना अपनी भावनाओं को बाहर दिखाए, परिस्थितियों से लड़ता रहता है और खुद को संभालने की कोशिश करता है।'' उन्होंने कहा, ''क्राइम ड्रामा में आमतौर पर लोग सिर्फ हिंसा, ताकत और एक्शन देखते हैं, लेकिन असल कहानी उसके पीछे छिपे डर और अकेलेपन की होती है। मेरे किरदार के भीतर भावनात्मक अकेलापन और खुद को सुरक्षित रखने की लगातार कोशिश दिखाई देती है। मेरा किरदार बाहरी दुनिया से ज्यादा अपने अंदर के डर और संघर्ष से लड़ रहा है। यही वजह है कि इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक अलग अनुभव रहा है।'' उर्वशी ने कहा, ''मुझे इस किरदार में सबसे ज्यादा आकर्षित इमोशन्स लगे। वह खुद को रोककर, सोचकर और धैर्य के साथ आगे बढ़ती है। असली ताकत हमेशा जोर से बोलने या लड़ने में नहीं होती, बल्कि कई बार चुप रहकर भी हालात को संभालना सबसे बड़ी ताकत होती है। यही बात इस किरदार को खास बनाती है।'' वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' का पहला सीजन साल 2023 में रिलीज हुआ था, जिसमें मुख्य भूमिका अभिनेता रणदीप हुड्डा ने निभाई थी। यह सीरीज एक सच्ची घटना पर आधारित है और उत्तर प्रदेश के एक तेज-तर्रार पुलिस अधिकारी अविनाश मिश्रा की कहानी दिखाती है, जो राज्य में अपराध को खत्म करने के लिए काम करता है।





# 'मेरी जड़ें भारत में ही हैं', पति के साथ बैंकॉक शिफ्ट होने पर अविका गौर ने दी प्रतिक्रिया

**टीवी शो 'बालिका वधू' से लोकप्रिय होने वाली अभिनेत्री अविका गौर शादी के बाद अपने पति मिलिंद चंदवानी के साथ बैंकॉक में शिफ्ट हो गई हैं। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने टेलीविजन या फिल्मों से ब्रेक नहीं लिया है। वो अपना काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि ये कदम मिलिंद के लिए बेहतर अवसरों को देखते हुए उठाया गया है, जबकि उनके खुद के काम के सिलसिले में मुंबई से बाहर लंबे शेड्यूल तय किए गए हैं।**

### हम हमेशा एक-दूसरे के करियर में साथ देते हैं

अविका गौर ने कहा कि हम बैंकॉक शिफ्ट हो गए हैं और वहां एक घर भी खरीद लिया है, जिसे मैं अपनी पसंद के हिसाब से सजा रही हूं। पिछले साल शादी से पहले सात साल तक रिलेशनशिप में रहने के दौरान कपल ने हमेशा एक-दूसरे के करियर में सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह मिलिंद ने लंबे शूटिंग शेड्यूल के दौरान उनका साथ दिया, उसी तरह वह भी उन्हें विदेश में अवसर तलाशने से रोकना नहीं चाहती थीं। हम हमेशा से एक-दूसरे की तरक्की में सहयोग करने में भरोसा रखते आए हैं। अगर मुझे कोई ऐसा प्रोजेक्ट मिलता है, जिसके लिए मुझे महीनों तक घर से दूर रहना पड़ता है, तो वह पूरी तरह से मेरा साथ देते हैं। इसी तरह मुझे नहीं लगता कि मुझे भी उनकी तरक्की में बाधा डालनी चाहिए।

### मैं अपने काम की वजह से यहां हूं

अपने करियर को लेकर जताई जा रही चिंताओं को दूर करते हुए अविका ने कहा कि जगह बदलने से उनकी प्रोफेशनल प्रियॉर्टीज में कोई बदलाव नहीं आया है। मुंबई में रहते हुए भी वह अक्सर शूटिंग के लिए हैदराबाद, राजमुंद्री और विशाखापत्तनम जैसे शहरों का सफर करती रहती थीं। एक्ट्रेस ने कहा कि मुझे एहसास हुआ कि जरूरी नहीं कि मुंबई ही मेरा ठिकाना हो। मैं काम के सिलसिले में नियमित रूप से भारत आती-जाती रहती हूं। मेरी प्राथमिकता हमेशा मेरी प्रतिबद्धताएं रहेंगी क्योंकि इन्हीं की वजह से मैं आज इस मुकाम पर हूं।

### इंडस्ट्री के दोस्तों ने किया समर्थन

अविका ने इस कदम के कारण प्रोजेक्ट छूटने की चिंताओं को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि काम आमतौर पर उनके शेड्यूल के अनुसार ही होता है और सहयोग आपसी प्रयासों पर निर्भर करता है। जब कोई मेरे साथ काम करना चाहता है, तो उसे यह प्रयास करना चाहिए। इंडस्ट्री के मेरे साथियों ने भी मेरे इस फैसले का समर्थन किया है। एक्ट्रेस ने कहा कि भले ही मेरा ठिकाना अब विदेश में है, लेकिन मेरी जड़ें भारत में ही मजबूती से टिकी हैं। यहां मेरा परिवार रहता है।

### 'खतरों के खिलाड़ी' के नए सीजन में नजर आएंगी अविका

वर्कफ्रंट की बात करें तो अविका गौर जल्द ही 'खतरों के खिलाड़ी' के नए सीजन में नजर आएंगी। जल्द ही इस रियलिटी शो की शूटिंग भी शुरू होने वाली है। इस शो को एक बार फिर निर्देशक रोहित शेट्टी ही होस्ट करेंगे।



● कौन होगा भारतीय टी20 टीम का अगला कप्तान?

# संजू और श्रेयस अय्यर नाम आया सामने

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव की अपने देश को टी20 वर्ल्ड कप जिताने की खुशी शायद ज्यादा दिनों तक न रहे. जिस तरह के हालात बन रहे हैं, उसे देखते हुए लगता है कि वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान सूर्यकुमार आईपीएल 2026 खत्म होते ही भारत की टी20 कप्तानी गंवा देंगे. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उनकी जगह श्रेयस अय्यर या फिर संजू सैमसन में से किसी एक को नया कप्तान बनाने की तैयारी में हैं। बता दें कि इस साल की शुरुआत में टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद से टीम इंडिया ने कोई टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है. नया सीजन जून के आखिर में आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज के साथ शुरू होगा. आईपीएल खत्म होने के बाद बीसीसीआई की चयन समिति की बैठक होगी, जिसमें टीम इंडिया के स्क्वाड और नए कप्तान पर फैसला लिया जाएगा।

खबरों के मुताबिक, इस बैठक में श्रेयस अय्यर या संजू सैमसन को आधिकारिक तौर पर नया कप्तान घोषित किए जाने की संभावना है. चयनकर्ता सैमसन की तरफ ज्यादा झुके हुए हैं, जिसकी वजह टी20 वर्ल्ड कप में उनकी अहम पारियां, आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए उनका मौजूदा शानदार प्रदर्शन और राजस्थान फ्रेंचाइजी की कप्तानी का उनका पिछला अनुभव है। इस आईपीएल सीजन में अब तक सैमसन ने 10 मैच खेले हैं और 402 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है. इसके अलावा श्रेयस अय्यर, आईपीएल में सफल कप्तान रहने के बावजूद, टी20 टीम से लंबे समय से बाहर चल रहे हैं. लेकिन उन्होंने भी अपने शानदार खेल से सभी को प्रभावित किया है। अय्यर ने आखिरी बार दिसंबर 2023 में भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था. नतीजतन, ऐसा माना जा रहा है कि चयनकर्ताओं को इस मोड़ पर उन्हें टीम में वापस लाना और तुरंत कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपना बहुत मुश्किल लग रहा है. इसलिए वो कप्तानी के लिए सेकंड ऑप्शन हैं।



## कप्तान के तौर पर सूर्य का प्रदर्शन

सूर्यकुमार के बल्लेबाजी के आंकड़े पहले से ही काफी चिंताजनक हैं. भारत के वर्ल्ड कप का खिताब बरकरार रखने के बावजूद, मुंबई के इस खिलाड़ी ने वर्ल्ड कप के दौरान दबाव में आकर कई बार निराश किया है. उन्होंने इस टूर्नामेंट के नौ मैचों में कुल 242 रन बनाए हैं. इनमें से, भारतीय कप्तान ने अपने पहले ही मैच में, जो कि एक अपेक्षाकृत कमजोर टीम, अमेरिका, के खिलाफ था, 84 रन बनाए थे. कप्तान के तौर पर स्काई ने अब तक 45 टी20 मैचों में कुल 932 रन ही बनाए हैं।

# आरसीबी कोच एंडी फ्लावर पर लगा जुर्माना

● मुंबई के खिलाफ मैच के दौरान की थी ये बड़ी गलती

**मुंबई (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर को मैच के दौरान चौथे अंपायर से बहस करना भारी पड़ा गया. क्योंकि बीसीसीआई ने उन के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है. मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान चौथे अंपायर से गुस्से में बहस करने की वजह से जुर्माना लगा दिया है. आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए फ्लावर की मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल ने अपने बयान में कहा, एंडी को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो मैच के दौरान अश्लील शब्दों के इस्तेमाल से संबंधित है. इसी वजह से उनपर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगया गया हैं।

### क्यों हुई अंपायर से बहस?



यह घटना 17.2 ओवर में हुई, जब क्रुणाल पांड्या से जुड़े एक विवादित बाउंड्री कॉल के बाद एंडी ने चौथे अंपायर से आक्रामक तरीके से बात की. गजनफर का सामना करते हुए, क्रुणाल ने गेंद को वाइड लॉन्ग-ऑन की ओर हवा में उछाला, जहां नमन धीर ने बाउंड्री लाइन के पास कैच लपका और फिर उसे तिलक वर्मा की ओर उछाल दिया. तिलक कैच पूरा नहीं कर पाए और उन्हें ऐसा लगा कि नमन ने छक्के का इशारा किया है. शायद उन्हें लगा कि नमन का एक जूता बाउंड्री कुशन से टकरा गया है।

हालांकि, रीप्ले में पता चला कि कैच लेने की कोशिश के दौरान नमनधीर कुशन से नहीं टकराए थे. क्रुणाल, जिन्हें क्रैम्प आ रहे थे, उन्होंने रन लेने की कोशिश नहीं की, और वह गेंद अंततः एक डॉट बॉल साबित हुई. उसी कैच को लेकर फ्लावर ने चौथे अंपायर से बहस कर ली थी।एंडी ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी अमित शर्मा के फैसले को स्वीकार कर लिया है। मैच की बात करें तो, आरसीबी ने 167 रनों के लक्ष्य को आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया और दो विकेट से मुंबई को मात देकर प्लेऑफ से बाहर कर दिया और खुद वो 14 पॉइंट्स के साथ अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गए।

● पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस प्लेऑफ से बाहर

# कप्तान का छलका दर्द



कप्तान सूर्यकुमार ने कहा-यह हार पचा पाना मुश्किल

**रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार (10 मई) को मुंबई इंडियंस को बड़ा झटका लगा. जब उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. जिसके परिणामस्वरूप वो आईपीएल 2026 के प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गए। एक मुश्किल पिच पर 166 रनों का बचाव करते हुए, मुंबई ने मुकाबले को आखिरी गेंद तक खींचा, लेकिन वो जीत हासिल करने में असफल रहे. इस दिल तोड़ देने वाली हार के बाद मुंबई इंडियंस के कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव ने माना कि उनकी टीम अहम मौकों पर पिछड़ गई, जिससे आईपीएल 2026 में मुंबई का सफर खत्म हो गया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम 10-15 रन पीछे रह गए. हम कह सकते हैं कि बल्लेबाजी के दौरान गलत समय पर विकेट गिरे. नमन (47 रन) और तिलक (57 रन) ने शानदार बल्लेबाजी की और अपना दम दिखाया. जिसकी वजह से 166 का सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रहे।

**सूर्य ने राज बावा की तारीफ की-** सूर्यकुमार यादव ने युवा ऑलराउंडर राज बावा की भी खास तौर पर तारीफ की, जिन्होंने आखिरी ओवर के तनावपूर्ण माहौल में 15 रनों का लगभग सफलतापूर्वक बचाव कर लिया था, लेकिन आरसीबी ने आखिरी गेंद पर जीत हासिल कर ली। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह (डेथ बॉलिंग) का बहुत अच्छे से अभ्यास कर रहा था, और इस साल वह एक बिल्कुल अलग तरह का ऑलराउंडर बनकर उभरा. उसने लगभग हमारे लिए जीत पक्की कर ही दी थी। आखिरी ओवर में दोनों टीमों के बीच मुकाबला नाटकीय रूप से पलटा. बावा ने रोमारियो शेफर्ड को आउट करने से पहले कुछ अहम एक्स्ट्रा रन दिए, और फिर भुवनेश्वर कुमार ने उन्हें एक निर्णायक छक्का जड़ दिया.

## रोमांचक मुकाबले में आरसीबी ने 2 विकेट से मारी बाजी

● मुंबई की उम्मीदों पर फेरा पानी

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 54वें मैच में मुंबई इंडियंस को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. आरसीबी ने 167 रनों के लक्ष्य को आखिरी गेंद पर 8 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ जहां आरसीबी अंक तालिका में 14 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर पहुंच गया है, तो वहीं मुंबई प्लेऑफ की रेस बाहर होने वाली दूसरी टीम बन गई है. इससे पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स सीएसके से हारकर प्लेऑफ से बाहर हुआ था। मुंबई के 167 रनों के जवाब में आरसीबी को लक्ष्य हासिल करने में काफी ज्यादा कठिनाई का सामना करना पड़ा. क्योंकि इस छोटे से लक्ष्य को हासिल करने के लिए 20 ओवर तक बल्लेबाजी करनी पड़ी. इस दौरान उन्होंने अपने 8 विकेट भी खो दिए.

● आईपीएल के बीच ऑस्ट्रेलिया ने वनडे और टी20 टीम का किया ऐलान

# ऑस्ट्रेलिया ने 3 स्टार खिलाड़ी को किया बाहर

**हैदराबाद (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ आगामी व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया है. जिसमें अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को स्क्वाड से बाहर रखा गया है. हालांकि ये तीनों खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरे के लिए कई नए चेहरों को टीम में शामिल किया है. जिसमें अंडर-19 विश्व कप 2026 के कप्तान ओली पीक और ऑलराउंडर लियाम स्कॉट के नाम शामिल हैं. इन दोनों खिलाड़ियों को पाकिस्तान के खिलाफ तीन वनडे मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। मिशेल मार्श पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ सभी व्हाइट-बॉल मैचों में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे. वहीं, अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल के लिए टी-20 टीम में कोई जगह नहीं है। वनडे कप्तान कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क न तो पाकिस्तान और न ही बांग्लादेश के दौरे पर खेलेंगे. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये तीनों तेज गेंदबाज अब अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज अपना ध्यान केंद्रित करेंगे।

**आईपीएल पर नहीं पड़ेगा कोई असर-** रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि जिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की टीमें आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना रखती हैं।



- **पाकिस्तान के लिए ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम-** मिशेल मार्श (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, रिले मेरेडिथ, ओलिवर पीक, मैथ्यू रेनशॉ, तनवीर संघा, लियाम स्कॉट, मैट शॉर्ट, बिली स्टेनलेक, एडम जम्पा।
- **बांग्लादेश के लिए ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम-** मिशेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, मैथ्यू रेनशॉ, तनवीर संघा, लियाम स्कॉट, एडम जम्पा।
- **बांग्लादेश के लिए ऑस्ट्रेलिया की टी-20 टीम-** मिशेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, जोएल डेविस, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मैथ्यू कुहनेमैन, रिले मेरेडिथ, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, एडम जम्पा।

# चेपॉक में उर्विल पटेल का आया तूफान

● 13 गेंदों में फिफ्टी जड़कर बदला आईपीएल का इतिहास

**जयपुर (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज उर्विल पटेल ने आईपीएळ के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है. उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैच में टूर्नामेंट के इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक बनाया। इस दौरान उर्विल ने सिर्फ 13 गेंदों का सामना किया. इसके साथ उन्होंने यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली. जायसवाल ने 2023 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 13 गेंदों में अर्धशतक बनाया था।



### आईपीएल के सबसे तेज फिफ्टी

● 13 – यशस्वी जायसवाल (आरआर) बनाम केकेआर, कोलकाता, 2023 ● 13 – उर्विल पटेल (सीएसके) बनाम एलएसजी, लखनऊ, 2026 ● 14 – केएल राहुल (पीबीकेएस) बनाम डीसी, मोहाली, 2018 ● 14 – पैट कमिंस (केकेआर) बनाम मुंबई, पुणे, 2022 ● 14 – रोमारियो शेफ़र्ड (आरसीबी) बनाम सीएसके, बेंगलुरु, 2025

हालांकि उर्विल पटेल की ये पारी ज्यादा देर तक नहीं चल सकी औ 23 गेंदों में 65 रन बनाकर ही आउट हो गए. इस दौरान ने उन्होंने अपनी पारी में 2 चौके और 8 छक्के लगाए. उर्विल की इस पारी की वजह से सीएसके 204 रनों के विशाल लक्ष्य को चेज करने में काफी सहज दिखी।


### उर्विल ने तोड़ा डिविलियर्स का रिकॉर्ड

उर्विल ने अपनी पारी की शुरुआत धमाकेदार तरीके से की और 10 गेंद में ही 42 रन जड़ दिए. जिसके साथ वो आईपीएल के इतिहास में पहली 10 गेंद पर सबसे ज्यादा रन बनाने का एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया. जिन्होंने 10 गेंद में 41 रन बनाए थे।

आईपीएल पारी की पहली 10 गेंदों के बाद सबसे ज्यादा स्कोर

● 42* – उर्विल पटेल बनाम एलएसजी, चेन्नई, 2026 ● 41* – एबी डिविलियर्स बनाम मुंबई, बेंगलुरु, 2015 ● 41* – यशस्वी जायसवाल बनाम केकेआर, कोलकाता, 2023 ● 40* – अभिषेक शर्मा बनाम डीसी, दिल्ली, 2024 ● 39* – रोमारियो शेफर्ड बनाम डीसी, मुंबई डब्ल्यूएस, 2024 ● 39* – प्रियांश आर्य बनाम सीएसके, चेन्नई, 2026

**सीएसके ने एलएसजी के 5 विकेट से हराया-** मैच की बात करें तो एमए चिदंबरम स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एलएसजी ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 203 रन बनाए. जवाब में ष्टस्य्र ने 19.3 ओवर में ही 5 विकेट खोकर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया. इस हार के साथ LSG IPL 2026 के प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई.



विराट के खिलाफ बयान देने के लिए पैसे ऑफर हुए

# जर्मन मॉडल लिजलाज बोलीं- मुझे अलग-अलग मैगजीन से बहुत सारे कॉल आए

**मुंबई (एजेंसी)।** जर्मन मॉडल लिजलाज ने हाल ही में दावा किया कि विराट कोहली द्वारा कथित तौर पर उनकी फोटो लाइक करने के बाद कुछ पत्रकारों ने उन्हें क्रिकेटर के खिलाफ गलत बयान देने के लिए पैसे ऑफर किए थे।

फिल्मीमंत्रा को दिए इंटरव्यू में लिजलाज ने बताया कि कथित तौर पर पोस्ट लाइक किए जाने के बाद उन्हें लगातार लोगों के फोन आने लगे। सभी यही कह रहे थे कि विराट ने उनकी पोस्ट लाइक की है। अपने फेवरेट क्रिकेटर विराट द्वारा कथित तौर पर उनकी तस्वीर लाइक किए जाने पर लिजलाज ने कहा, 'मैं इससे बहुत खुश थी और थोड़ा इमोशनल भी हो गई थी, लेकिन मुझे बिल्कुल उम्मीद नहीं थी कि ऐसा कुछ होगा। मुझे अलग-अलग मैगजीन से इतने सारे कॉल आने लगेंगे।'लिजलाज के इंस्टाग्राम पर 5.21 लाख से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

**लिजलाज बोलीं- मैं पैसों के लिए झूठ नहीं बोलूंगी-** लिजलाज ने दावा किया, 'कुछ लोग आप पर ऐसी बातें बोलने का दबाव भी डालते हैं, जो आप कहना नहीं चाहते। कुछ पत्रकारों ने तो मुझे पैसे ऑफर किए ताकि मैं उनके (विराट कोहली) बारे में गलत बातें कहूं और ऐसे आरोप लगाऊं, जो उन्होंने कभी किए ही नहीं।'

उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन मैं ऐसा क्यों करूंगी? मैंने खुद कहा था कि वो मेरे फेवरेट क्रिकेटर हैं। फिर मैं पैसों के लिए उनके बारे में गलत बातें क्यों बोलूं? मैं ऐसी इंसान नहीं हूं।'

# बार्सिलोना ने 29वां ला लीगा खिताब जीता

रियल मैड्रिड को 2-0 से हराया, मार्कस रशफोर्ड और फेरान टोरेस ने गोल किए



**बार्सिलोना (एजेंसी)।** बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग 'ला लीगा' का खिताब फिर जीत लिया। एल क्लासिको में टीम ने रियल मैड्रिड को 2-0 से हराया। इस जीत के साथ बार्सिलोना ने सीजन के तीन मैच बाकी रहते अपनी 29वीं ला लीगा ट्रॉफी पक्की कर ली। मैच में मार्कस रशफोर्ड और फेरान टोरेस ने गोल किए। जीत के बाद बार्सिलोना और रियल मैड्रिड के बीच अंकों का अंतर 14 हो गया, जिसे पार करना रियल मैड्रिड के लिए नामुमकिन है। यह मुकाबला बार्सिलोना के घरेलू मैदान कैंप नाउ पर खेला गया।

### भावुक हुए खिलाड़ी: हेड कोच के पिता को समर्पित की जीत

मैच के दौरान बार्सिलोना के खिलाड़ियों ने भावुक संदेश दिया। गोल करने के बाद मार्कस रशफोर्ड और फेरान टोरेस हेड कोच हंसी फ्लिक के पास गए और उन्हें गले लगाया। कोच फ्लिक के पिता का पिछले वीकेंड निधन हुआ था। खिलाड़ियों ने जीत और गोल को कोच और उनके परिवार को समर्पित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हाशिम बाबा और राशिद गैंग के 6 शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर के गैंगस्टरों के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने लगातार



धरपकड़ की करवाई तेज कर दी है। ऑपरेशन गैंग ब्रस्ट नाम से पूरी दिल्ली पुलिस कई बार दिल्ली एनसीआर और पड़ोसी राज्यों में ज्वाइंट ऑपरेशन चला चुकी है। स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच भी अलग-अलग कारवाई कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने यमुनापार के कुख्यात गैंगस्टर हाशिम बाबा और राशिद केबल वाला गिरोह के छह शूटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार शूटरों के खिलाफ रंगदारी मांगने, कांट्रेक्ट किलिंग और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। इनके पास से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। दोनों गैंगस्टर वर्तमान में जेल में बंद है। हाशिम बाबा मकोका में कई साल से तिहाड़ में बंद है। राशिद को स्पेशल सेल ने कई साल पहले नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया था। उसका पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से गहरा कनेक्शन है। राशिद पहले बांग्लादेश में रह रहे विदेशी हथियारों का देश का सबसे बड़ा तस्कर खुर्जा के रहने वाले शाहबाज अंसारी के लिए काम करता था। बाद में अंसारी से अलग होकर उसने खुद आईएसआई के संरक्षण में विदेशी हथियारों की तस्करी करना शुरू कर दिया था। यह भी पढ़ें- दिल्ली में एजेंट और गैंगस्टर सहयोगी प्रवीण कुमार गिरफ्तार, विदेशी हथियारों की तस्करी का खुलासा पुलिस के अनुसार, उसने नेपाल में अपना ठिकाना बनाया था। पाकिस्तान से फ्लाइट से नेपाल में विदेशी हथियारों की खेप मंगवाता था।

### मंगोलपुरी के स्कूलों पर 'कतरन' का कब्जा, दांव पर 4000 बच्चों की सुरक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगोलपुरी के क्यू-ब्लॉक व आर-ब्लाक स्थित सरकारी स्कूल में पढ़ने



वाले लगभग चार हजार बच्चों की सुरक्षा खतरे में है और शिक्षा विभाग, नगर निगम व संबंधित एजेंसियां बेपरवाह हैं। दोनों स्कूलों की चारदीवारी के इर्द-गिर्द कतरन मार्केट के दुकानदारों का अतिक्रमण की भरमार है। चारदीवारी से सटी लगभग 100 छप्पर नुमा दुकानें हैं और कपड़ों से भरे बोरों का भी अंबार लगा है। अतिक्रमण के कारण दोनों स्कूल के पिछले दरवाजे व रास्ते इस कदर बाधित हो गए हैं कि किसी आपातकालीन स्थिति में बच्चों का बाहर निकलना मुश्किल है। हैरत की बात यह है कि इसी इमारत में शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय उप निदेशक का भी कार्यालय है। नगर निगम ने 12 दिन पहले कुछ अतिक्रमण हटाए थे, अब वहां फिर से वही हालात हो गए। पिछले पांच-छह साल से यहां यही स्थिति बनी हुई है। एनसीआर में कपड़ों की बड़ी मार्केट में तौर पर जानी जाने वाली मंगोलपुरी की कतरन मार्केट का अतिक्रमण सरकारी स्कूलों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। क्यू-ब्लॉक व आर-ब्लॉक में चले रहे सरकारी स्कूल को ढूंढना चाहो तो आपको मुश्किल पेश आएगी। दोनों स्कूल इस तरह अतिक्रमण की जद में हैं कि पहली नजर में स्कूल इमारत के बजाय मार्केट ज्यादा नजर आएगी। विशेषकर, दोनों स्कूलों के पिछले दरवाजे और चारदीवारी की तरफ से आप अंदाजा नहीं लगा सकते कि इन इमारतों में स्कूल भी संचालित हो रहे हैं। स्कूल की चारदीवारी से सटीं छोटी-बड़ी छप्परनुमा 100 दुकानें चल रही हैं। स्कूल के पिछले गेट के दोनों ओर छप्परनुमा दुकान चल रही हैं। गेट के सामने की जगह को अतिक्रमण से बचाने के लिए स्कूल की ओर से लोहे के पाइप लगवाए गए हैं।

# दिल्ली-एनसीआर के लिए अगले 2 घंटे भारी, बारिश और आंधी-तूफान का अलर्ट; हरियाणा के शहरों में बदला मौसम का मिजाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने सोमवार को अगले दो घंटों के दौरान दिल्ली और में हल्की बारिश के साथ आंधी-तूफान, बिजली कड़कने और 30-50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है।

हरियाणा के कई हिस्सों में बारिश और आंधी-तूफान की की संभावना है, जिसमें सोनीपत, जींद, भिवानी, झज्जर, बरवाला, आदमपुर, गोहाना, गन्नौर, हांसी और आसपास के जिले जैसे खरखौदा, चरखी दादरी, कोसली, महेंद्रगढ़, सोहाना, रेवाड़ी, पलवल, नारनौल, नूंह आदि शामिल हैं। इनके अलावा उत्तर प्रदेश के बड़ौत, बागपत और खेकड़ा तक भी असर देखने को मिल सकता है।

बता दें कि मौसम विभाग की संभावना सही साबित हुई। हरियाणा के कई शहरों में मौमस का मिजाज बदल गया है। आसमान में काले बादल छाए हुए हैं।

तेज हवाएं चलने की चेतावनी

बता दें कि बीते मंगलवार को दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश और ओले गिरे थे, जिससे लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली। भारतीय मौसम विभाग ने आज नॉर्थवेस्ट इंडिया के कुछ हिस्सों में आंधी-तूफान, बिजली गिरने और 40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज



हवाओं की चेतावनी जारी की। मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि 10-11 मई को फिर से ऐसी ही बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने शुक्रवार को अपने लेटेस्ट मंथली आउटलुक में अनुमान लगाया कि भारत में मई में नॉर्मल से ज्यादा बारिश होगी। बताया कि अलग-अलग इलाकों में तापमान की स्थिति मिली-जुली रहेगी। वहीं, कुछ हिस्सों में नॉर्मल से ज्यादा हीटवेव की स्थिति का सामना करने की संभावना भी जताई गई है।

### सुल्तानपुरी के सैलून में बाल कटवा रहे युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुल्तानपुरी थाना क्षेत्र की जगदंबा मार्केट में सैलून में घुसकर दिनदहाड़े बदमाशों ने 18 वर्षीय युवक पर चाकू से हमला किया। हमले के समय युवक सैलून में बाल कटवा रहा था। यह भी बताया जा रहा है कि हमले से पहले बदमाशों ने सैलून आकर युवक की मोबाइल से फोटो ली, इसके कुछ देर बाद कुछ और साथी बुलाकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। गंभीर अवस्था में युवक को मंगोलपुरी के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस इसे रंजिश का मामला बता रही है। रविवार लगभग तीन बजे भरे बाजार हुई इस घटना के बाद जगदंबा मार्केट में अफरा-तफरी मच गई। नैतिक नामक युवक सैलून में बाल कटवा रहा था, तभी करीब आधा दर्जन बदमाशों ने दुकान में घुसकर उस पर चाकू से हमला कर दिया। नैतिक के पिता मनोज ने बताया कि वह जगदंबा मार्केट में अपने बेटे के साथ मिलकर सब्जी की रेहड़ी लगाता है। नैतिक उनसे 50 रुपये लेकर बाल कटवाने गया था। कुछ समय बाद नैतिक पर चाकू से हमले की सूचना मिली। उसे घायल अवस्था में संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मनोज के अनुसार, हमले से पहले तीन युवक सैलून के भीतर आए और मोबाइल से नैतिक का फोटो खिंचा।

# दिल्ली में कैप्टन गौड़ मार्ग का रास्ता बदला, टी-प्वाइंट के बजाय अब 2 जगहों से यू-टर्न

**100 मीटर आगे जाकर लेना होगा यू-टर्न**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईस्ट आफ कैलाश की ओर से आने पर कैप्टन गौड़ मार्ग पर बनने वाला टी-प्वाइंट न केवल टी-प्वाइंट को बंद कर दिया है।

आवागमन के लिए 100 मीटर आगे व पीछे यू-टर्न दिया गया है। इसके चलते (इस्कान मंदिर की ओर) जाने वालों को कैप्टन गौड़ मार्ग पर टी-प्वाइंट के 100 मीटर आगे से यू-टर्न लेकर जाना होगा।



पार्षद राजपाल सिंह ने कहा कि क्षेत्र को जाम से मुक्त रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की यह पहल सराहनीय है। इससे निश्चित रूप से लोगों स्थानीय निवासियों को काफी राहत मिली है।

**उपराज्यपाल ने आरडब्ल्यूए से मांगा था सहयोग:** पिछले माह मीडिया से बातचीत में उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए आरडब्ल्यूए का सुझाव और सहयोग लेने की बात कही थी। सड़क किनारे अवैध रूप से पार्क होने वाले वाहनों की समस्या को खत्म करने के लिए नई व्यवस्था बनाने और राजधानी में स्ट्रीट लाइट एवं ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर संचालन के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग पर जोर दिया था। उपराज्यपाल के निर्देश के क्रम में आरडब्ल्यूए के सुझाव पर ट्रैफिक विभाग ने यह पहल की है।

ट्रैफिक पुलिस के लिए सिरदर्द था, बल्कि राजा धीर सेन मार्ग की कालोनियों के लिए परेशान बन गया था।

पीक समय यानी सुबह व शाम को कई बार वाहनों की कतार कैप्टन गौड़ मार्ग पर पीछे ओखला मंडी तक और दूसरी तरफ बढ़कर रिंग रोड तक पहुंच जाती थी। स्थानीय आरडब्ल्यूए के सुझाव पर ट्रैफिक पुलिस ने बैरिकेड लगाकर इस कैप्टन गौड़ मार्ग से लेकर राजा धीर सेन मार्ग पर लगने वाला जाम काफी हद तक नियंत्रित हो गया है।

एक सप्ताह पहले बनी इस नई व्यवस्था के तहत अब राजा धीर सेन मार्ग से ओखला मंडी की तरफ जाने के लिए टी-प्वाइंट से बायी तरफ 100 मीटर आगे जाकर यू-टर्न लेना होगा। वहीं रिंग रोड की तरफ से राजा धीर सेन मार्ग

# दिल्ली के इंद्र एन्क्लेव में 50 हजार लोग बूंद-बूंद को तरसे, नल खोलने पर मिलता है काला और बदबूदार पानी


**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंद्र एन्क्लेव फेस-2 में जलसंकट से लोग परेशान है। क्षेत्र में गर्मी की शुरुआत के साथ ही लोगों की चिंता भी बढ़ गई है। कई जगहों पर पानी न आने और कई स्थानों ओर दूषित जलापूर्ति की वजह से 50 हजार से अधिक लोग प्रभावित है।

छह माह पहले नई पाइप लाइन लाइन भी डाली गई, लेकिन पर्याप्त पानी की आपूर्ति न होने के कारण लाइन में प्रेशर ही नहीं आता है और मोटर चलाते ही नल से काला व बदबूदार पानी गिरता है। इन हालात में कॉलोनी के टैंकरों व निजी प्लांटों से पानी खरीदना पड़ता है। गर्मी के शुरू होते ही बढ़ती पानी की मांग के कारण पानी की आपूर्ति कम हो जाती है। जिसको वजह से पानी के लिए मारामारी देखने को मिलती है। टैंकरों पर पानी के लिए झगड़े और विवाद बढ़ जाते है। निजी प्लांटों



पर भी आसानी से पानी उपलब्ध नहीं होता। पानी की व्यवस्था करने के लिए लोगों रोजमर्रा का जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। इन दिनों कॉलोनीवासियों को इस तरह पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। जिसके कारण बच्चे नहाकर स्कूल नहीं जा पा रहे, महिलाएं घरेलू काम नहीं कर पा रही। इंद्र एन्क्लेव में जनसंकट से जूझ रहे लोगों पानी की मांग को लेकर शनिवार को प्रदर्शन किया। दोपहर के लगभग दो बजे लोग बुध बाजार रोड के सुल्तान चौक पर लोग अपने खाली बर्तनों के साथ इकठ्ठा हुए और नारेबाजी करने लगे।

### अपना घर का सपना होगा पूरा, डीडीए ने शुरू की खास आवास योजना; 25% तक की मिलेगी छूट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी ने सरकारी कर्मचारियों के लिए 'कर्मयोगी आवास योजना 2025' शुरू की थी। इस योजना के तहत पहले नरेला के सेक्टर 1-4 के पॉकेट-9 में 1168 फ्लैट्स बेचे जा रहे थे। डीडीए ने योजना को अच्छा रिस्पॉन्स मिलने के बाद और 936 नए फ्लैट्स ऑफर करने का फैसला किया है। ये फ्लैट्स उसी सेक्टर 1-4 के पॉकेट-6 में हैं। यह योजना सिर्फ सरकारी कर्मचारियों के लिए है। इसमें केंद्र सरकार, राज्य सरकार, बैंक, लोकल बॉडी, यूनिवर्सिटी और अन्य सरकारी संस्थानों के सभी सेवारत और रिटायर्ड कर्मचारी शामिल हैं।

# पूर्व पीएम थाकसिन शिनावात्रा आठ महीने बाद जेल से रिहा, भ्रष्टाचार के मामले में ठहराए गए थे दोषी

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड की राजनीति में दशकों तक विवाद और ध्रुवीकरण का केंद्र रहे पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा को आज बैंकॉक की जेल से रिहा कर दिया गया। भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में एक साल की सजा काट रहे 76 वर्षीय थाकसिन ने आठ महीने जेल में बिताए, जिसके बाद उन्हें पैरोल पर रिहाई मिली।

बैंकॉक की क्लोंग प्रेम सेंट्रल जेल के बाहर उनके स्वागत के लिए करीब 300 समर्थक और राजनीतिक सहयोगी जुटे। थाकसिन सफेद पोलो टी-शर्ट और नीली पैंट में जेल से बाहर निकले, जहां उनके परिवार ने उन्हें गले लगाया। समर्थकों ने वी लव थाकसिन के नारे लगाए और उन्हें लाल गुलाब भेंट किए। हालांकि, उन्होंने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की। थाकसिन शिनावात्रा दूरसंचार कारोबार से जुड़े अरबपति कारोबारी रहे हैं। उन्होंने 1998 में अपनी राजनीतिक पार्टी बनाई और 2001 में थाईलैंड के प्रधानमंत्री बने। 2006 में सेना ने तख्तापलट कर उनकी सरकार



को हटा दिया था। उस समय वह विदेश दौरे पर थे। इसके बाद थाई राजनीति लगभग दो दशकों तक गहरे राजनीतिक संघर्ष और ध्रुवीकरण का शिकार रही। थाकसिन पर सत्ता के दुरुपयोग, अपने कारोबारी हितों को फायदा पहुंचाने और सरकारी लॉटरी परियोजना में अनियमितताओं के आरोप लगे थे। उन्हें अनुपस्थिति में दोषी ठहराया गया था। हालांकि, 2023 में वह स्वदेश लौटे और अदालत के सामने पेश हुए। शुरुआत में उन्हें आठ साल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन बाद में थाईलैंड के राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने इसे घटाकर एक साल कर दिया। स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए थाकसिन को बैंकॉक के पुलिस अस्पताल के विशेष कक्ष में सजा काटने की अनुमति मिली थी। इस फैसले पर विरोधियों ने उन्हें विशेष सुविधा दिए जाने का आरोप लगाया। इसके बाद सितंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जेल में सजा पूरी करने का आदेश दिया था। हाल ही में न्याय मंत्रालय की एक समिति ने अच्छे आचरण, बढ़ती उम्र और दोबारा अपराध की कम संभावना को देखते हुए उन्हें पैरोल देने की मंजूरी दी। रिहाई के बाद अगले चार महीनों तक वह निगरानी में रहेंगे। उन्हें बैंकॉक स्थित अपने घर में रहना होगा, इलेक्ट्रॉनिक मॉनिटरिंग ब्रेसलेट पहनना होगा और नियमित रूप से अधिकारियों को रिपोर्ट करनी होगी।

**● व्यापार और ताइवान पर होगी बड़ी बातचीत**

# रिश्तों में नया मोड़: नौ साल बाद चीन जाएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति

**बीजिंग, एजेंसी।** करीब नौ साल बाद कोई अमेरिकी राष्ट्रपति चीन की आधिकारिक यात्रा पर जा रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को घोषणा की कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन दौरे पर रहेंगे। यह यात्रा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर हो रही है। ऐसे समय में यह दौरा बेहद अहम माना जा रहा है, जब अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच जारी युद्ध, होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर दुनिया भर में चिंता बढ़ी हुई है। साथ ही ताइवान, व्यापार और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा जैसे मुद्दों पर अमेरिका और चीन के बीच तनाव भी लगातार बना हुआ है। व्हाइट हाउस की प्रिंसिपल डिप्टी प्रेस सेक्रेटरी अन्ना केली के मुताबिक, ट्रंप बुधवार शाम



बीजिंग पहुंचेंगे। गुरुवार को उनका भव्य स्वागत समारोह आयोजित होगा, जिसके बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। कार्यक्रम में टेंपल ऑफ हेवन का दौरा और राजकीय भोज भी शामिल है। शुक्रवार को दोनों नेता एक बार फिर मुलाकात करेंगे, जहां चाय पर चर्चा और वर्किंग लंच का आयोजन होगा। अमेरिका ने संकेत दिए हैं कि इस साल के अंत में शी जिनपिंग की अमेरिका यात्रा भी हो सकती है।

ट्रंप की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच टैरिफ और व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदें तेज हैं। दोनों देशों ने रविवार को घोषणा की कि चीन के उपप्रधानमंत्री हे लिफेंग 12 और 13 मई को दक्षिण कोरिया में अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट के साथ अंतिम दौर की व्यापार वार्ता करेंगे। माना जा रहा है कि इन बातचीतों का मकसद ट्रंप की यात्रा से पहले व्यापारिक तनाव को कम करना है।

# ब्रिटेन-फ्रांस की होर्मुज सुरक्षा मिशन: नाराज ईरान ने दी चेतावनी, कहा- एक भी कदम बढ़ा तो देंगे निर्णायक जवाब

**तेहरान, एजेंसी।** होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने स्पष्ट शब्दों में ब्रिटेन और फ्रांस के उस साझा प्रयास का विरोध किया है, जिसका उद्देश्य युद्ध की समाप्ति के बाद इस क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना है। हाल के दिनों में फारस की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों ने इस तनाव को और हवा दे दी है।

ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में फ्रांसीसी और ब्रिटिश जहाजों की मौजूदगी को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन माना जाएगा। गरीबाबादी के अनुसार, यदि ये देश अमेरिका की किसी भी अवैध कार्रवाई में सहयोग करते हैं, और एक कदम भी बढ़ाते हैं तो ईरानी सशस्त्र बल इसका तत्काल और निर्णायक जवाब देंगे।



बीच फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्थिति को स्पष्ट करने का प्रयास किया है। मैक्रों ने कहा कि यह कोई सैन्य तैनाती नहीं है। उन्होंने इसे एक अंतरराष्ट्रीय मिशन बताया, जिसका लक्ष्य हालात अनुकूल होने पर शिपिंग रूट को सुरक्षित करना है। हालांकि, क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता बरकरार है। फारस की खाड़ी में बढ़ते हमलों के बीच अमेरिका ने भी व्यापारिक जहाजों को गाइड करने का अपना मिशन फिलहाल रोक दिया है।

# मंगल अभियान: जापान ने अंतरिक्ष में उड़ाया नई पीढ़ी का इंजन

### घटाया जा सकता है भविष्य के अभियानों की लागत

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान ने भविष्य के मंगल अभियानों को अधिक हल्का, किफायती और दक्ष बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अंतरिक्ष में नई पीढ़ी के रोटेटिंग डेटोनेशन इंजन का सफल परीक्षण किया है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी जाक्सा और जापानी विश्वविद्यालयों की ओर से विकसित इस प्रायोगिक इंजन ने वास्तविक अंतरिक्ष वातावरण में तरल एथेनॉल और नाइट्रस ऑक्साइड के साथ सफलतापूर्वक काम किया।

वैज्ञानिकों के अनुसार, यह तकनीक पारंपरिक रॉकेट इंजनों की तुलना में कम जगह में अधिक शक्ति पैदा कर सकती है, जिससे भविष्य के ग्रह अभियानों का भार और लागत दोनों घटाई जा सकती हैं। जाक्सा के अंतर्गत काम करने वाले इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस एंड एस्ट्रोनॉटिकल साइंस (आईएसएएस) के अनुसार, यह परीक्षण नवंबर 2024 में किया गया था, लेकिन मिशन से प्राप्त तकनीकी आंकड़ों के विस्तृत विश्लेषण और सत्यापन के बाद अब इसके परिणामों को प्रमुखता से सार्वजनिक किया गया है। यह परीक्षण लॉन्च किए गए साउंडिंग रॉकेट एस-520-34 के जरिये किया गया। मिशन के दौरान रॉकेट ने शुरुआत में पारंपरिक ठोस ईंधन प्रणाली का उपयोग किया। इसके बाद



डीईएस2 इंजन को सक्रिय किया गया।इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस एंड एस्ट्रोनॉटिकल साइंस (आईएसएएस) के अनुसार इंजन ने अंतरिक्ष में 438 न्यूटन का थ्रस्ट उत्पन्न किया। यह इस बात का महत्वपूर्ण प्रमाण माना जा रहा है कि तरल प्रणोदकों के साथ डेटोनेशन आधारित दहन को पृथ्वी के बाहर वास्तविक उड़ान परिस्थितियों में नियंत्रित तरीके से संचालित किया जा सकता है।

जापानी वैज्ञानिकों ने इस संस्करण में इंजन की संरचना में भी बड़ा बदलाव किया। पहले इस्तेमाल किए गए डबल-सिलेंडर मॉडल की जगह इस बार सिंगल-सिलेंडर डिजाइन अपनाया गया। इससे इंजन को अधिक सरल बनाने और आंतरिक कूलिंग से जुड़ी समस्याओं को कम करने की कोशिश की गई। नागोया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता जिरो कसाहारा के अनुसार, अत्यधिक तापमान सहने योग्य बनाने पर काम जारी है। इस मिशन में आरएटीएस2 नामक एक इनफ्लेटेबल एरोशेल प्रणाली का भी परीक्षण किया गया। एरोशेल ऐसी संरचना होती है, जो किसी अंतरिक्ष यान को ग्रह के वातावरण में प्रवेश के दौरान धीमा करने में मदद करती है।मंगल ग्रह के मामले में यह चुनौती अधिक कठिन मानी जाती है, क्योंकि वहां का वातावरण पृथ्वी की तुलना में बेहद पतला है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य में लाएं तेजी, पूर्ण केंद्रों को करें हैंडओवर : उपायुक्त

## जिला समन्वय समिति की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए कई अहम दिशा निर्देश




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, आपदा प्रबंधन, जनगणना एवं अन्य विभागीय कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने का निर्देश दिया।

**आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा**

बैठक में जिले में निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रखंडवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कार्यरत एजेंसियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में तेजी लाएं तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर भूमि संबंधित समस्याएं आ रही हैं, वहां संबंधित बीडीओ एवं अंचलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि जो आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह तैयार हो चुके हैं, उन्हें संबंधित विभाग को शीघ्र हैंडओवर किया जाए ताकि वहां बच्चों एवं महिलाओं के लिए सेवाएं प्रारंभ की जा सकें। उन्होंने कहा कि योजनाओं में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।

**एडीएसएस पेंशन मामलों के सत्यापन को लेकर शिविर आयोजित करें**

बैठक में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने एडीएसएस पेंशन से संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डीजीटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) एवं लाभुक सत्यापन के लंबित मामलों के निष्पादन हेतु सभी प्रखंडों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि वृद्ध, दिव्यांग एवं जरूरतमंद लाभुकों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसलिए सत्यापन प्रक्रिया में तेजी लाते हुए लंबित मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करें।

**तीन दिनों में अनुपालन सुनिश्चित करने का दिया निर्देश**

उपायुक्त ने पूर्व में आयोजित दिशा की बैठक में दिए गए निदेर्शों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को आगामी तीन दिनों के भीतर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर लंबित बिंदुओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, आगामी जून माह में दिशा की बैठक को लेकर सभी विभागों को आवश्यक तैयारी समय पर पूरी करने को कहा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अद्यतन प्रतिवेदन एवं प्रगति रिपोर्ट तैयार रखें ताकि योजनाओं की प्रभावी समीक्षा की जा सके।

**आपदा मुआवजा आवेदनों में त्रुटियों का समयबद्ध निष्पादन करें**

बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न अंचलों से प्राप्त मुआवजा आवेदनों में कई तकनीकी एवं दस्तावेजी त्रुटियां पाई जा रही हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों का समयबद्ध संधारण सुनिश्चित करें तथा आवेदनों को लंबित नहीं रखें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसलिए मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

जनगणना 2027 के तहत स्वगणना अभियान को सफल बनाने पर जोर

बैठक में जन गणना 2027 के तहत चल रहे स्वगणना अभियान की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक लोगों को स्वगणना के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि 15 मई तक चलने वाली इस प्रक्रिया को सफल बनाने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जन गणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है तथा इससे प्राप्त आंकड़े भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मी इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

**विभागीय समन्वय एवं नियमित मॉनिटरिंग पर दिया जोर**

बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं की नियमित समीक्षा एवं मॉनिटरिंग से कार्यों में तेजी आएगी तथा आम जनता को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी - अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# पानी बिजली को लेकर बोकारो भाजपा ने समाहरणालय के समक्ष किया प्रदर्शन

## आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी सरकार को जनता की समस्या से क्या मतलब : चंपई सोरेन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पानी और बिजली की समस्या को लेकर भाजपा ने पूरे प्रदेश में इसे जन आंदोलन का रूप देकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने का काम शुरू किया है। इसी कड़ी में आज भाजपा बोकारो जिला कमेटी के द्वारा बोकारो डीसी ऑफिस में भी प्रदर्शन किया गया। साथ ही उपायुक्त के माध्यम से सरकार को मांग पत्र सौंपा गया। प्रदर्शन में शामिल होने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता चंपई सोरेन बोकारो पहुंचे। जहां उन्होंने आक्रोश प्रदर्शन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार को भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे होने का आरोप लगाया और कहा कि जो सरकार बिजली और पानी जनता को नहीं दे सकती है उसे सरकार से जनता का कुछ भी भला नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि किस राज्य में कानून व्यवस्था का क्या हाल है यह प्रतिदिन देखने को मिल रहा है प्रतिदिन महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है जबकि भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से 15 साल के बंगाल के शासन को जनता ने भाजपा की अगुवाई में उखाड़ फेंका है इस तरह इस राज्य में भी सरकार को उखाड़ कर फेंकने का काम जनता भाजपा की मदद से करेगी।




## संक्षिप्त समाचार

### पानी की समस्या को लेकर कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद नगर निगम क्षेत्र के घनी आबादी वाले वार्ड 32 के निवासी पिछले पांच वर्षों से पानी की समस्या से त्रस्त है। इसी संदर्भ में वार्ड 32 के रहने वाले लोगों की माने तो पेयजल विभाग की लापरवाही की वजह से लोगों को जुझना पड रहा है। समाजसेवी शशी भूषण कुमार ने सोमवार को दर्जनों महिलाओं और पुरुषों के साथ पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1 पहुंच कर जनता को हो रही समस्याओं से अवगत करवाया। साथ ही ज्ञापन सौंप कर समस्या से जल्द से जल्द निजाद दिलाने की मांग की। वहीं मिडिया को जानकारी देते हुए बतलाया की लम्बे समय से बैंक आफ इंडिया के पास बल्व की मरम्मती नहीं हो पाई है जिसके वजह से एक क्षेत्र में ज्यादा प्रेशर से पानी की सप्लाई होती है ऐसे में वहां रहने वाले लोग अक्सर आपस में ही उलझ जाते है और मारपीट की समस्या उत्पन्न हो जाती है ।साथ बीस हजार की आबादी में महज एक पानी टंकी से बढ़ा कर और एक टंकी निर्माण की मांग की है । स्वच्छता एवं स्वच्छता प्रमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौपने में समाजसेवी शशि भूषण कुमार , रतीलाल महतो, धीरज पासवान, संजय पांडे, अमरनाथ यादव,मंटू शर्मा, दीपक पांडे, जीरा देवी, कंचना देवी, धनमुखी देवी, मुख्य रूप से उपस्थित थे।



### ओसम दूध के विक्रेताओं को किया गया पुरस्कृत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने एवं स्थानीय विक्रेताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डोडला ओसम डेयरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में बोकारो क्षेत्र के डेयरी उत्पाद विक्रेताओं के लिए एक विशेष प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत यह घोषणा की गई थी कि जो डेयरी उत्पाद विक्रेता ओसम डेयरी के उत्पादों की सर्वाधिक बिक्री करेगा, उसे कंपनी की ओर से आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसी योजना के तहत आज बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-9 स्थित एक होटल में एक सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट बिक्री प्रदर्शन करने वाले विभिन्न डेयरी उत्पाद विक्रेताओं को कंपनी की ओर से उपयोगी एवं आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। प्रदर्शन के अनुसार विक्रेताओं को वाशिंग मशीन, रुम हीटर आदि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधि जोनल सेल्स मैनेजर गौरव सिंह देव एवं वरीय मैनेजर रोहित कुमार सिंह ने अपने हाथों से सभी विजेता रिटेलरों को पुरस्कार प्रदान किया।

### बोकारो पुलिस ने बस अड्डा से 47 किलो गांजा किया जप्त, बिहार भेजने की थी तैयारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में बीएस सिटी थाना क्षेत्र के नया मोड़ बस स्टैंड में पुलिस ने छापेमारी कर 47 पैकेट में रखा करीब 47 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। मामले को लेकर सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर बस के जरिए गांजा बिहार भेजने की तैयारी में हैं। सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। डीएसपी ने बताया कि नया मोड़ बस स्टैंड स्थित पवन सूत बस पड़ाव के पास संदिग्ध हालत में रखे दो प्लास्टिक बोरे की जांच की गई, जिसमें 47 पैकेट में बंधा गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने एन डी पी एस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और तस्करी में शामिल आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।




# अवैध बालू खनन एवं परिवहन पर जीरो टॉलरेंस के तहत करें कार्रवाई : उपायुक्त

## जिन 07 बालू घाटों में से 02 बालू घाटों की स्वीकृति व क्लियरेंस प्राप्त है उसे जल्द शुरू कराएं




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स (डीएमटीफ) की बैठक हुई। बैठक में जिले में संचालित खनन गतिविधियों, अवैध बालू खनन एवं परिवहन की रोकथाम, वैध बालू घाटों के संचालन, खनिज संपदाओं की सुरक्षा तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को लेकर विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिले में अवैध बालू खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन से राजस्व की क्षति होने के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन भी प्रभावित होता है, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ अभियान चलाकर कार्रवाई करें।

**वन विभाग एवं प्रशासनिक समन्वय से हो कार्रवाई**

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वन विभाग द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन नियमित रूप से प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि वन विभाग, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग एवं जिला प्रशासन संयुक्त रूप से अभियान चलाएं ताकि अवैध गतिविधियों पर व्यापक नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित छापेमारी अभियान चलाने एवं कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**स्वीकृति प्राप्त बालू घाटों को जल्द कराएं संचालित**

बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जिले के कुल 07 बालू घाटों में से 02 बालू घाटों को स्वीकृति सहित अन्य आवश्यक क्लियरेंस प्राप्त हो चुकी है। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करते हुए दोनों घाटों का संचालन जल्द प्रारंभ कराया जाए, ताकि आम जनता एवं निर्माण कार्यों के लिए वैध रूप से बालू की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

**बिना नंबर प्लेट संचालित ट्रैक्टरों पर चलाएं विशेष अभियान**

उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बिना नंबर प्लेट अथवा अवैध रूप से संचालित ट्रैक्टरों एवं वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कई मामलों में बिना पंजीकरण वाले वाहनों का उपयोग अवैध खनिज परिवहन में किया जाता है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने नियमित वाहन जांच अभियान चलाने एवं दोषी वाहन मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**46 वाहन जब्त, 12 प्राथमिकी दर्ज, 1.25 लाख जुमार्ना वसूला गया**

बैठक के क्रम में जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार ने टास्क फोर्स द्वारा की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर 2025 से 13 मार्च 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान बालू, पत्थर एवं कोयला से संबंधित कुल 301.825 खनिज जब्त किए गए हैं। इस दौरान अवैध खनिज परिवहन एवं खनन में संलिप्त 46 वाहनों को जब्त किया गया, जबकि 12 प्राथमिकी दर्ज की गई। साथ ही विभिन्न मामलों में कुल 02.45 लाख रुपये की जुमार्ना राशि वसूली गई। बैठक में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, एसडीपीओ सिटी आलोक रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी मारूति मिंज, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# बिजली-पानी संकट पर धनबाद भाजपा का घड़ा फोड़ प्रदर्शन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर धनबाद में बिजली और पानी संकट को लेकर भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने समाहरणालय का घेराव करते हुए घड़ा फोड़ प्रदर्शन किया। चिलचिलाती धूप के बीच महिलाओं ने सिर पर घड़ा लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में सांसद ढुल्लू महतो, पूर्व सांसद पीएन सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, पूर्व विधायक अपर्णा सेन गुप्ता और भाजपा नेत्री तारा देवी समेत ग्रामीण और महानगर भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में बिजली और पानी का संकट विकराल रूप ले चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी 'नल से जल' योजना राज्य में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह आंदोलन नींद में सोई सरकार को जगाने के लिए है और सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं देने में भी विफल साबित हो रही है। वहीं गैंगस्टर प्रिंस खान के वायरल वीडियो मामले पर बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार और धनबाद पुलिस पर सवाल उठाते हुए मामले की जांच एनआईए से कराने की मांग की। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि राज्य सरकार बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं देने में नाकाम है। मुफ्त बिजली का वादा करने वाली सरकार स्मार्ट मीटर लगाकर लोगों पर भारी बिजली बिल का बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में नल से जल गायब है और बल्ब से बत्ती गुल है। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि भीषण गर्मी में महिलाएं घरों में रहने के बजाय घड़ा लेकर सड़क पर उतरने को मजबूर हैं, जो सरकार की विफलता को दिखाता है।

### डालसा ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से फैलायी कानूनी जागरूकता

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 90 दिवसीय आउटरीच एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण लोगों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा कानूनी सहायता संबंधी जानकारी प्रदान करना था। आर्टिस्ट एसोसिएशन के कलाकार व पैरा लीगल वोलेंटियर एजाज अहमद, संतोष सिंह, आनंद चक्रवर्ती, शिवरानी सिन्हा द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को साइबर अपराध, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, नशा मुक्ति, महिला अधिकार एवं निःशुल्क विधिक सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। कलाकारों ने सामाजिक समस्याओं को सरल एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को जागरूक होने का संदेश दिया। इस अवसर पर डालसा के अधिकारियों, पारा लीगल वालंटियर्स एवं स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

# हेमंत सरकार के दबाव में काम कर रहा है पुलिस प्रशासन : ढुलू महतो

## मंत्री के इशारे पर जिम मारपीट मामले में अपराधी की अभी तक नहीं हुई गिरफ्तारी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिम में मारपीट का मामला अब तुल पकड़ने लगा है। इस मामले को लेकर आज सांसद ढुलू महतो ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर हेमंत सरकार पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हेमंत सरकार बंगाल की ममता सरकार की तुष्टिकरण की नीति पर चल रही है। इसका जीता जगता उदाहरण है जिम मारपीट कांड जिसमें मंत्री इरफान अंसारी के दबाव में पुलिस ने निर्दोष हर्ष पाण्डेय को जेल भेज दिया है और दोषी आरिफ खुला घूम रहा है। सांसद ने कहा, आरिफ आपराधिक प्रवृति का है उस पर कई थानों में गंभीर मुकदमा दर्ज है। मंत्री इस मामले को सांप्रदायिक रंग देना चाहते हैं। जो होने नहीं दिया जाएगा।\ सांसद ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि वो सरकार के दबाव ने गलत काम करने से बचे। उन्होंने कहा कि 7 दिन के अंदर अपराधी आरिफ को गिरफ्तार करे नहीं तो बड़ा आंदोलन होगा। उन्होंने हेमंत सरकार को भी आईना दिखाया कि हेमंत ममता सरकार का हाल से सिख लें। तुष्टिकरण की राजनीति बंद करें अन्यथा आगामी चुनाव में जनता उनका हाल भी ममता दीदी जैसा करेगी।

# जेल में बंद बंदियों के लिए भी उपलब्ध हैं विशेष वकील

## अधिकार मित्रों ने ग्रामीणों को बताया कैसे पाएँ मुफ्त कानूनी मदद



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के सचिव मयंक तुषार टोपनो के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे 90 दिवसीय जागरूकता एवं जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत भूली बी ब्लॉक स्थित योग भवन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत योग केंद्र के योग शिक्षक अशोक गुप्ता ने डालसा के अधिकार मित्रों का अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। अधिकार मित्रों चन्दन कुमार, गीता सिंह पूनम कुमारी ने विधिक सेवा की धारा 12 का उल्लेख करते हुए बताया कि किन श्रेणियों के लोग निःशुल्क कानूनी सहायता के पात्र हैं। इसके साथ ही संवाद,वीर जवान सहायता, भोर, और जागृति जैसी योजनाओं के माध्यम से बच्चों, आदिवासियों, वरिष्ठ नागरिकों और एसिड अटैक पीड़ितों के लिए उपलब्ध विशेष कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके तहत जेल में बंद बंदियों या मुकदमों का सामना कर रहे पात्र व्यक्तियों को पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाते हैं। विवादों के प्री-लिटिगेशन (वाद होने से पूर्व) निपटारे के लिए मध्यस्थता और लोक अदालत के महत्व को भी समझाया गया। किसी भी सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 15100 पर 24 घंटे संपर्क किया जा सकता है। शिविर के दौरान एक व्यक्ति द्वारा वाद प्रक्रिया के बारे में पूछे जाने पर उन्हें बताया गया कि आय प्रमाण पत्र के साथ आवेदन कर वे डालसा कार्यालय से निःशुल्क वकील प्राप्त कर सकते हैं। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का आग्रह किया।

# चैंबर के प्रतिनिधि मंडल ने चास की ज्वलंत समस्याओं से मेयर को कराया अवगत



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल चास नगर निगम के सभागार में महापौर भोलू पासवान से मुलाकात कर चास शहर की विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि चास एक पुराना शहर है तथा यहां नगर निगम का गठन काफी समय बाद हुआ है। ऐसे में भवन निर्माण में यदि कहीं कुछ विचलन हो तो उसका सहानुभूतिपूर्वक समाधान किया जाना चाहिए। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कहा कि चास एक प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां बड़ी संख्या में बाहर से वाहन आते हैं। समुचित पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण आए दिन सड़क जाम एवं दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अतः प्राथमिकता के आधार पर ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण कराया जाना चाहिए, ताकि चास शहर को सुव्यवस्थित बनाया जा सके। उन्होंने मांग की कि जलापूर्ति फेज-दो को शीघ्र प्रारंभ किया जाए तथा फेज-तीन के लिए पाइपलाइन विस्तार कार्य युद्ध स्तर पर कराया जाए। फुटपाथ दुकानदारों को सुव्यवस्थित ढंग से बसाया जाए। गरगा ब्रिज से धर्मशाला मोड़ तक डिवाइडर पर लगी ग्रीलों की मरम्मत कराई जाए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं के घूमने एवं बैठे रहने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इसके समाधान के लिए कांजी हाउस का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। साथ ही नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। चास शहर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। आगामी बरसात को देखते हुए नियमित फॉगिंग कराई जाए, जिससे शहरवासियों को राहत मिल सके। निगम से संबंधित भ्रष्टाचार की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधित्व वाली एक सलाहकार समिति गठित करने की भी मांग की गई। इसके अतिरिक्त चास के विभिन्न क्षेत्रों में पार्किंग स्थल चिन्हित करने तथा एक व्हाट्सएप नंबर जारी करने की मांग की गई, ताकि लोग फोटो सहित अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। महापौर भोलू पासवान ने प्रतिनिधिमंडल की सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com